# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी











कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अपील पर सोमवार को दिल्ली में आयोजित 'संसद मार्च' के दौरान जमकर बवाल हुआ। प्रदर्शनकारी हंगामा करते हुए संसद भवन के बेहद करीब तक पहुंच गए तो शाम होते-होते कई जगहों से हिंसा की तस्वीरें भी सामने आईं। दिल्ली का दिल कहे जाने वाले कनॉट प्लेस में भीड़ हिंसक हो गई और जमकर तोड़फोड़ करती नजर आई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसाईं, वहीं आंसू गैसे के गोले भी छोड़े।

## संसद मार्च के दौरान हिंसक प्रदर्शन, कई जगहों पर पथराव-तोड़फोड़, धरना समाप्त करने नड्डा ने की अपील

# दिल्ली में हिंसक हुए 'कॉकरोच', पुलिस ने बरसाई लाठियां, छोड़े आंसू गैस के गोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अभिजीत दीपके समेत सीजेपी के अधिकतर नेता जहां जंतर-मंतर पर ही मौजूद रहे तो उनके समर्थक संसद की ओर बढ़ने लगे। कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च में सोमवार को शामिल होने के लिए जंतर-मंतर जाने की कोशिश में कई प्रदर्शनकारियों ने शास्त्री भवन के पास सुरक्षा अवरोधकों को तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। यह कार्रवाई उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में तनाव बढ़ने के बीच हुई। एहतियात के तौर पर जनपथ, पटेल चौक, राजीव चौक, केंद्रीय सचिवालय और सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशनों में प्रवेश पर रोक लगाए जाने और निकास गेट बंद किए जाने के कारण कई यात्री मेट्रो स्टेशनों के अंदर ही फंसे रहे। सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक को रोकने के लिए मध्य दिल्ली में भारी संख्या में पुलिस और अर्द्धसैनिक बल तैनात हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नयी दिल्ली जिले में सुरक्षा व्यवस्था दोगुनी कर दी गई है।



**प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में 50 से अधिक पुलिसकर्मी घायल**

**संसद भवन के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षा बलों की रही फायरिंग पोजीशन**

### शाह से मिले प्रधान

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बीच करीब साढ़े तीन घंटे तक अहम बैठक हुई। यह बैठक संसद भवन परिसर में अमित शाह के कार्यालय में हुई।

### संसद के गेट बंद किए गए

संसद भवन के कुछ गेट थोड़ी देर के लिए बंद कर दिए गए, क्योंकि प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने परिसर की ओर मार्च करने का प्रयास किया। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में शामिल लोगों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किए जाने और आंसू गैस का इस्तेमाल किए जाने के बीच अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

### टकराव में कई पुलिसकर्मी जख्मी

फिरोज शाह रोड पर भी प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को निशाना बनाते हुए पथराव किया। हालांकि, पुलिस ने जल्द ही भीड़ को नियंत्रित कर लिया। यहां भी पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। जगह-जगह प्रदर्शनकारियों संग हुए टकराव में दिल्ली पुलिस के कई जवान जख्मी हुए हैं।



### प्रतिनिधिमंडल ने नड्डा से मुलाकात की

कॉकरोच जनता पार्टी के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा से मुलाकात की। कॉजपा ने दावा किया कि नड्डा ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे पर सरकार के भीतर चर्चा करेंगे।

**कॉजपा की तीन मांगें**

- सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को अस्पताल से तत्काल रिहा किया जाए
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाया जाए
- नीट-यूजी 2026 पेपर लीक के बाद कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले अभ्यर्थियों के परिवारों को एक-एक करोड़ का मुआवजा मिले

### पुलिस ने समर्थकों को जंतर-मंतर से हटाया

'संसद मार्च' को आंसू गैस के गोले छोड़कर और लाठीचार्ज कर रोकने के कुछ घंटे बाद सोमवार को पुलिस ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के जंतर-मंतर स्थित धरना स्थल को हटा दिया। हालांकि, संसद मार्च के बाद प्रदर्शनकारी दोबारा जंतर-मंतर पहुंच गए। आंदोलन के एक नेता ने कहा कि वे धरना जारी रखेंगे।

**अगस्त तक होंगे आरटीई में एडमिशन**

## हाईकोर्ट ने पूछा- गरीब बच्चे पढ़ाई कब करेंगे, कैसे पूरा होगा कोर्स

हरिभूमि न्यूज : बिलासपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर चल रही जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में विस्तृत हलफनामा पेश किया है। सरकार ने बताया कि दूसरे चरण की लाटरी पूरी हो चुकी है, जिसमें ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सीटें रह गईं 30 हजार

याचिकाकर्ता के वकीलों ने सवाल उठाया कि पहले प्रदेश भर में आरटीई की 85 हजार से अधिक सीटें थीं। बाद में इसे घटाकर 55 हजार और अब 30 हजार कर दिया गया है। सीटें कम होने से गरीब बच्चे बड़े स्कूलों में प्रवेश और पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं।

**फंदे से लटका मिला शव**

## पुलिस हेडक्वार्टर में मृत मिले त्रिपुरा के डीजीपी

एजेंसी ▶▶| अगरतला



त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक अनुराग धनखड़ का शव सोमवार को पुलिस मुख्यालय स्थित उनके आधिकारिक कक्ष के शौचालय में फंदे से लटका हुआ मिला। मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद वह मुख्य सचिव और गृह सचिव समेत अन्य वरिष्ठ ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अनुराग धनखड़

अनुराग धनखड़ 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी थे और उन्होंने 2025 में त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक का पद संभाला था। बता दें कि अनुराग धनखड़ ने सीबीआई में नीरव मोदी मामले की जांच का नेतृत्व किया था। उन्होंने 1984 में सिख समुदाय के नरसंहार की जांच के लिए बनी एसआईटी का भी नेतृत्व किया था।

**खबर संक्षेप**

### छह माह में जारी किए 1331 पायलट लाइसेंस



**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने इस साल 30 जून तक 1,331 कमर्शियल पायलट लाइसेंस जारी किए। इनमें से 41 प्रतिशत ने विदेश में प्रशिक्षण लिया था। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सोमवार को राज्यसभा को एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। इस साल 30 जून तक, भारतीय फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइज़ेशन के 791 और विदेशी एफटीओ के 540 पायलट को कमर्शियल लाइसेंस जारी किए गए।

### नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** यूपी के हमीरपुर जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही 20 वर्षीय छात्रा ने कथित तौर पर जहर खाकर खुदकुशी कर ली। परिवार का दावा है कि नीट परीक्षा में अपेक्षित अंक न मिलने के कारण वह तनाव में थी। राठ कस्बे के दीवानपुरा इलाके की रहने वाली श्रुति साहू ने कथित तौर पर शनिवार देर रात कीटनाशक खा लिया। श्रुति को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### पांच साल में विदेश से 615 प्राचीन वस्तुएं वापस



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को संसद को बताया कि 2021 से इस साल 30 जून तक विभिन्न देशों से कुल 615 पुरावस्तुएं भारत वापस लाई गईं। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उनसे पिछले पांच वर्षों के दौरान चोरी हुई पुरावस्तुओं और सांस्कृतिक वस्तुओं की वर्षवार संख्या, पता लगाई गई वस्तुओं का विवरण तथा उन्हें वापस लाने उठाए गए कदमों के बारे में विवरण मांगा था।

**रेस्क्यू करने गए कुछ वर्कर्स बेहोश, गैस लीक की आशंका**

## सिक्किम की निर्माणाधीन टनल पर लैंडस्लाइड, 27 मजदूर फंसे



एजेंसी ▶▶| गंगटोक

सिक्किम के नामची जिले में सोमवार दोपहर को भूस्खलन के कारण एक निर्माणाधीन सड़क सुरंग का प्रवेश द्वार बंद हो गया, जिससे उसके भीतर कम से कम 27 मजदूर फंस गए। कलेक्टर अनूप तमलिंग ने कहा कि समरडुंग सुरंग में फंसे मजदूरों की सही संख्या की अभी भी पुष्टि की जा रही है और यह संख्या मौजूदा अनुमान से कम या ज्यादा हो सकती है। पुलिस ने बताया कि भूस्खलन के कारण समरदुंग सुरंग के अंदर संदिग्ध गैस रिसाव भी हुआ है। इसने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि भूस्खलन के कारण भूमिगत परतों या चट्टानों की संरचना में हलचल होने से यह गैस प्राकृतिक रूप से निकल रही है।

### अमरनाथ, वैष्णो देवी यात्राएं लगातार दूसरे दिन स्थगित

जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण अमरनाथ, माता वैष्णो देवी और शिव खोरी गुफा मंदिरों की यात्राएं सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी स्थगित रहीं। प्रशासन ने खराब मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं को आधार शिविरों और ठहराव स्थलों पर ही रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग की ओर से जारी खराब मौसम के पूर्वानुमान के मद्देनजर पहले ही निर्णय लिया जा चुका है कि श्री अमरनाथ जी यात्रा अगले आदेश तक स्थगित रहेगी। इसके अनुरूप जम्मू, उधमपुर अथवा रामबन से श्रीनगर की ओर श्रद्धालुओं को लेकर जाने वाले किसी भी वाहन को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### इधर, हिमालयी में भारी बारिश, कश्मीर में दो दिन में 23 की मौत

जम्मू कश्मीर में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 23 हो गई। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी भारी बारिश से बड़े पैमाने पर जनजीवन प्रभावित हुआ। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 20 और 21 जुलाई को जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा तथा 20 जुलाई को उत्तराखंड, बिहार तथा असम एवं मेघालय में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से पहुंचा सीयू कुलपति का एक्सटेंशन का आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल फिलहाल सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कुलपति बने रहेंगे। सोमवार को भारत सरकार के केन्द्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय से उनके एक्सटेंशन का आदेश सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पास पहुंच गया है। आदेश में उल्लेख है कि एक वर्ष की अवधि या नए कुलपति व अगले आदेश तक जो भी पहले हो तब तक वे कुलपति बने रहेंगे।

### जुलाई 2021 में आए थे कुलपति चक्रवाल

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 24 जुलाई 2021 को कुलपति बनकर आए थे और उनका यहां पर 5 वर्ष का कार्यकाल 23 जुलाई 2026 को पूरा हो रहा है। कार्यकाल पूरा होने के ठीक तीन दिनों पहले प्रो. चक्रवाल का एक्सटेंशन का आदेश आ गया है। इसलिए वे 23 जुलाई के बाद भी कुलपति पद पर पदस्थ रहेंगे।

### एक्सटेंशन का आदेश पहुँचा

कुलपति के एक्सटेंशन का आदेश आ गया है। आदेश के अनुसार एक वर्ष या नए कुलपति की नियुक्ति होने तक तथा अगले आदेश तक कुलपति का कार्यकाल बढ़ाया गया है।

-प्रो. मनीष श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी, सीयू

**23 करोड़ गाड़ियां बिना परेशानी चल रहीं**

## संसद में सरकार बोली-ई 20 पेट्रोल से इंजन खराब नहीं

हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली

देश में 20 फीसदी एथेनॉल मिला पेट्रोल यानी ई-20 फ्यूल से गाड़ियों के इंजन खराब होने या उनके अचानक बंद होने की कोई पुख्ता रिपोर्ट नहीं है। सरकार ने राज्यसभा में सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि देशभर में चल रहे 23 करोड़ से ज्यादा गाड़ियों के चलाने के अनुभवों और कई वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकला है।

### 20 करोड़ से ज्यादा टू-व्हीलर्स

राज्यसभा में मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि देश में 20 करोड़ से ज्यादा टू-व्हीलर्स और 3 करोड़ से अधिक पेट्रोल कारें वर्तमान में एथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी पर चल रही हैं। इनमें एक बड़ी संख्या उन पुराने वाहनों की भी है, जिन्हें ई-20 सर्टिफिकेशन मिलने से पहले मैन्युफैक्चर किया गया था। 1

**राजमार्गयात्रा मोबाइल एप से पास, महीने भर असीमित यात्रा**

## टोल प्लाजा के 20 किमी के दायरे में रहने वालों की मौज!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय निवासी अब 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से 'लोकल पास' खरीद सकते हैं। इस पास की मदद से वे संबंधित टोल प्लाजा से महीने भर असीमित यात्रा कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सोमवार को यह जानकारी दी।



### 22 भारतीय भाषाओं में शिकायत

बयान में कहा गया कि उपयोगकर्ता 22 भारतीय भाषाओं में अपनी शिकायत, सुझाव या सवाल लिख या बोलकर दर्ज करा सकते हैं। मंच उन्हें संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएगा या उपयुक्त सेवा तक पहुंचने में सहायता करेगा।

### हाईवे सफर होगा और आसान

'राजमार्गयात्रा' एप के जरिए यात्री फास्टटैग ब्लैकलिस्ट स्टेटस भी देख सकेंगे, लंबित ई-नोटिस की जानकारी ले सकेंगे। एनएचएआई का मानना है कि इन नई डिजिटल सुविधाओं से राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर पहले से अधिक आसान, सुरक्षित और सुविधाजनक होगा।

### 'मार्ग मित्र' सहायता केंद्र

राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से एनएचएआई ने 'मार्ग मित्र' सहायता केंद्र भी शुरू किया है। इस मंच को 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल एप में ही एकीकृत किया गया है। एनएचएआई के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए एकल खिड़की मंच के रूप में विकसित 'मार्ग मित्र' यात्रियों को जानकारी प्राप्त करने, सहायता मांगने और शिकायत दर्ज कराने की सुविधा देगा।





ANJANEYA UNIVERSITY
SHAPING TOMORROW'S LEADERS
Admissions Open 26-27
ACCREDITATION & RECOGNITION
THE UNIVERSITY GRANTS COMMISSION (UGC)
ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION
BAR COUNCIL OF INDIA
MINISTRY OF EDUCATION GOVERNMENT OF INDIA
CONFEDERATION OF INDIAN INDUSTRY
STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING
PRADHAN MANTRI KAUSHAL VIKAS YOJANA
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
DEEN DAYAL UPADHYAYA GRAMEEN KAUSHALYA YOJANA
SKILL INDIA
NATIONAL COUNCIL FOR TEACHER EDUCATION
NATIONAL SKILL DEVELOPMENT CORPORATION
OUR DIVERSE PROGRAMS
COMPUTER SCIENCE (BCA, MCA, DCA, PGDCA)
Specialization in
. Digital Marketing & E-commerce
. Code Side Development
. (B.Sc.) Information Technology
. (B.Sc.) Computer Science
. (B.Sc.) Digital Marketing
. Master in Data Science
SCIENCE (B.Sc., M.Sc.)
. Microbiology | Biochemistry
. Physics | Forensic Sc
. Bioinformatics | Biotechnology
. Chemistry | Botany
. Mathematics | Biology
. Zoology
FORENSIC SCIENCE (B.Sc., M.Sc)
PG Diploma -
. General Forensic / Foriensic
. Psychology
. Cyber Forensic
ENGINEERING (B.Tech, M.Tech, Diploma)
(CSE, EEE, ET&T, CIVIL, MECHANICAL)
ALSO Specialization in
. VLSI Design | Infrastructure Management
. Data Science | Cyber Security
. Artificial Intelligence | Machine Learning
. Big Data & Business Analysis | Tool Design
. Mecatronics | Digital Marketing & Ecommerce
. Hydraulic & Water Resource
COMMERCE & MANAGEMENT (BBA, MBA, B.Com., M.Com.)
. BBA in (Fintech /HR / Marketing / Finance)
. MBA in (HR / Marketing / Finance / Operations
. Dual Specialisation/ Logistic & Supply Chain
.Family Business & Entrepreneurship / Real Estate
. Cyber Security / Data Analytics
FASHION & INTERIOR (B.Sc., M.Sc, B.Des., M.Des.)
Diploma
. Photography,
. Interior & Fashion Designing
. Jewellery Design
PHARMACY
. Diploma in Pharmacy (D.Pharm.)
. Bachelor in Pharmacy (B.Pharm.)
ARTS & HUMANITIES (BA, MA, BSW, MSW)
Diploma in Dance and Music
Bachelor of Arts & Master of Arts
. Economics | English Lit.
. Geography |Hindi Lit.
. Political Science | Sociology
.Psychology
FILM MAKING (BA & MA in Film Making)
Diploma
. Film Making | Cinematography
. Film Direcrtion | Screen Writing
. Animation | Visual Effects(VFX)
. Post Production | Film Production
LAW
.LLM
. LLB
. BA LLB
HOTEL MANAGEMENT
Diploma - Hotel Management /Catering Services/ House Keeping Operations/ Front Office Operations/ Cutlery Management/ Pastry and Culinary Arts/ Food and Beverages/ Bakery and Confectionery
BBA - Hotel Management/ Hotel Administration and Accounting
JOURNALISM & MASS COM. (BAJMC, MAJMC, PGDJ)
Diploma
. News Reading | Media Studies
. Journalism | Anchoring & Reporting
EDUCATION (B.Ed., D.EL.D)
MA in Education
BA & MA in Yoga
Industry Exposure & Hands-on Experience
Through collaborations, internships & placement opportunities.
Leadership Development
Training through academicians and industry experts.
Fostering Innovation & Creativity
Encouraging students to think beyond boundaries & explore new ideas
Expert Mentorship & Guidance
Training through academicians and industry experts
Enriching Campus Life
A vibrant campus environment fostering learning, friendships and experiences.
HIGHEST CTC 20 LPA
AVERAGE CTC 7.4 LPA
EXCELLENT PLACEMENTS • BRIGHT FUTURES
TOP RECRUITERS
Paytm PhonePe wipro Tech Mahindra AXIS BANK BARBEQUE NATION
airtel IBC24 BYJU'S ICICI Bank genpact SHRIRAM IndiGo
Babylon IMPERIA ITC INFOTECH JET AIRWAYS HYATT MAYFAIR
THE EAST PARK LE MERIDIEN JINDAL STEEL & POWER TAJ Domino's MARRIOTT sodexo
RECENT PLACEMENTS
Keshav Agrawal MBA
Sauraj Sao MBA
Devesh Nande MBA
Yogendra Verma MBA
SHRIRAM Finance
Vivek Sahu CIVIL
Sanju Kumar Sharma EEE
Ujjwal Verma EEE
Aditya Bhalerao EEE
Shiva Sahu CIVIL
Mahendra Rathod EEE
Subros
Sheetal Paswan MBA
Mahendra Manikpuri MBA
Gayatri Dhiwar M.COM
IDFC FIRST Bank
ADMISSION ENQUIRY 88967 96788 88897 22225
SUNDAY OPEN
MAIN CAMPUS : KNOWLEDGE VILLAGE NARDAHA, NEAR OLD VIDHAN SABHA, RAIPUR
ADMISSION OPEN 2026-27
SCAN & APPLY NOW

रायपुर
मंगलवार 21 जुलाई 2026
आषाढ़, शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष : 25, अंक : 1
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 36.8
न्यून. 21.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




## मनियारी नदी उफान पर, वनांचल के 19 गांवों का सम्पर्क टूटा

कारीडोंगरी पुलिया पर बह रहा 2 फीट पानी

लोरमी। वनांचल में अनवरत बारिस से मनियारी नदी उफान पर है। नदी पर निर्मित राजीव गांधी खुड़िया बांध अपनी क्षमता से अधिक भर चुका है जिससे लगभग साढ़े तीन फीट 3600 क्यूसेक पानी प्रति सेकेंड वेस्टवेयर से नदी में बह रहा है। नदी में बाढ़ के कारण कारीडोंगरी पुलिया के ऊपर करीब 2 फीट पानी बह रहा है जिससे वनांचल के 19 गांवों का सड़क संपर्क पूरी तरह कट गया है। मनियारी जलाशय में 75 फीट से अधिक पानी भर चुका है। जलाशय के ऊपरी हिस्से से पानी का तेज बहाव जलाशय में आ रहा है। जिसके चलते जलाशय लबालब हो गया है। एसडीएम अजीत पुजारी ने ग्राम कारीडोंगरी पुल के पास दोनों तरफ से बेरिकेड्स लगवाकर मार्ग को देर रात 12 से बंद करवाया एवं वनविभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

# बांधों ने बांधी आस, अभी से लबालब, मनियारी 100, खारंग में 87 फीसदी पानी, पिछले साल से ज्यादा हो गया जलभराव

हरिभूमि खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हालांकि इस साल मानसून की सक्रियता देर से आई है, बारिश का पैटर्न भी जिलों में अलग-अलग तरह का रहा है, कहीं भयंकर बारिश कही जरूरत से भी कम, लेकिन इस बीच जुलाई के दूसरे तीसरे हफ्ते में अच्छी बारिश होने तथा बड़े बांधों, जलाशयों के कैचमेंट एरिया में अनुकूल बारिश होने से राज्य के बांधों, जलाशयों में जल भराव की स्थिति संतोषजनक हो गई है। जल संसाधन विभाग के रिजर्वायर डाटा विश्लेषण के मुताबिक पिछले साल की स्थिति में इस साल बांधों में अधिक पानी है। मुंगेली का मनियारी बांध 100 फीसदी लबालब हो गया है। बिलासपुर के खारंग में 87 फीसदी से अधिक जमा है।

छत्तीसगढ़ में मानसून की ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कुछ प्रमुख जलाशय अब भी पीछे

सभी जलाशयों की स्थिति समान नहीं है। तांदुला जलाशय में इस समय केवल 43.93 प्रतिशत क्षमता तक पानी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह लगभग 30 प्रतिशत के आसपास था। सुधार तो हुआ है, लेकिन यह अभी भी पूर्ण क्षमता से काफी दूर है। इसी तरह कुछ अन्य बड़े जलाशयों में भी जलस्तर बढ़ा है, लेकिन सिंचाई सीजन की आवश्यकताओं को देखते हुए उन्हें और वर्षा की जरूरत होगी।

■ मध्यम और लघु जलाशयों में भी सुधार, कुछ प्रमुख बांध अब भी सामान्य से पीछे




### अच्छी बारिश का असर

जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश जलाशयों के कैचमेंट क्षेत्रों में अच्छी वर्षा दर्ज की गई है। कई बांधों के जलग्रहण क्षेत्रों में एक जून से अब तक सैकड़ों मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है, जिससे जलाशयों में लगातार आवक बनी हुई है। कुछ बांधों से नियंत्रित मात्रा में सिंचाई और अन्य जरूरतों के लिए पानी भी छोड़ा जा रहा है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का विशेष सर्वेक्षण



**पुरी।** पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर के प्राधिकारियों ने भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की वार्षिक रथयात्रा के बीच रत्न भंडार का विशेष सर्वेक्षण किया। ओडिशा सरकार द्वारा अनुमोदित मानक संचालन प्रक्रिया के तहत यह प्रक्रिया रविवार को संपन्न कराई गई।

### कार और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**वर्धा।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के एक कार और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना तड़के करीब तीन बजे विरुल गांव के पास हुई। एथनॉल ले जा रहा एक कंटेनर ट्रक एक्सप्रेसवे पर पलट गया, जिससे मुंबई से नागपुर जाने वाले मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। इसके बाद, उसी स्थान पर एक ट्रक ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई।

### कुएं में विषाक्त गैस से चार की गई जान



**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर जिले में एक बछड़े को बचाने के लिए बंद पड़े कुएं में उतरे चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस को संदेह है कि विषाक्त गैस की वजह से उनकी मौत हुई। मरने वालों की पहचान स्थानीय निवासी मोनू, दलबीर एवं नरेंद्र और एक प्रवासी मजदूर रामू के तौर पर हुई है।

### विद्यादान ट्रस्ट को एक करोड़ का दान

**तिरुपति।** विजयवाड़ा के श्रद्धालु तिरुमला कुमार कनकमेदला ने सोमवार को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के श्री वेंकटेश्वर विद्यादान ट्रस्ट को एक करोड़ रुपए का दान दिया। श्री वेंकटेश्वर विद्यादान ट्रस्ट आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। कनकमेदला ने टीटीडी के श्री वेंकटेश्वर विद्यादान ट्रस्ट को एक करोड़ रुपये का दान दिया।

### अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस चौथी बार बने पिता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस चौथी बार माता-पिता बने हैं। खास बात यह है कि 150 से अधिक वर्षों में पहली बार किसी पदस्थ अमेरिकी उपराष्ट्रपति के घर बच्चे का जन्म हुआ है। रविवार को जन्मे एलेक नील वेंस के बड़े भाई-बहनों में नौ वर्षीय इवान, छह वर्षीय विवेक और चार वर्षीय मिराबेल शामिल हैं। जेडी वेंस ने सोशल मीडिया पर पत्नी उषा वेंस के साथ संयुक्त बयान जारी कर बेटे के जन्म की जानकारी साझा की। हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमारे घर एक बेटे का जन्म हुआ है।

### मानसून सत्र की हंगामेदार शुरुआत, विपक्षी दलों ने बैनर-पोस्टर के साथ की नारेबाजी

# पेपरलीक, चढ़ावा चोरी ने किया संसद ठप, न प्रश्नकाल हुआ और न शून्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*नीट पेपर लीक को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के साथ किए जा रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध-प्रदर्शन की गूंज सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन संसद में भी जोरदार अंदाज में सुनाई दी। लोकसभा और में इस मामले और राम मंदिर चंदा चोरी सहित कुछ अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी दलों ने बैनर-पोस्टर के साथ अध्यक्ष के आसन के समीप आकर जमकर हंगामा और नारेबाजी की। जिसकी वजह से सदन में प्रश्नकाल और शून्यकाल दोनों बाधित हुए।*

सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक कुल 6 बार लोकसभा की कार्रवाई स्थगित हुई। जिसके बाद दिनभर के लिए यानी मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्रवाई का आगाज कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी और कुछ अन्य लोगों के निधन को लेकर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ किया। दिवंगत आत्माओं के सम्मान में दो मिनट के मौन के साथ पूरा सदन खड़ा हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लोकसभा में उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि के तुरंत बाद उक्त मुद्दों पर विपक्षी दलों का हंगामा और नारेबाजी एक बार फिर से शुरू हो गई। जिसे देखते हुए कार्रवाई को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### विपक्षी दलों का हंगामा, नहीं चली दोनों सदनों की कार्रवाई



### हंगामे में पेश हुआ यह विधेयक

एक बार के स्थगन के बाद 12 बजे कार्रवाई की शुरुआत शोरशराबे के साथ हुई। विपक्षी सांसदों के रुख में कोई परिवर्तन नहीं आया और वह अध्यक्ष के आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। इस बीच पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाना शुरू किया।

### सभी मुद्दों पर चर्चा को तैयार सरकार

पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने विपक्षी सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि बार-बार समझाने के बाद भी उनका इस तरह से लोकसभा में हंगामा करने का व्यवहार ठीक नहीं है। मानसून सत्र के पहले दिन आज प्रश्नकाल नहीं हुआ और अब विपक्ष की यह कोशिश है कि शून्यकाल भी न हो।

### लोकसभा में बाढ़ के मुद्दे पर करें चर्चा

सैकिया ने कहा, विपक्ष जिस मौके पर सदन में शोरशराबा कर रहा है। ठीक उसी दौरान देश के कई भागों में आई भीषण बाढ़ से हालत बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। पूर्वोत्तर भारत के कई इलाके भी बुरी तरह से इसकी चपेट में है। खासकर नागालैंड, असम में भी बाढ़ ने कहर बरपाया हुआ है।

### पीएम मोदी बोले-तर्क और तथ्यों के आधार पर चर्चा की उम्मीद



संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यदि सदन में चर्चा तर्क और तथ्यों के आधार पर होगी तो न तो हंगामे की जरूरत पड़ेगी और न ही ऊंची आवाज में बोलने की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के भारत पर पड़े प्रभाव और देश के तेजी से विकसित हो रहे अंतरिक्ष क्षेत्र का भी उल्लेख किया।

### संसद में कांग्रेस का तीखा हमला

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश के लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मामला है। वहीं कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने देश की शिक्षा व्यवस्था, बार-बार होने वाले पेपर लीक और नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों पर संसद में विस्तृत चर्चा कराने की मांग की।

### चार पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती

# कस्तूरबा छात्रावास में 13 छात्राओं को फूड पॉइजनिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर बाजार स्थित कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में सोमवार को 13 छात्राएं फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गई। छात्राओं ने पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत की। छात्रावास प्रबंधन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचना देकर उपचार की व्यवस्था कराई। छात्राओं की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही प्रभारी अधीक्षक ने सभी प्रभावित छात्राओं को तत्काल नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकीय जांच के बाद चार छात्रा कक्षा 9 वीं की प्राची कुई, कक्षा 9 वीं कोयल पात्रे करपी कला, कक्षा 8 वीं की अंजू मेरावी कमराखोल, कक्षा 9 वीं की रामेश्वरी महीडबरा निवासी की स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया रेफर कर भर्ती कराया गया।अन्य छात्राओं का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में मामला ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की जांच

### सभी बच्चों की हालात सामान्य

कुल 13 बच्चे प्रभावित हुए थे। जिसमें से चार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया भेजा गया है। 9 बच्चे दुल्लापुर उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती हैं। प्रभावित बच्चों की निगरानी रखी जा रही है। सभी बच्चों की हालात सामान्य है।

-राकेश कुमार प्रेमी, बीएमओ पंडरिया

# एसआईटी का पुनर्गठन हो, अनुभवी अफसर के नेतृत्व में हो निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं से मिले दान में कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने साफ संकेत दिया है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और पेशेवर तरीके से होनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से विशेष जांच टीम के पुनर्गठन पर आवश्यक निर्देश लेने को कहा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए और जांच अपने तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ अयोध्या राम मंदिर में मिले दान के कथित गबन की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी से जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी थी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि आदेश के अनुपालन में स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है।

■ राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला



### राजनीतिकरण न करें

*मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता को मामले का राजनीतिकरण न करने की भी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि यह एक साधारण आर्थिक अपराध का मामला है और जांच एजेंसियों को अपना काम स्वतंत्र रूप से करने दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को निर्धारित की है। उस दिन नई एसआईटी के गठन और जांच की प्रगति पर आगे विचार किया जाएगा।*

### दान का रिकॉर्ड होना जरूरी

*याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने अदालत में कहा कि मंदिर निर्माण के दौरान ट्रस्ट ने देशभर के श्रद्धालुओं से दान लिया था और इसके लिए रसीदें भी जारी की गई थीं। उनका कहना था कि कई लोगों का आरोप है कि दान की राशि मंदिर तक नहीं पहुंची। उन्होंने सुझाव दिया कि ट्रस्ट के पास मौजूद सभी रसीदों और दान के रिकॉर्ड को सार्वजनिक किया जाए ताकि हर दानदाता यह जान सके कि उसकी दी गई राशि सही स्थान तक पहुंची या नहीं।*

### तीन-चार दिन बाद दोबारा सुनवाई

सीजेआई ने कहा कि अदालत तीन-चार दिन बाद मामले पर दोबारा सुनवाई करेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि वरिष्ठ अधिकारियों की नई एसआईटी बनाई जाए, जिसमें पहले से जांच कर रहे अधिकारी भी शामिल हों। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अदालत को भरोसा दिलाया कि सरकार ऐसा करने के लिए तैयार है।

# आने वाला समय एआई का, प्रदेश के नौ हजार स्कूलों में बनेंगे स्मार्ट क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग के जामगांव एम स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है। इसे ध्यान रखते हुए प्रदेश के करीब 9 हजार स्कूलों में स्मार्ट क्लास तैयार किया जाएगा। इसकी शुरुआत ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ सीएम साय राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में हुए शामिल



### स्कूली बच्चों के साथ न्योता भोज

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के साथ न्योता भोज भी किया। उन्होंने शिक्षा विभाग के जेडी, डीईओ एवं बीईओ कार्यालयों के स्थान पर आधुनिक कॉम्पोजिट कार्यालय भवन के निर्माण, दुर्ग शहर में सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम, खेल प्रतिभाओं के लिए फुटबॉल मैदान सह एथलेटिक्स ट्रैक तथा नीट एवं जेईई की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए 100-100 सीटर छात्र एवं छात्रा छात्रावास की स्थापना की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने विद्यालय की खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का अवलोकन भी किया।

### सीएम सुवेंदु अधिकारी ने किया ऐलान

# बंगाल में 1 सितंबर से बंगाली भाषा में होगा सरकारी कामकाज

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार एक सितंबर से अपने सभी आधिकारिक कामकाज बंगाली भाषा में करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सितंबर 2026 से राज्य सरकार के हर स्तर पर बंगाली भाषा का उपयोग अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार और अन्य राज्यों के साथ होने वाले सभी पत्राचार में बंगाली भाषा का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के साथ संपर्क के लिए बंगाली के साथ-साथ हिंदी भाषा का भी उपयोग किया जाएगा। शाह ने पश्चिम बंगाल के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान उन्हें बंगाली भाषा में एक पत्र लिखा था। इस पत्र में अमित शाह ने राज्य प्रशासन के हर स्तर पर बंगाली भाषा के व्यापक उपयोग के लिए कदम उठाने का आग्रह किया था।

■ केंद्र और अन्य राज्यों से बंगाली में होगा संपर्क

### डेंगू के चारों स्ट्रेन पर भारी पड़ेगी 'क्यूडेंगा'

# भारत को मिली अपनी पहली डेंगू वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बारिश का मौसम आते ही हम भारतीयों को सबसे ज्यादा डर मच्छरों और उनसे होने वाले डेंगू का सताता है, लेकिन अब इस खौफ को अलविदा कहने का वक्त आ गया है। भारतीय दवा नियामक ने देश की पहली डेंगू वैक्सीन 'क्यूडेंगा' के इस्तेमाल को आधिकारिक तौर पर हरी झंडी दिखा दी है। यह स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत के लिए एक बहुत बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। आइए, डिटेल में इस वैक्सीन से जुड़ी हर जरूरी बात को समझते हैं।

'क्यूडेंगा' (टीएके-003) असल में जापानी कंपनी 'टाकेडा' की खोज है। हमारे लिए सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि 'मेक इन इंडिया' के तहत इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन देश में ही होगा।




### आखिर यह इतनी खास क्यों

डेंगू के चार अलग-अलग स्ट्रेन होते हैं। यह एक 'टेट्रावेलेंट' वैक्सीन है, जिसका सीधा-सा मतलब है कि यह डेंगू के इन चारों रूपों से डटकर मुकाबला कर सकती है। पहले कुछ वैक्सीन्स के साथ यह शर्त होती थी कि वे केवल उन्हीं को लगाई जा सकती हैं, जिन्हें जिंदगी में कम से कम एक बार डेंगू हो चुका हो, लेकिन क्यूडेंगा के साथ ऐसा बिल्कुल नहीं है। अगर आपको पहले कभी डेंगू नहीं हुआ है, तब भी यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और असरदार है।

### किसे लगेगी और कैसे दी जाएगी

गाइडलाइंस के मुताबिक, 4 साल के छोटे बच्चों से लेकर 60 साल तक के वयस्कों को यह वैक्सीन लगाई जा सकती है। इसके कुल दो डोज लगाए जाते हैं। पहला इंजेक्शन लगने के ठीक 3 महीने बाद इसका दूसरा डोज दिया जाएगा। इसे सबकटेनियस इंजेक्शन के रूप में बांह में लगाया जाता है।

### साइड इफेक्ट्स

दुनिया के 40 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल हो रही इस वैक्सीन को विश्व स्वास्थ्य संगठन से भी मान्यता मिल चुकी है। किसी भी अन्य आम टीके की तरह, इससे घबराने की कोई बात नहीं है। इसके साइड इफेक्ट्स बहुत ही मामूली हैं। इंजेक्शन लगने के बाद आपको हल्का बुखार आ सकता है, सिरदर्द हो सकता है या फिर सुई वाली जगह पर थोड़ा दर्द और सूजन महसूस हो सकती है। गंभीर मामले बेहद दुर्लभ हैं।

### छह संस्करणों के साथ लौटेगा 'बिग बॉस'

**मुंबई।** 'जियो स्टार' ने सोमवार को कहा कि उसके रियलिटी शो 'बिग बॉस' के छह संस्करण इस त्योहारी सीजन में देशभर में शुरू किए जाएंगे। हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला भाषाओं में सितंबर से इसका प्रसारण होगा। कंपनी ने 'इंडियाज बिग रियलिटी' नाम की एक 'कॉफी टेबल बुक' भी पेश की जिसमें पिछले दो दशक के दौरान इस कार्यक्रम के सफर, दर्शकों के जुड़ाव और विपणन पर पड़े असर को दिखाया गया है। नये सीजन का संचालन सलमान खान (हिंदी), विजय सेतुपति (तमिल), नागार्जुन (तेलुगु), किच्चा सुदीप (कन्नड़), मोहनलाल (मलयालम) और भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली करेंगे। गांगुली बांग्ला सीजन के प्रस्तोता के तौर पर इस कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं।

# स्पेन के जश्न में रुकावट बने ट्रंप को हाथ पकड़कर किया किनारे

## मैदान में बैठे खेलप्रेमियों की गुस्से भरी हूटिंग का सामना भी करना पड़ा

एजेंसी ▶▶| न्यू जर्सी

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के महामुकाबले में अर्जेंटीना को 1-0 से धूल चटाकर स्पेन ने इतिहास तो रच दिया, लेकिन इस ऐतिहासिक पल के जश्न का मजा उस वक्त पूरी तरह किरकिरा हो गया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्टेज पर एक अनचाहे मेहमान की तरह अड़ गए। सोशल मीडिया पर ट्रंप की इस हरकत को लेकर उनकी भारी फजीहत हो रही है और फैंस का आरोप है कि कैमरे की लाइमलाइट बटोरने के चक्कर में उन्होंने स्पेनिश टीम का पूरा सेलिब्रेशन ही खराब कर दिया। किसी को उम्मीद नहीं थी कि फीफा मेन्स फुटबॉल वर्ल्ड कप का फाइनल मैच इस तरह एक बड़े ड्रामे के साथ खत्म होगा। न्यू यॉर्क न्यू जर्सी स्टेडियम में वर्ल्ड कप ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लोगों की गुस्से भरी हूटिंग का सामना करना पड़ा। लोगों ने हताशा भरी आवाजों के साथ उनका वेलकम किया।

### दर्शकों ने जमकर की हूटिंग

फीफा वर्ल्ड कप में इस बार स्पेन ने अर्जेंटीना को हराकर जीत का ताज अपने नाम किया। इस दौरान जैसे ही ट्रंप और फीफा प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए मैदान पर उतरे, दर्शकों ने गुस्से में हूटिंग शुरू कर दी। हालांकि, ये हूटिंग ज्यादा देर नहीं चली।



### रोड्री के ट्रॉफी उठाने से पहले मंच पर रहे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप इस ऐतिहासिक फाइनल मैच को देखने के लिए हेलीकॉप्टर से स्टेडियम पहुंचे थे। मैच के बाद वो पोडियम पर स्पेन के खिलाड़ियों के साथ ही खड़े रहे. इसके बाद, जब स्पेन के कप्तान रोड्री सैकड़ों फोटोग्राफरों और कैमरों के सामने वर्ल्ड कप की ट्रॉफी उठाने वाले थे, तब ट्रंप को फीफा चीफ ने मंच से एक किनारे किया।

### हटने का नाम नहीं ले रहे थे ट्रंप

दरअसल, मेक्सिको की राष्ट्रपति और कनाडा के प्रधानमंत्री जैसे वीआईपी मेहमान ट्रॉफी देने के तुरंत बाद मंच से उतर गए, लेकिन ट्रंप मेडल और ट्रॉफी सौंपने के बाद भी जानबूझकर फुटेज और कैमरे के लिए स्टेज पर ही अड़े रहे। मानों उन्हें इस पूरे पल का फुटेज अकेले चाहिए। स्पेन के कप्तान रोड्रि को ट्रॉफी सौंपने के बाद जब टीम जश्न शुरू करने का इंतजार कर रही थी, तब ट्रंप खिलाड़ियों के बीच दाईं ओर बढ़ गए, स्थिति इतनी असहज हो गई कि फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो को खुद आगे आकर उन्हें वहां से हटने का इशारा करना पड़ा। अंत में गियानी इन्फेंटिनो ट्रंप के पास आए और उन्हें वहां से हटाया।

### फोन कॉल से बवाल

आपको बता दें, ट्रंप से नाराजगी की वजह एक और भी थी। दरअसल, ग्रुप स्टेज के एक मैच के दौरान अमेरिका का मुकाबला बोस्निया और हर्जेगोविना से था। इस मैच में अमेरिकी स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन को रेफरी ने रेड कार्ड दिखा दिया था। इस फैसले से नाराज होकर राष्ट्रपति ट्रंप ने सीधे फीफा प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो को फोन लगा दिया था। ट्रंप ने इन्फेंटिनो से बालोगुन को दिए गए रेड कार्ड के फैसले का दोबारा रिव्यू करने को कहा था। किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष के खेल के नियमों और फैसलों में सीधे दखल देने की इस कोशिश की दुनिया भर के फुटबॉल विशेषज्ञों और फैन्स ने तीखी आलोचना की थी। ऐसे में इस विवाद की गूंज फाइनल की अवॉर्ड सेरेमनी में भी साफ दिखाई दी। यही वजह थी कि फाइनल के दिन स्टेडियम में मौजूद फुटबॉल लवर्स उनके खिलाफ हूटिंग कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### बर्नहैम बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन में सोमवार को एंडी बर्नहैम ने नए प्रधानमंत्री के रूप में



कार्यभार संभाल लिया। वह पिछले 10 साल में ब्रिटेन के सातवें प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने देश की राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में बड़े बदलाव का वादा करते हुए कहा है कि उनकी सरकार लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं, जैसे महंगाई और खराब सार्वजनिक सेवाओं पर सबसे ज्यादा ध्यान देगी। पूर्व प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर विदाई भाषण देने के बाद किंग चार्ल्स को अपना इस्तीफा सौंपा।

### उत्तराखंड : रोकी गई चारधाम यात्रा

**देहरादून।** उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान एक बच्चा उफनाई सरयू नदी में बहकर लापता हो गया जबकि एक अन्य व्यक्ति की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो



गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित करीब 150 सड़कें अवरुद्ध हो गईं, जिसके मद्देनजर प्रशासन ने सोमवार को एहतियात के तौर पर चारधाम यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी। अधिकारियों ने बताया कि मौसम विभाग ने सोमवार के लिए देहरादून, टिहरी और हरिद्वार जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' तथा शेष जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने पत्नी की याचिका पर सुनवाई करते हुए मांगा जवाब

# वांगचुक केस में केंद्र और अस्पताल को जारी किया गया नोटिस, तलब की पूरी हेल्थ रिपोर्ट

*एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाकर अस्पताल में भर्ती कराने के मामले में सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो की ओर से दाखिल याचिका में उन्हें दूसरे अस्पताल में ट्रांसफर करने की मांग की गई। वांगचुक की पत्नी की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार व सफदरजंग अस्पताल से जवाब मांगा।*




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निजी अस्पताल में शिफ्ट करने की मांग को ठुकराने के एकल पीठ के निर्णय के खिलाफ यह सुनवाई चल रही है। दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार व सफदरजंग अस्पताल से जवाब मांगने के अलावा, सफदरजंग अस्पताल, एम्स और प्राइवेट लैब में सैंपल की जांच के आधार पर तैयार सभी पैथोलाजिकल रिपोर्ट एक हलफनामे में दाखिल करने का और सफदरजंग अस्पताल के डायरेक्टर द्वारा उनकी पुष्टि करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि मामले में उसकी मदद के लिए एम्स के डायरेक्टर और अन्य सलाहकार व इलाज करने वाले डॉक्टर मंगलवार को होने वाली सुनवाई के दौरान मौजूद रहें।

### सरकार का तर्क

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह इच्छामृत्यु का मामला नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि व्यक्ति को विरोध-प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन अगर कोई कहे कि 'जब तक मेरी मांग पूरी नहीं होती, मैं आत्महत्या कर लूंगा', तो जनहित का सवाल उठ जाता है। एसजी ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की सेहत बिगड़ने या जान जाने का असर कानून-व्यवस्था पर पड़ता है, तो राज्य का हित शामिल हो जाता है। उन्होंने प्राइवेट लैब रिपोर्ट और सफदरजंग अस्पताल के बुलेटिन का भी हवाला दिया।

अगली सुनवाई मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे होगी।

### वांगचुक की पत्नी के आरोप

वरिष्ठ अधिवक्ता अखिल सिब्बल ने सोनम वांगचुक की पत्नी की ओर से कहा कि पुलिस ने हाई कोर्ट के 16 जुलाई के आदेश का हवाला देकर उन्हें जबरन सफदरजंग अस्पताल ले जाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कोई पूर्व सूचना या रिपोर्ट साझा किए बगैर पुलिस सोनम वांगचुक को अस्पताल लेकर गई थी। परिवार या सोनम वांगचुक से कोई बातचीत नहीं की गई। 18 जुलाई की सुबह पुलिस फोर्स के साथ जबरन उन्हें अस्पताल शिफ्ट किया गया था। पिछले 20 दिनों से उनकी देखभाल कर रहे निजी डॉक्टरों को भी उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। रिपोर्ट डिजिटल या फिजिकल रूप में देने से इंकार कर दिया गया।

## वांगचुक के समर्थन में देशभर में प्रदर्शन, मुंबई-पुणे में केस दर्ज

वांगचुक के समर्थन और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में देशभर में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान सहित कई राज्यों के कई शहरों में छात्रों और समर्थकों ने सड़कों पर उतरकर सोमवार को विरोध जताया। दिल्ली के जंतर-मंतर से अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक और लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में मुंबई में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों (मरीन ड्राइव, आजाद मैदान) में 20 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।



### एफटीआईआई छात्रों ने भी किया आंदोलन

पुणे के एफटीआईआई के छात्र भी सोनम वांगचुक के समर्थन में आंदोलन कर रहे हैं। छात्रों ने हाथ में तिरंगा लेकर मेन बिल्डिंग से मेन गेट तक मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की। वे कॉजपा के समर्थन वाली टी-शर्ट पहने हुए थे तथा वांगचुक और उनके अनशन के समर्थन में बैनर लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

**गुजरात के कई शहरों में प्रदर्शन** : वांगचुक, सीजेपी, पेपर लीक के मसले पर गुजरात के कई शहरों में प्रदर्शन किए गए। अहमदाबाद में पुलिस ने कुछ लोगों को लॉ गार्डन में इकट्ठा होने पर हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के दौरान एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'जहां बलात्कार के आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, वहीं हमारे जैसे छात्रों को जेल भेजा जा रहा है।'

अयोध्या राम मंदिर में नई व्यवस्था

# दान राशि की गिनती एसबीआई की देखरेख में तैनात की गई नई टीम

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आने के बाद अब उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर के दान पात्रों में जमा नकद चढ़ावे की गिनती के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने नई टीम तैनात करते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की निगरानी में दो पालियों वाली व्यवस्था शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि एक सप्ताह के परीक्षण के बाद रविवार से यह प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके बाद ट्रस्ट ने औपचारिक रूप से दानराशि की गिनती की जिम्मेदारी एसबीआई को सौंप दी। सूत्रों के मुताबिक, प्रत्येक पाली में 10 से 12 लोगों की टीम तैनात की गई है। पहली पाली सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक काम करती है।



सूत्रों ने बताया कि चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में पूर्व प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव के जेल भेजे जाने के बाद ट्रस्ट ने शोभनाथ मिश्रा को नकदी गिनती का नया प्रभारी नियुक्त किया है। सूत्रों के मुताबिक, निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ट्रस्ट ने चार सुपरवाइजर तैनात किए हैं, जिनमें एक पूर्व सैनिक भी शामिल है। ट्रस्ट के सुरक्षा प्रभारी और सेना के पूर्व अधिकारी कैप्टन केके तिवारी को गिनती प्रक्रिया की दैनिक जानकारी देने के लिए वरिष्ठ प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### श्री कृष्ण जन्मस्थान पर गिनती में होंगे दुकानदार शामिल

मथुरा। मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने सोमवार को बताया कि अब श्री कृष्ण जन्मस्थान पर दान-पात्रों को खोलने और उनमें जमा दान की गिनती के समय दुकानदारों को भी पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा, 'हम गिनती की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए स्वतंत्र पर्यवेक्षक को शामिल करना चाहते हैं। इस नयी व्यवस्था के तहत, महीने में एक बार गिनती की प्रक्रिया के दौरान एक या दो दुकानदार मौजूद रहेंगे। शर्मा ने कहा, 'संस्थान छह महीने तक सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखेगा। हम अपने आधारभूत ढांचा को और बेहतर बना रहे हैं और अब ज्यादा आधुनिक फीचर वाले कैमरे लगा रहे हैं।'

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

एमवी गोल्डन लियो जहाज से जुड़ा है यह मामला

# यूक्रेन के बंदरगाह पर व्यापारिक जहाज पर हमला, 4 भारतीयों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेन के ओडेसा बन्दरगाह से निकलते वक्त एमवी गोल्डन लियो नामक एक व्यापारिक जहाज पर हुए हमले में चार भारतीयों की दुखद मृत्यु हो गई है। जबकि एक अन्य घायल को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाज में चालक दल के कुल 17 सदस्य थे। जिनमें 5 भारतीय शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि यह मामला बीते रविवार का है। यूक्रेन में भारतीय मिशन पूरी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिसमें प्रभावित लोगों तक हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत सरकार मृतकों के परिजनों के प्रति गहन संवेदनाएं प्रकट करती हैं।

### हमले की निंदा

भारत इस तरह के हमलों की कड़ी निंदा करता है। इसके अलावा पुनः दोहराता है कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना, निर्दोष लोगों के जीवन को खतरे में डालना और नौवहन- व्यापार की स्वतंत्रता में बाधा डालना बेहद निंदनीय है। ऐसे कृत्यों से बचना चाहिए। यहां बता दें कि यूक्रेन से पहले पश्चिम एशिया से जुड़े समुद्री इलाके में भी कई बार भारतीय सवार जहाजों की निशाना बनाया जा चुका है, जिसकी भारत ने सख्त लहजे में निंदा की है।

आईआईटी मद्रास ने की घोषणा

# अगले साल फरवरी महीने में होगी गेट-2027 परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-एम) मद्रास ने सोमवार को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2027 के लिए परीक्षा की तारीखों, संशोधित पाठ्यक्रम और नए प्रश्नपत्र की घोषणा कर दी है। अगले साल फरवरी महीने के छह दिनों में यह परीक्षा होगी। जिसमें 6, 7, 13, 14, 20 और 21 फरवरी की तारीख तय की गई है। जबकि इसके लिए रजिस्ट्रेशन की शुरुआत अगले महीने 14 अगस्त से हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तारीख 21 अगस्त होगी। परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के ~~लिए अभ्यर्थी गेट के लिए बनाई गई~~ वेबसाइट (HYPERLINK http://gate2027.iitm.ac.in <\\>\\>\\>/ngate2027.iitm.ac.in) पर जा सकते हैं।

### 1983 से देश में हुई परीक्षा की शुरुआत

गेट एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। जिसके माध्यम से इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, वास्तुकला, वाणिज्य, कला और मानविकी जैसे कई स्नातक विषयों में अभ्यर्थियों की विस्तृत और व्यापक समझ का मूल्यांकन किया जाता है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# पांच महीने बाद चुपके से अरिजीत ने किया कमबैक

**मुंबई।** बॉलीवुड की कुछ चुनिंदा आवाजे ऐसी हैं जिन्हें सुनने के लिए फैन्स हमेशा बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन, जैसे ही उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कहा, फ़ैन्स की उम्मीदें डूबने लगीं। अब एक प्लेबैक सिंगर ने चुपके से अपना रिटायरमेंट प्लान कैंसिल कर दिया है और करीब 5 महीने बाद बॉलीवुड में वापसी की है। सिंगर अरिजीत का यह कमबैक फैंन्स को सरप्राइज करने के साथ-साथ खुश भी करने वाला है। अरिजीत सिंह ने 27 जनवरी को अपने रिटायरमेंट की घोषणा की थी। खबरों के मुताबिक, यह मशहूर सिंगर इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म 'आवारापन 2' के लिए प्लेबैक सिंगिंग में लौट आए हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## पहली बार पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जयपुर में आयोजित मिस टीन दिवा 2026 के फिनाले में मेघालय की ऐश्वर्या मलंग को 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज पहनाया गया है। यह पहली बार है कि पूर्वोत्तर की सुंदरी को खिताब दिया गया है। 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' का ताज मेघालय की ऐश्वर्या मलंग के सिर सजा है।

ऐश्वर्या मलंग यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली नॉर्थ ईस्ट से पहली प्रतिभागी हैं। बता दें कि मिस टीन दिवा 2026 का ग्रैंड फिनाले जयपुर में आयोजित हुआ था। इस जीत के साथ ऐश्वर्या 'मिस टीन अर्थ' के इंटरनेशनल स्टेज पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। ऐश्वर्या के अलावा स्निग्धा भुयान मिस टीन ग्रैंड इंडिया 2026 और प्रासुसी मिस टीन यूनिवर्स इंडिया 2026 बनी हैं। मिस टीन अर्थ इंडिया 2026 विनर ऐश्वर्या मलंग का कहना है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी'। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। मैं लोगों से बस यही कहूंगी, अगर आप कुछ करना चाहते हैं तो इसके लिए आगे बढें। कोई आपको नहीं रोक सकता। जो अच्छा लगे, वह करो'। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026' की विजेता ऐश्वर्या मलंग ने कहा है, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि मैं हमेशा से नेशनल लेवल पर मेघालय को रिप्रेजेंट करना चाहती थी और अब जब मैं जीत गई हूं, तो मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा, क्योंकि मुझे दो बार नीट की परीक्षा देनी थी।




हॉलीवुड मसाला



# टॉम की डिगर का नया वीडियो जारी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की अपकमिंग फिल्म 'डिगर' के मेकर्स ने एक नया प्रमोशनल वीडियो जारी किया है। इसमें एक्टर अपने किरदार डिगर रॉकवेल के रूप में नजर आ रहे हैं। यह वीडियो न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के क्लोजिंग सेरेमनी में क्रूज के शामिल होने से पहले आया है। शेयर किए गए इस वीडियो में क्रूज डिगर रॉकवेल के रूप में दिखते हैं और फुटबॉल के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे पेले, डिएगो माराडोना, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी का जिक्र करते हुए एक पैगाम देते हैं।



# स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे 30 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** दुनिया भर के स्पाइडर-मैन फैंस के लिए खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड की अगली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। डायरेक्टर डेस्टिन डेनियल क्रेटन की ये फिल्म पीटर पार्कर की जिंदगी में एक ब्रांड न्यू चैप्टर ला रही है। दुनिया पीटर को भूल चुकी है, लेकिन वह अकेले न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पाइडर-मैन बनकर अपराध से लड़ रहा है। नया दुश्मन भी सामने आ चुका है। स्पाइडर-मैन मारवल का वो सुपरहीरो है जिसकी दीवानगी दुनिया भर में है। फिल्म में टॉम हॉलैंड पीटर पार्कर/स्पाइडर-मैन की भूमिका में वापसी कर रहे हैं। जेंडाया एमजे के रूप में नजर आएंगी। जैकब बटालोन नेड लीड्स बनेंगे. सैडी सिंक (स्ट्रेंजर थिंग्स) की भूमिका को लेकर काफी चर्चा है।



# मां अनुराधा की विरासत संभाल रहीं कविता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की सुरम्य आवाजों और मशहूर भजन गायिका अनुराधा पौडवाल की विरासत को आगे बढ़ा रहीं उनकी बेटी कविता पौडवाल इन दिनों अपनी एक नई पहल से काफी चर्चा में हैं। अपनी मां के दिखाए रास्ते पर चलते हुए कविता भक्ति संगीत की दुनिया में एक बड़ा नाम बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में कविता ने अपने निजी जीवन के दुखद दौर, मां से मिली सीख, और युवाओं के लिए उनके खास प्रोजेक्ट्स पर खुलकर बात की। कविता पौडवाल इन दिनों भारत समेत कई देशों में कीर्तन क्लबिंग के जरिए युवाओं को भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से जोड़ रही हैं। इस कॉन्सर्ट फॉर्मेट को दुनिया भर में शानदार रिस्पांस मिल रहा है। कविता ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ना चाहती है।

# प्रकाश की जनादेश को लेकर उत्साहित



**मुंबई।** तुषार कपूर अपनी आने वाली नई फिल्म 'जनादेश' को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म की खास बात यह है कि तुषार पहली बार मशहूर निर्देशक प्रकाश झा के साथ काम कर रहे हैं। तुषार के करियर की यह पहली पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे होने पर तुषार कपूर ने अपनी नई फिल्म 'जनादेश' के बारे में खुलकर बात की। तुषार ने कहा, 'फिल्म 'जनादेश' देश के राजनीतिक माहौल पर बनी एक गंभीर और गहरा असर छोड़ने वाली कहानी है।' तुषार ने आगे कहा, 'हालांकि, यह फिल्म आज के समाज का आईना है। प्रकाश झा जैसे बेहतरीन डायरेक्टर के साथ काम करना और ऐसा दिलचस्प किरदार निभाना मेरे लिए बिल्कुल नया और अनोखा अनुभव है।' फिल्म 'जनादेश' के निर्देशक प्रकाश झा हैं। जो इससे पहले राजनीति, आरक्षण, सत्याग्रह जैसी बेहतरीन फिल्में और आश्रम जैसी सुपरहिट वेब सीरीज बना चुके हैं।

# छत्रपति शिवाजी महाराज में दिखेगा हॉलीवुड लेवल का एक्शन

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता संदीप सिंह अपनी आने वाली बड़ी ऐतिहासिक फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाते नजर आएंगे. अब इस फिल्म को और खास बनाने के लिए निर्माताओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक्शन टीम को शामिल किया है, जो फिल्म के युद्ध और एक्शन दृश्यों को शानदार बनाने पर काम करेगी. फिल्म के लिए मशहूर स्टंटमैन मार्क हेंसन को बुलाया गया है, जो गेम ऑफ थ्रोन्स, वाइकिंग्स, द विचर और ग्रेविटी जैसे चर्चित अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

***हॉलीवुड स्टंटमैन :*** मार्क हेंसन फिल्म में बड़े स्तर के वॉर सीन्स को तैयार करने की जिम्मेदारी संभालेंगे। मार्क हेंसन के अलावा इस स्टंट टीम में व्लाद रिमबर्ग भी शामिल हैं, जिन्होंने द फेट ऑफ द फ्यूरियस, ब्लडशॉट और लूसिफर जैसे प्रोजेक्ट्स में काम किया है। वहीं, इस टीम को और मजबूत बनाते हुए क्रेग मैकरे भी जुड़े हैं, जिनका अंतरराष्ट्रीय अनुभव 'ट्रॉयः फॉल ऑफ अ सिटी' जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स तक फैला हुआ है।



## 500 करोड़ का बजट

निर्माताओं की ओर से जारी बयान के अनुसार, फिल्म का मकसद मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व क्षमता और सैन्य कौशल को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करना है। फिल्म को इस तरह बनाने की तैयारी है कि यह भारत के साथ-साथ दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंच सके.'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को करीब 500 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनाया जा रहा है।

# सलमान से लेकर गांगुली तक ये सितारे होंगे बिग बॉस के होस्ट



**नई दिल्ली।** कई वर्षों से शो 'बिग बॉस' हिंदी दर्शकों का पसंदीदा रहा है। इसे अक्सर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने होस्ट करते रहे हैं। अब इसके नए सीजन की घोषणा हुई है। सलमान खान 'बिग बॉस 20' के होस्ट के तौर पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। यह रियलिटी शो भारत भर में अपने छठे सीजन के लिए तैयार हो रहा है। सलमान के साथ होस्ट की लिस्ट में विजय सेतुपति (तमिल), नागार्जुन (तेलुगु), किच्चा सुदीपा (कन्नड़) और मोहनलाल (मलयालम) शामिल हैं। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली बांग्ला सीजन के होस्ट के तौर पर डेब्यू करेंगे। पहली बार 'बिग बॉस' के हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला सीजन एक साथ सितंबर में शुरू होंगे। इस खास मौके पर जियो स्टार ने 'इंडियाज बिग रियलिटी' नाम की एक कॉफी-टेबल बुक लॉन्च की है। यह किताब पिछले दो दशकों में इस रियलिटी शो के सफर और इसके कल्चरल असर को दिखाती है। 2025 में यह शो 500 मिलियन से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचा। इसने 438 बिलियन से ज्यादा व्यूइंग मिनट्स हासिल किए। अपने छह भाषाओं के सीजन में दर्शकों की भागीदारी में साल-दर-साल 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की।

# पायलें चुनमुन... गाने वाली इस सिंगर के नाम हैं छह नेशनल अवॉर्ड, बेटी की मौत ने दिया था सदमा

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के म्यूजिक को आगे ले जाने में महिला सिंगर्स की अहम भूमिका रही है। जब भी टॉप सिंगर्स का जिक्र होता है तो लता मंगेशकर, आशा भोसले, गीता दत्त, सुमन कल्यानपुरी, अल्का याग्निक, अनुराधा पौडवाल का नाम सबसे ऊपर आता है। लेकिन एक ऐसी भी सिंगर हुई हैं जिन्होंने हिंदी फिल्मों के लिए गाना गाने से पहले ही अपने नाम 3 नेशनल अवॉर्ड किए हुए थे। बाद में इन नेशनल अवॉर्ड की संख्या 3 से बढ़कर 6 हो गई। इस महिला सिंगर का नाम है केएस चित्रा।*



## डेब्यू से पहले नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी थीं

केएस चित्रा सालों से गायिकी कर रही हैं। हिंदी फिल्मों में अपने सिंगिंग डेब्यू से पहले साउथ फिल्मों में गाना गाने के लिए उन्होंने 3 नेशनल अवॉर्ड अपने नाम कर लिए थे। 1985 में उन्हें हिंदी फिल्मों में मौका मिला, लेकिन बड़ी पहचान नहीं। लेकिन फिर फिल्म लव में गाए उनके एक गाने ने हिंदी ऑडियंस को भी उनका फैन बना दिया।

## *अनिल और तब्बू ने निभाया लीड रोल*

विरासत में अनिल कपूर और तब्बू ने लीड रोल निभाया था। गाना 'पायलें चुनमुन चुनमुन' तब्बू पर फिल्माया गया जो जबरदस्त हिट हुआ। फिल्म में गाना बिना किसी म्यूजिक के शुरू होता है और ऐसा लगता है जैसे सिंगर चित्रा की आवाज गानों में घुल गई है। चित्रा की ही आवाज में फिल्म क्रिमिनल का गाना 'तुम मिले दिल खिले'भी खूब हिट हुआ था। अब तक चित्रा अपनी आवाज और गानों के लिए 5 अवॉर्ड जीत चुकी थीं। छठा नेशनल अवॉर्ड उन्होंने तमिल फिल्म के लिए जीता।

## इन गानों ने हिंदी फिल्मों में दिलाई पहचान

1991 में सलमान खान और रेवती की फिल्म लव आई थी। इस फिल्म में एक गाना था 'साथिया तूने क्या किया'। ये गाना सलमान के लिए एसपी बालासुब्रमण्यम ने गाया था और रेवती की आवाज बनीं थीं चित्रा। इसके बाद फिल्म रोजा में सिंगर ने एआर रहमान के बने संगीत में गाना गया 'ये हसीं वादियां' गाया। इसके बाद फिल्म बॉम्बे का गाना 'कहना ही क्या' और 1997 में आई फिल्म विरासत के गाने 'पायलें चुनमुन चुनमुन' के लिए चित्रा ने अपने जीवन का चौथा और पांचवा नेशनल अवॉर्ड जीता।

**बेटी की हुई मौत :** सिंगर चित्रा की जिंदगी में सब कुछ ठीक चल रहा था। फिर कुछ ऐसा हुआ जब उनकी दुनिया ही बदल गई। चित्रा की इकलौती बेटी की एक हादसे में मौत हो गई। साल 2011 की बात है, जब चित्रा अपने परिवार के साथ दुबई के एक होटल में रुकी हुई थीं। उस समय सिंगर एआर रहमान के कॉन्सर्ट में परफॉर्म करने के लिए दुबई पहुंची थीं। इस दौरान होटल के स्विमिंग पुल में डूबने की वजह से उनकी 8 साल की बेटी नंदना का निधन हो गया था। इस सदमे ने सिंगर को अंदर तक तोड़ दिया था, लेकिन संगीत ने उन्हें हिम्मत दी और वो वापसी कर पाई।


www.pmfby.gov.in

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)

UNI : IRDAN126RP0001V01201617

"किसान भाई-बहनों के लिए आवश्यक सूचना"

खरीफ-2026

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी® (AIC) द्वारा खरीफ 2026 में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों (धमतरी, जशपुर, कोरबा, नारायणपुर, राजनांदगाव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोंडागाव, महासमुंद, रायगढ़, सुरजपुर) में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें खरीफ : ग्राम स्तर पर - धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन
राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर - मूंगफली, तुअर (अरहर), मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी (मड़वा)

## योजना की विशेषताएँ

- आवरण किये जाने वाले किसान : अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान - ऋणी एवं अऋणी किसान।
- ऋणी किसान : ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र (Opting-out form) के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र खरीफ मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 31 जुलाई 2026से कम से कम 7 दिन पहले तक, संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा।
- अऋणी किसान : अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, CSC, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। साथ ही अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा :-
- जरूरी दस्तावेज : 1) नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, 2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, 3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, 4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, 5) किसान का वैध मोबाईल नंबर, 6) बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए- फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र, 7) के सी सी (KCC)/ कृषि ऋण न लेने के संबंध में स्व-घोषणा पत्र।
- बीमित फसलों में परिवर्तन : ऋणी किसान अपने बीमित फसलों में परिवर्तन करा सकते हैं इसके लिये खरीफ मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से दो कार्य दिवस पूर्व इस बात की सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं।

**आधार अनिवार्य** किसान भाइयों से अनुरोध है की वो अपना आधार खरीफ के लिए 31.07.2026 से पूर्व , बैंक में अपडेट करालें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

## आवरित जोखिम

| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर | व्यक्तिगत खेत आधार पर |
|---|---|
| क) बुवाई/रोपाई नहीं होने पर : प्रतिकूल मौसम अवस्थाओं के कारण अधिसूचित क्षेत्र के 75% क्षेत्र में बुवाई न होने पर बीमित राशि का अधिकतम 25% तक क्षतिपूर्ति। केवल धान (सिंचित, असिंचित) एवं चना फसल के लिए लागू है। | क) स्थानीय आपदाएं : ओलावृष्टि, जलप्लावन (धान सिंचित एवं असिंचित फसलो में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक में शामिल नहीं है), बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली के कारण खड़ी फसल का नुकसान होना। |
| ख) फसल कटनी प्रयोग आधार पर : प्रत्येक अधिसूचित ग्राम में 04 एवं राजस्व निरीक्षक मंडल में 10 फसल कटनी प्रयोग द्वारा व्यापक आधार पर आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण उपज में होने वाले नुकसान का आंकलन। | ख) फसल कटाई के उपरान्त नुकसान : खेत में काटकर व फैलाकर/छोटे गठरो में बांधकर सुखाने हेतु रखी गयी फसलों को फसल कटाई के पश्चात् केवल 14 दिनों के अधिकतम अवधि में- ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती बारिश और बेमौसमी बारिश से हानि होने की स्थिति में। |
| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर- फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण :- किसान के द्वारा प्रीमियम राशि देय मात्र से दावा राशि की पात्रता नही बनती है और न ही अकाल, सुखा अनावारी रिपोर्ट के आधार पर निर्धारण किया जाता है। जबकि योजनांतर्गत बीमा दावा का निर्धारण बीमित ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल एवं फसल में ग्रामीण कृषि विस्तार एवं पटवारी अधिकारी के द्वारा आयोजित ग्राम स्तर पर 4 एवं राजस्व मंडल स्तर पर 10 फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज का थ्रेशहोल्ड उपज से तुलना उपरांत बीमा कंपनी द्वारा देय होता है। जितना प्रतिशत उपज में कमी आती है, उनके मान से दावा राशि प्रदान किया जाता है। | स्थानीय आपदाएँ एवं फसल कटाई उपरान्त नुकसान होने पर 72 घंटो के भीतर अपनी फसल के नुकसान की सूचना यहाँ दें :- राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ। लोक सेवा केन्द्र (CSC)। भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप। जिला/तहसील स्तर के कृषि/राजस्व कार्यालय। भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर (14447)। नोट :- हानि का मूल्यांकन व्यक्तिगत खेत सर्वे या सेम्पल सर्वे द्वारा किया जाएगा। |



फसल बीमा माह 1-31 जुलाई, 2026

| खरीफ | |
|---|---|
| 1. किसान द्वारा देय प्रीमियम दर (बीमित राशि का) | 2% |
| 2. बैंक/प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति/ लोक सेवा केन्द्र/ ऑनलाईन पंजीकरण/बीमा अभिकर्ता /डॉक विभाग इत्यादि द्वारा सभी ऋणी कृषकों तथा अऋणी कृषकों (प्रस्ताव पत्र के साथ) बीमा कराने/ प्रीमियम जमा/खाते से प्रीमियम कटौती / बीमा कराने की अंतिम तिथि | 31/07/2026 |

- किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि 31-07-2026 से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक /जिला सहकारी बैंक /प्राथमिक सहकारी समितियाँ /लोक सेवा केन्द्र (CSC) / भारत सरकार की बीमा पोर्टल / डॉक विभाग के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
- योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना देखे एवं उद्यानिकी / कृषि / राजस्व अधिकारी / बैंक / CSC एवं ए.आई.सी क्षेत्रीय / जिला / तहसील कार्यालय से संपर्क करें

शिकायत के मामले में शिकायत निवारण के लिए एआईसी के वेबसाइट: https://www.aicofindia.com/grievance-redressal के माध्यम से शिकायत ऑनलाइन पंजीकृत की जा सकती है।

HO/26-27/1A/12

AIC
भारतीय कृषि बीमा कंपनी® | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालय: एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)
फोन/फैक्स:0771-4306605 ई-मेल: ro.raipur@aicofindia.com Website : www.aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd aicofindialtd

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।

फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ॥

विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

## चिंतन

# वार्ता से ही निकलेगा सुलह का रास्ता

परीक्षाओं में कथित धांधली के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और छात्रों के 'चलो संसद' मार्च के दौरान पैदा हुए तनाव के बाद जिस प्रकार केंद्र सरकार ने बातचीत की पहल की और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा के साथ प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई, उसके बाद अभिजीत दीपके द्वारा अनशन समाप्त करने का निर्णय एक सकारात्मक संकेत माना जा सकता है।नड्डा ने प्रदर्शनकारी प्रतिनिधियों से उनकी मांगों पर चर्चा की। बातचीत में सोनम वांगचुक की रिहाई, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग सहित परीक्षा प्रणाली में सुधार जैसे मुद्दे उठाए गए। यह पहल संकेत देती है कि लंबे गतिरोध का समाधान टकराव के बजाय संवाद और सहमति के माध्यम से तलाशने की कोशिश की जा रही है। हालांकि यह भी सच है कि हा मुद्दे का समाधान वार्ता से ही निकलता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यहां नागरिकों को अपनी बात रखने, सरकार से सवाल पूछने और अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से उठाने का संवैधानिक अधिकार है। यही अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को जीवंत बनाते हैं। दूसरी ओर, सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की होती है। इसलिए जब भी किसी आंदोलन और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति बनती है, तब दोनों पक्षों से संयम और जिम्मेदारी की अपेक्षा की जाती है। सरकार द्वारा प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए आमंत्रित करना और आंदोलनकारियों द्वारा बातचीत का रास्ता स्वीकार करना इस दिशा में एक सकारात्मक शुरुआत है। इससे यह संदेश जाता है कि लोकतंत्र में असहमति के बावजूद संवाद के द्वार कभी बंद नहीं होने चाहिए। यदि दोनों पक्ष पूर्वाग्रह छोड़कर समाधान की भावना से आगे बढ़ें तो कई ऐसे विवाद भी सुलझ सकते हैं जो सड़क पर लंबे गतिरोध का कारण बन जाते हैं। अब आवश्यकता केवल आश्वासन तक सीमित रहने की नहीं है। सरकार को परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए ठोस सुधार लागू करने होंगे। वहीं आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युवाओं और आयोजकों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी आवाज रचनात्मक सुझावों के साथ आगे बढ़े और आंदोलन का स्वरूप शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक बना रहे। इससे उनकी मांगों को अधिक व्यापक समर्थन भी मिलेगा और समाधान की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। वहीं, कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। सभी मसलों को मिल बैठकर सुलझाना ही प्राथमिकता होना चाहिए। वहीं, विपक्ष का दायित्व केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों पर रचनात्मक सुझाव देना और समाधान की दिशा में सहयोग करना भी है। शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय को राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर रखकर देखा जाना चाहिए, क्योंकि इसका सीधा संबंध देश के युवाओं और भविष्य से है। अंततः यह घटनाक्रम एक महत्वपूर्ण सीख देता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सड़क पर उतरना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन स्थायी समाधान हमेशा संवाद की मेज पर ही निकलता है। टकराव क्षणिक सुर्खियां दे सकता है, पर विश्वास और सहमति केवल बातचीत से ही बनती है।



मुद्दा
कांतिलाल मांडोत

# आंदोलन की आड़ में राजनीति अनुचित

**परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर दिल्ली में आयोजित 'चलो संसद' मार्च ने शिक्षा सुधार के मुद्दे के साथ-साथ आंदोलनों की प्रकृति और उनकी राजनीतिक भूमिका पर भी नई बहस छेड़ दी है। जंतर-मंतर से संसद की ओर बढ़ते प्रदर्शन, पुलिस के साथ टकराव और विपक्षी दलों की सक्रिय मौजूदगी ने यह सवाल खड़ा किया कि क्या यह केवल छात्रों की आवाज थी या फिर राजनीतिक दलों के लिए सरकार को घेरने का अवसर भी। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सर्वोपरि है, लेकिन उसकी विश्वसनीयता तभी बनी रहती है जब वह जनहित, संयम, संवाद और संवैधानिक मर्यादाओं के दायरे में आगे बढ़े।**

दिल्ली के जंतर-मंतर से संसद तक निकाले गए तथाकथित चलो संसद मार्च ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या देश में हर आंदोलन वास्तव में जनहित के लिए होता है या फिर कुछ आंदोलन केवल राजनीतिक उद्देश्य साधने के लिए खड़े किए जाते हैं। सोनम वांगचुक के अनशन और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन को जिस तरह से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने खुलकर समर्थन दिया, उससे यह आंदोलन एक स्वतंत्र जनआंदोलन कम और विपक्षी दलों के राजनीतिक मंचन का प्रयास अधिक दिखाई दिया। जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकालने की कोशिश के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया, कई लोग संसद मार्ग की ओर बढ़े और कुछ प्रदर्शनकारी मेट्रो स्टेशनों तक पहुंच गए, जहां नारेबाजी भी हुई। ऐसे समय में जब संसद का सत्र चल रहा हो और राजधानी में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हो, तब बिना अनुमति संसद की ओर मार्च निकालना स्वाभाविक रूप से कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन जाता है। शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार संविधान देता है, लेकिन उसके साथ कानून का पालन करना भी उतना ही आवश्यक है। लोकतंत्र अधिकार और जिम्मेदारी दोनों के संतुलन पर ही चलता है।

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना नागरिकों का अधिकार है। लेकिन जब विरोध प्रदर्शन संसद, राष्ट्रपति भवन या अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगते हैं, तब प्रशासन के सामने सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती है। इसलिए यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि प्रदर्शनकारी और प्रशासन दोनों संयम बरतें। यदि कहीं अनावश्यक बल प्रयोग हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, वहीं यदि कानून तोड़ने का प्रयास हुआ है तो उसके लिए भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक ध्यान खींचने वाली बात यह रही कि मंच पर और प्रदर्शन में कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। मनीष सिसोदिया, आतिशी, संजय सिंह और अन्य विपक्षी नेताओं की मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि आंदोलन अब शिक्षा सुधार की मांग से आगे बढ़कर राजनीतिक रंग ले चुका है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि यह वास्तव में छात्रों का आंदोलन था तो फिर विपक्षी दलों की इतनी सक्रिय भूमिका क्यों दिखाई दी। लोकतंत्र में राजनीतिक समर्थन असामान्य नहीं है, लेकिन जब किसी आंदोलन की पहचान उसके मूल मुद्दे से अधिक राजनीतिक दलों की उपस्थिति से होने लगे, तो उसके स्वरूप पर चर्चा होना भी स्वाभाविक है। पेपर लीक का मुद्दा निश्चित रूप से गंभीर है और किसी भी परीक्षा में अनियमितता होने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार और संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है। प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य से जुड़ी होती हैं और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। इसलिए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, परीक्षा प्रक्रिया में तकनीकी सुधार और



पारदर्शिता सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। लेकिन पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था को विफल घोषित कर देना या हर परीक्षा को संदेह के घेरे में खड़ा कर देना भी उचित नहीं कहा जा सकता। लाखों विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम के बाद परीक्षाएं दीं और बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का प्रमाण दिया।

ऐसे में यह कहना कि पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, उन लाखों ईमानदार विद्यार्थियों की मेहनत का भी अपमान माना जा सकता है। सुधार की आवश्यकता स्वीकार करना और पूरे तंत्र को असफल घोषित कर देना दोनों अलग-अलग बातें हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी लगातार शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रही हैं। विपक्ष का यह अधिकार भी है और लोकतंत्र में उसकी जिम्मेदारी भी। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि देश की शिक्षा व्यवस्था का बड़ा हिस्सा दशकों तक उन्हीं सरकारों के अधीन विकसित हुआ, जिनका नेतृत्व कांग्रेस ने किया। यदि आज विपक्ष शिक्षा सुधार की बात करता है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए उसने कौन-सी ऐसी व्यवस्थाएं विकसित की थीं जो भविष्य की चुनौतियों का समाधान कर सकें। लोकतांत्रिक बहस तब अधिक प्रभावी होती है जब उसमें आत्ममंथन भी शामिल हो। यह भी देखने योग्य है कि इस पूरे आंदोलन में अभिजीत दीपके को प्रमुख चेहरा बनाया गया, जबकि राजनीतिक समर्थन विपक्षी दलों की ओर से प्रमुखता से दिखाई दिया। इससे ऐसी धारणा बनी कि आंदोलन का सामाजिक पक्ष धीरे-धीरे राजनीतिक रणनीति के साथ जुड़ गया। किसी भी जनआंदोलन की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्वतंत्रता और विश्वसनीयता होती है। यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि आंदोलन किसी राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन गया है, तो उसके मूल उद्देश्य पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठने लगते हैं। देश इस समय आधारभूत संरचना, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, परिवहन, विनिर्माण और वैश्विक कूटनीति जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने का दावा कर रहा है। भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका और आर्थिक संभावनाओं पर दुनिया की नजर है। ऐसे समय में सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ उसकी कमियों पर भी चर्चा होनी चाहिए। लेकिन आलोचना तथ्यों, प्रमाणों और रचनात्मक सुझावों पर आधारित होनी चाहिए। केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से न तो शिक्षा व्यवस्था सुधरेगी और न ही विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान होगा। यह भी आवश्यक है कि सरकार ऐसे आंदोलनों को केवल राजनीतिक चुनौती मानकर खारिज न करे।

यदि छात्रों और युवाओं के बीच किसी विषय को लेकर असंतोष है तो उसके कारणों को समझना और समाधान निकालना भी सरकार की जिम्मेदारी है। संवाद किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति होता है। जहां संवाद समाप्त होता है, वहीं टकराव शुरू होता है। इसलिए सरकार और प्रदर्शनकारियों—दोनों को संवाद का रास्ता खुला रखना चाहिए। आज जरूरत केवल विरोध या समर्थन की राजनीति करने की नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने की है। परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय हो, डिजिटल सुरक्षा मजबूत की जाए, पेपर लीक मामलों की समयबद्ध जांच हो और दोषियों को शीघ्र सजा मिले। इससे विद्यार्थियों का भरोसा मजबूत होगा और आंदोलन की आवश्यकता भी कम पड़ेगी। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक होती है। वह समय के साथ यह तय करती है कि कौन-सा आंदोलन वास्तविक जनहित से प्रेरित है और कौन-सा राजनीतिक लाभ की संभावना से। शिक्षा सुधार पर गंभीर चर्चा अवश्य होनी चाहिए, लेकिन उसके लिए रचनात्मक संवाद, संस्थागत सुधार और ठोस नीति आवश्यक है, न कि केवल सड़क पर शक्ति प्रदर्शन।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

निर्णायक कदम
महेन्द्र तिवारी



# शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारतीय रेलवे का सफर

भारतीय रेल नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्कों में से एक है। अपनी स्थापना के समय से लेकर आज तक भारतीय रेलवे ने समय के साथ अपनी तकनीक और कार्यप्रणाली में कई बड़े और परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। कोयले से चलने वाले भाप इंजनों से लेकर डीजल और फिर व्यापक विद्युतीकरण तक का सफर रेलवे की निरंतर तकनीकी प्रगति को दर्शाता है। इसी विकास यात्रा में अब एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। भारत ने अपनी पहली हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन का सफलतापूर्वक संचालन शुरू कर दिया है। नमो ग्रीन रेल के नाम से जानी जाने वाली यह अत्याधुनिक ट्रेन हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच पटरियों पर उतरी है। यह केवल एक नई ट्रेन का उद्घाटन मात्र नहीं है बल्कि यह ऊर्जा के स्वच्छ विकल्पों की ओर भारत के एक बड़े और निर्णायक कदम का प्रतीक है। इस ट्रेन का निर्माण रेलवे की चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया गया है जो भारत की आत्मनिर्भरता और इंजीनियरिंग क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है। इस ट्रेन के स्वरूप और क्षमता की बात करें तो इसमें दो विशेष रूप से डिजाइन की गई हाइड्रोजन ड्राइविंग पावर कार और आठ वातानुकूलित यात्री कोच शामिल किए गए हैं। अपनी पूरी क्षमता के साथ यह ट्रेन एक बार में लगभग छब्बीस सौ यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित और सुगमता से पहुंचाने में सक्षम है। गति के मोर्चे पर भी यह ट्रेन काफी उन्नत है। हालांकि इसकी अधिकतम डिजाइन गति एक सौ दस किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है, लेकिन वर्तमान प्रायोगिक चरण में इसे पचहत्तर किलोमीटर प्रति घंटे की सुरक्षित रफ्तार से संचालित किया जा रहा है। यह हाइड्रोजन ट्रेन अपनी बिजली खुद बनाती है। ट्रेन की छतों या विशेष डिब्बों में उच्च दबाव वाले मजबूत टैंक लगे होते हैं जिनमें हाइड्रोजन गैस सुरक्षित रूप से भरी होती है। यह गैस ट्रेन में लगे अत्याधुनिक फ्यूल सेल के भीतर जाती है। वहां यह गैस वायुमंडल से खींची गई ऑक्सीजन के साथ एक इलेक्ट्रो रासायनिक प्रतिक्रिया करती है। इस पूरी रासायनिक प्रक्रिया के परिणामस्वरूप भारी मात्रा में बिजली पैदा होती है और यही वह बिजली है जो ट्रेन की भारी भरकम मोटरों को चलाकर उसे पटरियों पर आगे बढ़ाती है। इस पूरी प्रक्रिया का सबसे खूबसूरत और पर्यावरण के अनुकूल पहलू यह है कि इसमें कोई हानिकारक धुआं या कार्बन गैस वातावरण में नहीं घुलती है। जींद रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन में गैस भरने के लिए एक विशेष रिफ्यूलिंग स्टेशन बनाया गया है जो इंजीनियरिंग का एक जटिल नमूना है। भविष्य में अगर इन ट्रेनों को पूरे देश में चलाना है तो ऐसे सैकड़ों स्टेशन बनाने होंगे। इसके लिए हरित हाइड्रोजन का उत्पादन बड़े पैमाने पर बढ़ाना होगा और उसे सुरक्षित रूप से देश के कोने कोने तक ले जाने के लिए विशेष टैंकरों की व्यवस्था करनी होगी। भंडारण की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित किए बिना इस तकनीक का विस्तार संभव नहीं है। जब तक हाइड्रोजन के उत्पादन से लेकर उसके अंतिम वितरण तक का एक सस्ता और सुलभ तंत्र पूरी तरह से विकसित नहीं हो जाता तब तक इस तकनीक का व्यावसायिक रूप से पूरे भारत में विस्तार करना एक बड़ी आर्थिक और व्यावहारिक चुनौती बनी रहेगी। रखरखाव और सुरक्षा के मामले में भी यह नई तकनीक रेलवे के कर्मचारियों के लिए एक बिल्कुल नया अनुभव और चुनौती लेकर आई है। डीजल इंजनों के भारी भरकम यांत्रिक पुर्जों और तेल से अलग इस ट्रेन का रखरखाव मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक और रासायनिक प्रणालियों की सटीकता पर निर्भर करता है। हाइड्रोजन गैस बहुत ही अधिक ज्वलनशील होती है इसलिए इसके जरा से भी रिसाव का पता लगाने के लिए ट्रेन के चप्पे चप्पे पर अति संवेदनशील सेंसर लगाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वचालित प्रणालियां स्थापित की गई हैं। इन सब अत्याधुनिक उपकरणों की नियमित जांच और मरम्मत के लिए भारतीय रेलवे को अपने तकनीकी कर्मचारियों और इंजीनियरों को सिरे से नया प्रशिक्षण देना होगा ताकि सुरक्षा मानकों के साथ किसी भी स्तर पर कोई समझौता न हो सके। संक्षेप में कहा जाए तो भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन केवल धातु और तारों से बनी कोई सामान्य मशीन नहीं है बल्कि यह भविष्य के आत्मनिर्भर भारत की एक स्पष्ट झलक है। जींद और सोनीपत के बीच चल रही यह प्रायोगिक ट्रेन अगर लागत समय की पाबंदी और सुरक्षा के कड़े पैमानों पर पूरी तरह से खरी उतरती है तो आने वाले कुछ ही वर्षों में हम हर कोने में ऐसी ट्रेनें दौड़ते हुए देख सकेंगे। यह न केवल भारतीय रेलवे का चेहरा हमेशा के लिए बदल देगी बल्कि पूरी दुनिया को भी एक स्वच्छ सुरक्षित और टिकाऊ परिवहन का रास्ता दिखाएगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शांति से दुखों को किया जा सकता है खत्म



संकलित
दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए। सावधानी के साथ प्रेम का व्यवहार शांति के मार्ग को निष्कंटक करेगा।

# बल प्रयोग अंतिम विकल्प



संकलित
प्रेरणा

एक चिड़िया का एक दाना पेड़ के कंदरे में कहीं फंस गया था। चिड़िया ने पेड़ से बहुत अनुरोध किया उस दाने को दे देने के लिए लेकिन पेड़ उस छोटी सी चिड़िया की बात भला कहां सुनने वाला था। हार कर चिड़िया बढ़ई के पास गई और उसने उससे अनुरोध किया कि तुम उस पेड़ को काट दो, क्योंकि वो उसका दाना नहीं दे रहा। भला एक दाने के लिए बढ़ई पेड़ कहां काटने वाला था। फिर चिड़िया राजा के पास गई और उसने राजा से कहा कि तुम बढ़ई को सजा दो क्योंकि बढ़ई पेड़ नहीं काट रहा और पेड़ दाना नहीं दे रहा। राजा ने उस नन्हीं चिड़िया को डांट कर भगा दिया कि कहां एक दाने के लिए वो उस तक पहुंच गई है। चिड़िया हार नहीं मानने वाली थी। वो महावत के पास गई कि अगली बार राजा जब हाथी की पीठ पर बैठेगा तो तुम उसे गिरा देना। चिड़िया आखिर में चींटी के पास गई और वही अनुरोध दोहराकर कहा कि तुम हाथी की सूंढ़ में घुस जाओ। चींटी ने चिड़िया से कहा, चल भाग यहां से...बड़ी आई हाथी की सूंढ़ में घुसने को बोलने वाली। अब तक अनुरोध की मुद्रा में रही चिड़िया ने रौद्र रूप धारण कर लिया। उसने चींटी से कहा तुझे तो अपनी चोंच में डाल कर खा ही सकती हूँ। चींटी डर गई...भाग कर राजा के पास पहुंची। राजा ने फौरन बढ़ई को बुलाया उससे कहा कि पेड़ काट दो नहीं तो सजा दूंगा। बढ़ई को देखते ही पेड़ बिलबिला उठा कि मुझे मत काटो। मैं चिड़िया को दाना लौटा दूंगा...! अंत में चिड़िया ने अपना दाना पेड़ से प्राप्त कर लिया और वो खुशी खुशी अपने घोंसले में चली गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### घुसपैठ पर निर्णायक प्रहार का समय

भारत की सीमाओं की सुरक्षा केवल सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र की संप्रभुता और आंतरिक स्थिरता से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण विषय है। लंबे समय से बांग्लादेश और म्यांमार की सीमाओं से होने वाली अवैध घुसपैठ देश के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। यह समस्या केवल अवैध रूप से देश में प्रवेश करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ फर्जी दस्तावेज, मानव तस्करी, हवाला, नशीले पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का जाल भी जुड़ जाता है। इसलिए इस चुनौती से निपटने के लिए अब आधे-अधूरे नहीं, बल्कि निर्णायक कदम उठाने का समय आ गया है। केंद्र सरकार द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय बदलावों का अध्ययन कराना, सीमा पर बाड़ लगाने की गति तेज करना और घुसपैठ रोकने के उपायों की समीक्षा बढ़िया कदम हैं। - *प्रतीक साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### युवा इतिहास रच रहे



युवा आज इतिहास रच रहे हैं। नए स्टार्टअप अंतरिक्ष तक पहुंचे हैं। मुझे बताया गया कि स्काईरूट कंपनी की जिस टीम ने यह कारनामा कर दिखाया है। उनकी औसत उम्र 28 साल है। हालांकि मैं किसी 56 साल के युवा की बात नहीं कर रहा। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### बटुकेश्वर दत्त को नमन



महान स्वाधीनता सेनानी एवं अमर क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने भगत सिंह जी के साथ केंद्रीय विधानसभा में बम फेंककर अंग्रेजों के अन्याय के विरुद्ध पूरे देश में आजादी की अलख जलाई। कठोर यातनाएँ सहकर भी स्वाधीनता के संकल्प को अडिग रखा। **-अमित शाह,** गृहमंत्री

### पीएम मोदी युवा विरोधी



प्रधानमंत्री मोदी भारत के इतिहास के सबसे युवा-विरोधी प्रधानमंत्री हैं। वह इतने युवा-विरोधी हैं कि एक नाकाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी नहीं ले सकते। 152 पेपर लीक की घटनाओं से 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए, लेकिन किसी दोषी को सजा नहीं मिली। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

### हमारी मांग स्पष्ट



हमारी मांग स्पष्ट है, जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। यह हमारी जायज मांग है और हमारा वैध अधिकार है। हम इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह से गंभीर हैं। केंद्र सरकार को हमारी मांग पूरी करनी होगी। **-फारूक अब्दुल्ला,** पूर्व सीएम, जम्मू-कश्मीर

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला के प्रकोप से अब तक 930 लोगों की मौत



कांगो में इबोला के प्रकोप से कम से कम 930 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से 37 लोगों की मौत शुक्रवार से शनिवार के बीच 24 घंटे के दौरान हुई। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शनिवार तक इबोला के 2,344 मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें से 930 मरीजों की मौत हो चुकी है। पूर्वी कांगो में इबोला के प्रकोप की घोषणा 15 मई को की गई थी। यह रिकॉर्ड में, सबसे तेजी से फैलने वाला इबोला प्रकोप बन गया है। इस प्रकोप के लिए जिम्मेदार बंडिबुग्यो वायरस, इबोला बीमारी फैलाने वाले अन्य वायरस की तुलना में कम पाया जाता है और इसके लिए फिलहाल कोई मंजूरी प्राप्त टीका या उपचार उपलब्ध नहीं है। इबोला अत्यधिक संक्रामक बीमारी है और यह जंगली जानवरों से मनुष्यों में फैल सकती है। यह बीमारी कई मामलों में जानलेवा साबित होती है। मौत के आंकड़ों में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण सबसे अधिक प्रभावित प्रांत 'इतुरी' में राहत और बचाव अभियान पर असर पड़ा है। कुल पांच प्रांत प्रभावित हुए हैं और ये सभी पूर्वी इलाके में हैं, जहां विद्रोहियों का बोलबाला है।

## ऑफ बीट

# ग्रीक फायर: रोमन साम्राज्य का सबसे विनाशकारी हथियार



आधुनिक काल के सामूहिक विनाश के हथियारों से बहुत पहले एक ऐसा हथियार था, जिसे 'ग्रीक फायर' (इग्निस ग्रेकस) के नाम से जाना जाता है। ग्रीक फायर का सूत्र इतना गोपनीय रखा गया था कि 1453 में बीजान्टिन साम्राज्य के ओटोमन साम्राज्य के हाथों पतन के साथ ही इसका रहस्य भी हमेशा के लिए खो गया। तब से लेकर आज तक अनेक रसायनविद, इतिहासकार, वैज्ञानिक और प्रायोगिक पुरातत्वविद इस रहस्यमयी हथियार का वास्तविक सूत्र जानने की कोशिश करते रहे हैं। ग्रीक फायर एक ज्वलनशील तरल पदार्थ था, जिसे बीजान्टिन युद्धपोतों के अगले हिस्से पर लगी पीतल या कांसे की नली (साइफन) के माध्यम से दुश्मन के जहाजों पर फेंका जाता था। यह तरल जिस सतह पर गिरता, उससे चिपक जाता था। यहां तक कि पानी पर भी यह जलता रहता था और उसे बुझाना लगभग असंभव था। नेपाम (नैफ्थालीन और नारियल के तेल से बना पदार्थ) की तरह काम करने वाला यह हथियार बीजान्टिन नौसेना को अपने दुश्मनों पर बड़ा सामरिक लाभ देता था। सातवीं शताब्दी में उभरती हुई अरब शक्ति की समुद्री ताकत ने बीजान्टिन साम्राज्य के सामने नयी चुनौतियां खड़ी कर दी थीं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सीजेपी के प्रदर्शन को रोकने नहीं हुआ सेना का इस्तेमाल, पाक फैला रहा झूठा प्रोपेगेंडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध-प्रदर्शन को रोकने के लिए भारत की राष्ट्रीय राजधानी में सेना की तैनाती की गई है। वह हथियारों का इस्तेमाल कर रही है, जिससे कई लोगों को चोट आई है। जबकि कुछ अन्य की मौत भी हो गई है। यह दावा देश के अंदर किसी ने नहीं किया है। बल्कि भारत के खिलाफ अनगिनत बार साजिशें रचने वाले पाकिस्तान के सोशल मीडिया प्रचार हैंडल कर रहे हैं। जिसे सोमवार को भारतीय सेना के सार्वजनिक सूचना निदेशालय (एडीजीपीआई) ने अपने फैक्ट चेक के माध्यम से सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि दुश्मन देश की भारतीय सेना के खिलाफ दुष्प्रचार करने की यह कोशिश सिर्फ और सिर्फ सेना की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और आम जनता में घबराहट बढ़ाने के मकसद से की जा रही है। जिसका जमीनी सच्चाई से दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है।

### भारतीय सेना ने आधिकारिक रूप से पाकिस्तान के सोशल मीडिया पर किए जा रहे झूठे प्रचार की खोली पोल




**पाकिस्तानी प्रचार हैंडल का झूठा दावा**

पाकिस्तानी प्रचार हैंडल यह झूठा दावा कर रहे हैं कि भारत की सेना को नई दिल्ली में तैनात किया गया है। सेना प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल कर रही है। जिससे कई लोगों को चोटें आई हैं और कई मारे भी गए हैं। यहां बता दें कि यह पहला मौका नहीं है। जब पाकिस्तान ने अपनी सोशल मीडिया प्रचार तंत्र को भारत और उसकी सेना की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए एक्टिव किया है। इससे पहले भी खासतौर पर पिछले साल 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी ऐसा दुष्प्रचार किया गया था। जिसका नई दिल्ली ने तथ्यों के साथ करारा जवाब दिया था।

**दिल्ली-पुलिस, सीएपीएफ की जिम्मेदारी :** सेना ने फैक्ट चेक में यह भी कहा कि प्रदर्शन के मामले में मुख्य भूमिका दिल्ली पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) और केंद्रीय अर्धसैन्यबलों (सीएपीएफ) की है। इसे लेकर दिल्ली में सेना की कहीं पर भी कोई तैनाती नहीं की गई है। देश के सभी नागरिकों (पत्रकार भी शामिल हैं) से सेना ने पाकिस्तान के इस झूठे और भ्रामक प्रॉपेगेंडा से दूर रहने की अपील की है।

**सीमाओं की रक्षा में तैनात है सेना :** भारत में सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों (सेना, वायुसेना और नौसेना) की जिम्मेदारी सीमाओं की सुरक्षा करने की है। जिसमें थलसेना जमीनी सेना की रक्षा का भार संभालती है। वायुसेना हवाई सीमा और नौसेना देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी संभालती है। जबकि आंतरिक सुरक्षा का पूरा दारोमदार व दायित्व स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों का होता है। जिसे वह बखूबी निभाती हैं। बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय पर सरकार के निर्देश पर सेना आम-जनता को राहत पहुंचाने और बचाव अभियान में जुट जाती है।

---

### ई20 पर मचे बवाल के बीच ई30 के सवाल पर केंद्र का जवाब

# एथनॉल मिश्रण बढ़ाने का अभी कोई फैसला नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल पेट्रोल में 20 प्रतिशत से अधिक एथेनॉल मिश्रण बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सरकार ने कहा है कि भविष्य में यदि एथेनॉल मिश्रण की मात्रा बढ़ाने पर विचार किया जाता है, तो वह केवल व्यापक वैज्ञानिक एवं तकनीकी अध्ययन तथा सभी संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद ही किया जाएगा। राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी भी नीति को वैज्ञानिक प्रमाणों और तकनीकी परीक्षणों के आधार पर लागू करना है, ताकि उपभोक्ताओं, वाहन उद्योग और पर्यावरण— तीनों के हितों का संतुलन बना रहे।




### ई20 कोई नया ईंधन नहीं

सुरेश गोपी ने कहा कि ई20 कोई नया या अचानक लागू किया गया ईंधन नहीं है। दुनिया के कई देशों में एथेनॉल का उपयोग परिवहन ईंधन के रूप में एक सदी से भी अधिक समय से किया जा रहा है। भारत में भी एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2001 में पायलट परियोजना के रूप में की गई थी। उन्होंने बताया कि भारत में एथेनॉल मिश्रण को चरणबद्ध और वैज्ञानिक तरीके से बढ़ाया गया है। वर्ष 2013-14 में पेट्रोल में एथेनॉल की औसत हिस्सेदारी केवल 1.53 प्रतिशत थी, जिसे लगातार वैज्ञानिक परीक्षणों, तकनीकी मूल्यांकन और विभिन्न हितधारकों से विचार-विमर्श के बाद बढ़ाते हुए 2025-26 में 20 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है।

### वैज्ञानिक मूल्यांकन के बाद ही होगा अगला कदम

राज्य मंत्री ने कहा कि यदि भविष्य में ई20 से अधिक मिश्रण लागू करने की आवश्यकता महसूस होती है, तो इससे पहले विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन, तकनीकी परीक्षण, वाहन निर्माताओं, तेल विपणन कंपनियों, कृषि क्षेत्र तथा अन्य संबंधित हितधारकों से व्यापक परामर्श किया जाएगा। बिना पर्याप्त तैयारी और वैज्ञानिक आधार के कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा।

### ऊर्जा सुरक्षा पर सरकार का जोर

सरकार का कहना है कि एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा बढ़ाना नहीं, बल्कि स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना, कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना, किसानों की आय में वृद्धि करना और कार्बन उत्सर्जन को घटाना भी है। केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, अधिक दक्ष और पर्यावरण-अनुकूल ईंधन प्रणाली की दिशा में आगे बढ़ना है। इसलिए कम एथेनॉल मिश्रण की ओर लौटने का कोई प्रश्न नहीं है। सरकार चरणबद्ध, संतुलित और साक्ष्य-आधारित नीति के तहत ही आगे बढ़ेगी। उन्होंने दोहराया कि वर्तमान में 20 प्रतिशत से अधिक एथेनॉल मिश्रण लागू करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है, और भविष्य में इस संबंध में कोई भी कदम वैज्ञानिक तथ्यों, तकनीकी क्षमता और सभी हितधारकों की सहमति के आधार पर ही उठाया जाएगा।

---

### एडवोकेट्स संशोधन विधेयक, 2026 का मसौदा सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी

# कानूनी पेशे में बड़े बदलाव की तैयारी, केंद्र ने 31 तक मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश के कानूनी पेशे और न्यायिक व्यवस्था को समय की जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एडवोकेट्स (संशोधन) विधेयक, 2026 का मसौदा सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी कर दिया है। कानून एवं न्याय मंत्रालय ने इस मसौदे को विभिन्न हितधारकों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों से सुझाव एवं टिप्पणियां प्राप्त करने के उद्देश्य से सार्वजनिक किया है। कानून एवं न्याय मंत्रालय के अनुसार, इस मसौदा विधेयक को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। पारदर्शिता और सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए इसे बार काउंसिल ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है, ताकि सभी संबंधित पक्ष इसका अध्ययन कर अपने सुझाव दे सकें। मंत्रालय ने कहा है कि अधिवक्ताओं, बार एसोसिएशनों, विधि विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, न्यायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ-साथ आम नागरिक भी इस मसौदे पर अपनी राय और सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव 31 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक बार काउंसिल ऑफ इंडिया तथा विधि कार्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ लीगल अफेयर्स) को भेजे जा सकते हैं। विधेयक का प्रारूप मंत्रालय की साइट पर उपलब्ध है।



### समावेशी कानून निर्माण की नीति

मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि परामर्श प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सभी सुझावों और टिप्पणियों का गंभीरता से परीक्षण किया जाएगा। उपयोगी और व्यावहारिक सुझावों को अंतिम विधेयक में शामिल करने पर विचार किया जाएगा, जिससे कानून अधिक प्रभावी, व्यावहारिक और समकालीन आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। सरकार का कहना है कि यह परामर्श प्रक्रिया उसकी पारदर्शी, सहभागी और समावेशी कानून निर्माण की नीति का हिस्सा है। बदलते कानूनी परिदृश्य, न्यायिक सुधारों और अधिवक्ता पेशे की विकसित होती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, ताकि सभी संबंधित पक्षों की भागीदारी से एक संतुलित और प्रभावी कानून तैयार किया जा सके।

### विशेषज्ञों का मत

विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी महत्वपूर्ण कानून को अंतिम रूप देने से पहले सार्वजनिक परामर्श की प्रक्रिया अपनाने से कानून अधिक व्यावहारिक, व्यापक और जनहितकारी बनता है। इससे कानूनी समुदाय के साथ-साथ आम नागरिकों को भी नीति निर्माण की प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर मिलता है। सरकार ने सभी हितधारकों से अपील की है कि वे मसौदा विधेयक का अध्ययन कर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने सुझाव भेजें, ताकि अधिवक्ता पेशे से जुड़े कानून को और अधिक आधुनिक, पारदर्शी तथा प्रभावी बनाया जा सके।

---

### कहा, सोशल मीडिया पर तेजी से घूम रही ओएमआर शीट को एआई तकनीक के जरिए बदला गया है

# नीट की वायरल ओएमआर शीट फर्जी, एनटीए का बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रचंड विरोध-प्रदर्शन के बीच सोमवार को राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने यह ऐलान किया है कि उसके द्वारा जारी किए गए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-2026 (नीट) के परिणाम के बाद सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही ओएमआर शीट असली नहीं फर्जी हैं। जिन्हें डिजिटल रूप से यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और ओसीआर तकनीक का इस्तेमाल कर बदला गया है। एनटीए ने एक सार्वजनिक सूचना के जरिए यह स्पष्टीकरण जारी किया है। जिसमें यह भी साफ कर दिया है कि छात्रों की असली और प्रमाणिक ओएमआर शीट एनटीए के सर्वर पर पूरी तरह से सुरक्षित हैं। जिनके आधार पर ही परिणाम तैयार किए गए हैं। ओएमआर शीट को लेकर किए जा रहे तमाम दावे गलत हैं। ऐसी कोई शीट वास्तविक रूप से मौजूद नहीं है।

### जाली ओएमआर बनाना अपराध है

सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 के तहत जाली ओएमआर बनाना और उसे प्रसारित करना कानूनी रूप से अपराध है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता (2023) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत भी ऐसी गतिविधियों के लिए कानूनी दंड के प्रावधान मौजूद हैं।

### आधिकारिक रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते दस्तावेज

एनटीए के मुताबिक, सोशल मीडिया में ओएमआर को लेकर किए जा रहे तमाम दावों में ध्यान देने की वाली बात यह है कि एजेंसी के पास प्रत्येक उम्मीदवार का वास्तविक ओएमआर रिकॉर्ड मौजूद है। जिसे हमने उम्मीदवार पोर्टल पर उपलब्ध कराया था और ओएमआर प्रतिक्रिया की चैलेंज विंडो के समय उम्मीदवारों को ईमेल भी किया था। ऐसे में सही ओएमआर के रूप में सोशल मीडिया में प्रसारित की जा रही छवियां डिजिटल रूप से जाली हैं। ऐसे किसी दस्तावेज को एनटीए ने जारी नहीं किया है। साथ ही वायरल छवियों में दिए गए परीक्षार्थी के नाम, रोल नंबर, उनके अभिभावकों का विवरण और निरीक्षकों के हस्ताक्षर व अंगूठे का निशान तक आधिकारिक रिकॉर्ड यानी नीट-यूजी 2026 से मेल नहीं खाते हैं।

---

### ईरान पर टूटेगा अब ट्रंप का कहर, अमेरिका का बड़े पैमाने पर हवाई अभियान शुरू

# जंग की आहट : अमेरिका ने 50 और फाइटर जेट मिडिल ईस्ट भेजे

**अमेरिका बढ़ा रहा हवाई ताकत**



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ईरान के साथ चल रहे संघर्ष में अमेरिका ने अपनी हवाई ताकत तेजी से बढ़ा दी है। मिडिल ईस्ट में 50 से ज्यादा अतिरिक्त फाइटर जेट भेजे गए हैं। यह कदम ईरान पर हमलों को और तेज करने और क्षेत्र में तनाव बढ़ने की तैयारी का संकेत देता है। अमेरिका अब ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता को और कमजोर करने के लिए बड़े पैमाने पर हवाई अभियान चला सकता है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार जर्मनी से एफ-16 और ब्रिटेन से एफ-35 भी भेजे जा रहे हैं। साथ में एरियल रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट भी भेजे गए, जो लंबी दूरी के हमलों के लिए जरूरी हैं। ये तैनातियां शुक्रवार को जॉर्डन में ईरानी हमले से पहले शुरू हुई थीं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने इन तैनातियों पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका क्षेत्र में अपनी हवाई श्रेष्ठता सुनिश्चित करना चाहता है।

### ईरान का दावा: अभी काफी मिसाइल स्टॉक बचा

ईरान का दावा है कि उसके पास अभी भी काफी मिसाइल स्टॉक बचा है। लेकिन लगातार अमेरिकी हमलों से उसके बुनियादी ढांचे – पुल, पानी के प्लांट, तेल निर्यात केंद्र को नुकसान पहुंचा है। होर्मुज में तेल जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने से वैश्विक तेल कीमतें बढ़ रही हैं।

### 'कारगिल में भारत ने दफनाए थे हमारे जवानों के शव'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सियासत और वहां के सैन्य प्रतिष्ठान में एक बहुत बड़ा भूचाल आ गया है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तान सेना पर अब तक का सबसे तीखा और सनसनीखेज हमला बोला है। उन्होंने सार्वजनिक मंच से 1999 के कारगिल युद्ध को लेकर वो सच उगल दिया है जिसे पाकिस्तानी सेना दशकों से छिपाती आई है। फजलुर रहमान ने सीधे तौर पर पाकिस्तानी सेना को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कारगिल की जंग में पाकिस्तान ने अपने ही मारे गए सैनिकों को पहचानने और उनके शव (जनाजे) लेने से साफ इंकार कर दिया था।

---

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
दूरभाष-07751-220656, Email-actwd.gpm@gmail.com

**// दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/PVTGRS /स्था. /2026-27 / 1199
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 16/07 /2026

कार्यालय आयुक्त / पदेन सचिव छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक / EMRS / 313 / 2022-23 / 2182 नवा रायपुर, दिनांक 03.06.2022 के निर्देशानुसार कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक / PVTGRS / स्था. / 2026-27 / 697 गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 08.06.2026 के माध्यम से जिले में संचालित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आवासीय विद्यालय धनौली, वि.ख. गौरेला के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अस्थाई रूप से शाला संचालन हेतु निर्धारित मानदेय पर अतिथि शिक्षकों / सहायक शिक्षकों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के सूचना पटल तथा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही छ.ग. की वेबसाईट www.http://gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in पर प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त अनंतिम सूची में किसी भी आवेदक को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना आपत्ति आवेदन के साथ अप्रमाण दिनांक 17.07.2026 से 24.07.2026 साय 05:30 तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

G-262702216/3

**-: संशोधित सूचना :-**

खनिज साधन विभाग, छत्तीसगढ़ अंतर्गत जिला कार्यालय (खनिज शाखा) जिला- महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के नियम 7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से उत्खनिपट्टा का आबंटन हेतु कार्यालयीन पत्र क्र. 757/क/खनि./रेत/2026 महासमुंद दिनांक 19.05.2026 द्वारा Event No.-MSTC/RPR/Chhattisgarh/ Mahasamund Tender/2/26-27/9527 के माध्यम से MSTC के पोर्टल में रेत खदान पासीद, ग्राम पंचायत पासीद तहसील व जिला महासमुंद के महानदी के खसरा नं. 01 का भाग रकबा 4.80 हे. क्षेत्र में दिनांक 17.06.2026 को अपरिहार्य कारणों से लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न नही हो पायी थी।

उक्त रेत खदान के निविदा में भाग लिये गये सर्व संबंधित बोलीदारो का सूचित किया जाता है कि रेत खदान पासीद की ईलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से लॉटरी के द्वारा अधिमानी बोलीदार की चयन प्रक्रिया दिनांक 24.07.2026 सुबह समय 11.00 बजे संपन्न की जावेगी। कृपया निर्धारित तिथी एवं समय में उपस्थित होने का कष्ट करें।

G-262700901/1
Letter No. 757 date 19-05-2026
G-262702245/3

कलेक्टर
जिला-महासमुंद (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पंचायत सरसींवा, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक / 429/ लो.नि.वि./ न.पं./2026-27 सरसींवा, दिनांक : 20/7/2026

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-**
**(1st call)**

नगर पंचायत सरसींवां द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन के माध्यम से ई निविदा आमंत्रित की जाती है–

| S.No. | Stage | Start | |
|---|---|---|---|
| | | Date | Time |
| 1 | Bid Start Date | 20/07/2026 | 17:30 |
| 2 | Bid Due Date | 12/08/2026 | 17:30 |
| 3 | Physical Submission | 18/08/2026 | 15:00 |
| 4 | Bid Open Date (Scheduled) | 19/08/2026 | 12:00 |

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रू.लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य की समय सीमा | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 195726 | Construction work of aspirational toilet at ward number 11 | 28.20 | 21150/ | 1500/- | 06 माह | 12.08.2026 |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरसींवा
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई० अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० : RDSD/RAMGARH/10/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RDSD/RGH/10/ 2026-27, | Gola | Gola Vendor Market Development Scheme For Promotion of Local Livelihoods (Phase-II) | 49981800 | 1000000 | 10000 | 03 (तीन माह) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 31.07.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 31.07.2026 से 07.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.08..2026 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 7488152930
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR 385376 Rural Development (26-27)_D

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-11**
Email id : ee-res.durg@gov.in

ज्ञा.क्रं. 2042 / व.ले.लि. / ग्रा. यां.से./2026-27 दुर्ग, दिनांक 17/07/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा द्वितीय बार आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2026-27 एवं पूर्व वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्य हेतु स्वीकृत रूपये 30.00 लाख तक लागत के छोटे-छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करना। (जोनल निविदा ग्रुप क्र. 12,13,14 एवं 16) S. T. No. 195692, 195693, 195694, 195695 | 40.00 लाख प्रति ग्रुप |
| 2 | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमधा अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2026-27 एवं पूर्व वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्य हेतु स्वीकृत रूपये 30.00 लाख तक लागत के छोटे-छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करना। (जोनल निविदा ग्रुप क्र. 01, 02 एवं 03) S.T. No 195697, 195698, 195699 | 40.00 लाख प्रति ग्रुप |
| 3 | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग पाटन अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2026-27 एवं पूर्व वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्य हेतु स्वीकृत रूपये 30.00 लाख तक लागत के छोटे-छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करना। (जोनल निविदा ग्रुप क्र. 02 ) .S. T. No - 195700 | 40.00 लाख प्रति ग्रुप |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 17.07.2026 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 26.07.2026 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग (छ.ग.)

G-262702232/2

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

**:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना प्रथम बार (क्र.-05) ::**

क्रमांक / 790 / निविदा/ग्रा.यां.सेवा / 2026-27 दन्तेवाड़ा दिनांक- 17/07/2026

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल आमंत्रण निविदा दिनांक 10/08/2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रू. लाख में) | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | एजुकेशन सिटी हिल टॉप कटेकल्याण में पेयजल व्यवस्था कार्य भाग-1 (विद्युतीकरण सहित) वि.खं. -कटेकल्याण | 29.24 लाख | दिनांक 10/08/2026 शाम 5.00 बजे तक |
| 2 | एजुकेशन सिटी हिल टॉप कटेकल्याण में पेयजल व्यवस्था कार्य भाग-2 (विद्युतीकरण सहित) वि.खं. -कटेकल्याण | 27.06 लाख | |
| 3 | छू-लो आसमान आश्रम में 5 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य कारली (विद्युतीकरण छोड़कर) वि.खं. -गीदम | 39.14 लाख | |
| 4 | नेरली समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत ग्राम-बेनपाल में अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाकर शुद्ध पेयजल व्यवस्था कार्य, वि.खं. -कुआकोंडा | 27.71 लाख | |
| 5 | नेरली समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत ग्राम-मड़ाड़ी में अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाकर शुद्ध पेयजल व्यवस्था कार्य, वि.खं. -कुआकोंडा | 28.84 लाख | |
| 6 | नेरली समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत ग्राम-समलवार में अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाकर शुद्ध पेयजल व्यवस्था कार्य, वि.खं. -कुआकोंडा | 37.14 लाख | |
| 7 | नेरली समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत ग्राम-चोलनार एवं कलेपाल में अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाकर शुद्ध पेयजल व्यवस्था कार्य, वि.खं. -कुआकोंडा | 28.66 लाख | |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in में दिनांक 24/07/2026 से 07/08/2026 तक देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

G-262702227/3



## खबर संक्षेप

### समय पर नहीं मिली खून की जांच रिपोर्ट नवजात की मौत

**राजनांदगांव।** समय पर रक्त जांच रिपोर्ट नहीं मिलने की वजह से प्रसाव पीड़ा झेल रही महिला का ऑपरेशन नहीं हो पाया। जिसके चलते उसके नवजात बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन जब डिलीवरी के लिए मरीज को अस्पताल लाया जाता है तो शासकीय अस्पतालों में लापरवाही दिखाई देती है। जिससे जच्चा-बच्चा की जान भी चली जाती है। ऐसे ही एक मामले में नवजात बच्ची की मौत हो गई। सोमवार की रात लगभग 2.45 बजे के करीब शहर के समीप टोलागांव निवासी कविता मांडवी को प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल लाया गया। यहां उसे मातृ-शिशु अस्पताल में भर्ती किया गया। इसके बाद यहां ब्लड सैंपल लिया गया और जांच के लिए लैब भेजा गया। परिजनों को सुबह 10 बजे के करीब रिपोर्ट मिलने की बात कही गई। परिजन जब सुबह रिपोर्ट लेने पहुंचे तो रिपोर्ट तैयार नहीं हुआ है, कहकर नहीं दिया गया। इधर गर्भवती की प्रसव पीड़ा को देखते हुए परिजनों ने ऑपरेशन करने की मांग भी की, लेकिन जब तक रिपोर्ट नहीं आएगा ऑपरेशन नहीं किया जाएगा कहा गया।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत, चालक फरार

**कांकेर।** शहर के बाइपास मार्ग पर सोमवार सुबह मांझापारा निवासी सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार नरेश यदु के पुत्र 31 वर्षीय शुभम यदु को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजन और परिचित अस्पताल पहुंच गए, जहां परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### ग्राम त्रिकुंडा की घटना, की बेरहमी से हत्या

# जमीन के टुकड़े की खातिर प्रधानपाठक को भाइयों ने गला रेतकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

जमीन विवाद को लेकर अपने ही एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। सोमवार को सुबह सुबह स्कूल जाने के लिए निकले प्रधान पाठक की उसके चचेरे भाइयों ने बेरहमी से हत्या कर दी। जमीन के टुकड़ों के लिए आरोपियों ने पहले पीछे से हथौड़े से सिर पर वार कर जमीन पर गिराया और फिर चाकू से गला रेत दिया। इस घटना में प्रधान पाठक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद आक्रोशित मृतक के परिजन ने आरोपियों के घर को आग के हवाले कर दिया। दो परिवारों के बीच हुए इस खूनी जंग से गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पाया इसके साथ ही मृतक के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया। वहीं पुलिस ने हत्या के आरोपियों को हिरासत में लिया है और जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम राधा नगर निवासी 49 वर्षीय जयकरण जगते आ. गोपी नाथ जगते धमनी के कुम्हारियापारा स्थित प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ थे। जयकरण जगते सोमवार की सुबह घर से स्कूल जाने के नाम पर निकले थे। इस दौरान नवाडीह में अपने गौशाला के पास घात लगाकर बैठे हुए जयकरण जगते के चचेरे भाइयों 26 वर्षीय बृजमोहन जगते आ. बैजनाथ जगते व 23 वर्षीय हरिमोहन जगते आ. बैजनाथ ने पीछे से सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। हथौड़े के वार से जयकरण जगते जमीन पर गिर गए जिसके बाद आरोपी भाइयों ने उसपर चाकू से हमला कर दिया और कई वार करने के बाद गर्दन रेतकर हत्या कर दी। इस घटना में जयकरण जगते की मौके पर ही मौत हो गई। दिन दहाड़े प्रधान पाठक की चचेरे भाइयों द्वारा बेरहमी से हत्या किए जाने की घटना से गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया।

#### चल रही है जांच

इस मामले में हमने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ चल रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**वैभव बैंकर रमनलाल**
एसपी बलरामपुर



#### जलकर खाक हुआ आरोपियों का घर

जमीन के विवाद में चचेरे भाइयों द्वारा जयकरण जगते की दिनदहाड़े हत्या किए जाने की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन आक्रोशित हो गए। इस दौरान आक्रोशित मृतक के परिजन ने आरोपियों बृजमोहन जगते व हरिमोहन जगते के घर को आग के हवाले कर दिया। मिट्टी का घर आग की चपेट में आने के बाद जलने लगा। इस दौरान घर में लगे बांस, बल्ली व अन्य सामान जलने लगे। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेंद्र के नेतृत्व में दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जबकि घर के अन्य सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना में आरोपियों का घर जलकर खाक हो गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जुआ, लेखापाल समेत 12 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/चारामा

मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का परिसर उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब यहां कुछ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपने परिचितों को बुलाकर जुए की फड़ सजा दी। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर मौके से 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन 12 में से 05 स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी है और 07 उन कर्मचारियों के दोस्त है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जहाँ पर 102 और 108 के कर्मचारी बैठते है, उसी कमरे में रविवार 19 जुलाई को जुआं खेलने की जानकारी चारामा पुलिस को मिली और चारामा पुलिस सायबर टीम के साथ मिलकर घेराबंदी किया, जहाँ से 12 जुआरी जुआं खेलते दबोचे गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्वास्थ्य केंद्र जैसे सार्वजनिक एवं संवेदनशील परिसर में जुआ खेलने की घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने भी इस पर नाराजगी जताई है।

#### शासकीय कर्मचारियों के साथी सात अन्य जुआरी

शासकीय कर्मचारियों के साथी जुआरी 31 वर्षीय शिवदत्त निषाद पिता जयसिंह निषाद निवासी शाहवाड़ा, 30 वर्षीय देवेन्द्र कुमार सेन पिता नंद कुमार सेन निवासी शाहवाड़ा, 35 वर्षीय इन्द्रजीत रामटेके पिता करण लाल रामटेके निवासी शाहवाडा, 40 वर्षीय विरेन्द्र मेश्राम पिता पंचम मेश्राम निवासी शाहवाड़ा, 59 वर्षीय खेमलाल गजेन्द्र पिता स्व चमरूराम निवासी अरौद और 35 वर्षीय महेन्द्र निषाद पिता अर्जुन निषाद निवासी अकलाडोंकरी जिला धमतरी और 52 वर्षीय देवप्रसाद उईके पिता रामभरोस निवासी पलेवा चौकी हल्बा थाना नरहरपुर को दबोचा गया।

## बाजार स्थल का एटीएम उखाड़कर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नगरनार

स्टील प्लांट नगरनार से लगे मुख्य बाजार स्थल के एटीएम को बीती राज अज्ञात चोर उखाड़कर अपने साथ ले गए। इंडिया वन बैंक के एटीएम के कैश बाक्स को लगभग 50 मीटर तक घिसटकर ले जाने के बाद चोरों ने उसे वहीं छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि चोर कैश ले जाने में कामयाब नहीं हो सके। घटना की जानकारी लगते ही नगरनार टीआई दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी। फारेंसिंक व डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौके पर पहुंचकर चोरों को सुराग लगाने प्रयास कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे गए और घटना से सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। नगर में बाजार में लगे एटीएम को चोरों ने रविवार रात लूटने का प्रयास किया लेकिन इसमें वे सफल नहीं हो सके। चोरों ने एटीएम को उखाड़कर अपने साथ ले जाने की कोशिश की लेकिन वे अपने इरादे में सफल नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि चोरों ने पहले एटीएम मशीन को तोड़कर उसमें रखी नकदी निकालने की कोशिश की लेकिन जब वे इसमें कामयाब नहीं हुए तो रस्सी बांधकर किसी वाहन की मदद से पूरी मशीन को खींचकर उखाड़ दिया।



## आपत्तिजनक फोटो वायरल, दो गिरफ्तार

**बालोद।** जिले में पूर्व प्रेमियो द्वारा अपनी अपनी प्रेमिकाओ का आपत्तिजनक फोटो सोशल मिडिया में अपलोड करने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनो ही आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र एवं अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में एक जैसे मामले सामने आए है, जिसमे प्रेमियो ने अपनी प्रमिका से ब्रेकअप होने के बाद कई बार उनसे संपर्क करने का प्रयास किया। जब प्रेमिकाओ ने अपने प्रेमियो से किसी भी संपर्क संबंध नही रखने की बात कही तो प्रेमियो ने प्रेमिकाओ के साथ चल रहे प्रेम प्रसंग के दौरान लिए गए विडियो फोटो को सोशल मिडिया में वायरल कर दिया। एक मामले में तो आरोपी प्रेमी ने अपने पूर्व प्रेमिका की पिता एवं उसकी सहेलियो को इस्टाग्राम में अपनी प्रेमिका की आपत्तिजनक फोटो, विडियो भेज दिए।

## शिक्षक की मांग पर कोचेरा स्कूल में तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शिक्षकों की मांग को लेकर ग्राम कोचेरा में पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चें व पालको ने तालाबंदी कर दी। आनन फानन में शिक्षा विभाग ने एक शिक्षक को संलग्न किया, तब ग्रामीणों ने तालाबंदी खोली। विद्यालय में वर्तमान में 26 बच्चे है।

ग्राम कोचेरा में ग्रामीण नवीन सत्र प्रारंभ होने के साथ ही शिक्षक की मांग करते हुए शिक्षा विभाग को आवेदन दे रहे थे। विद्यालय में कुल चार शिक्षक थे। प्रधान पाठक पदोन्नत होकर चले गये, एक महिला शिक्षक एक माह पूर्व सेवा निवृत्त हो गई। शेष दो शिक्षक रह गए। उनमें एक को प्रभारी प्रधान पाठक बना दिया गया। ग्रामीण बताते हैं कि प्रधान पाठक सरकारी कागजों को बनाने व उच्च कार्यालय आने–जाने में ही व्यस्त हो जाते हैं एक शिक्षक के भरोसे तीन कक्षाएं रह गई थी। ग्रामीणों को विद्यालय में उत्पन्न होने वाली स्थिति का पहले से ज्ञान था इसीलिए वे पूर्व से ही लगातार शिक्षक की मांग करते हुए आवेदन दे रहे थे। जब सुनवाई नहीं हुई तो बीते 15 जुलाई को तालाबंदी करने की चेतावनी देते हुए 20 जुलाई तक का समय दिया गया।



### वकीलों को 20 हजार रुपए का अनुदान हाईकोर्ट ने प्रक्रिया में तेजी लाने कहा



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नव-नामांकित अधिवक्ताओं को एकमुश्त 20 हजार अनुदान देने की प्रस्तावित योजना पर राज्य सरकार से निर्णय प्रक्रिया में तेजी लाने की अपेक्षा जताई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ के समक्ष राज्य शासन की ओर से दायर शपथपत्र में बताया गया कि 2 मार्च 2026 की छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल में नए पंजीकृत अधिवक्ताओं को उनकी प्रारंभिक आवश्यकताओं- जैसे कानून की पुस्तकें (लाइब्रेरी), टेबल और कुर्सी खरीदने-के लिए एकमुश्त 20,000 अनुदान देने का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा गया था। शासन ने बताया कि वित्त विभाग ने इस प्रस्ताव को राज्य मंत्रिपरिषद के समक्ष रखने की सलाह दी है। इसके पहले उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों में लागू समान योजनाओं एवं नियमों संबंधित राज्यों से जानकारी की जानकारी मांगी गई है। प्राप्त होने के बाद प्रस्ताव के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। शपथपत्र में दिए गए आश्वासन को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार आवश्यक जानकारी शीघ्र प्राप्त करने तथा प्रस्ताव को बिना अनावश्यक विलंब के कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी, ताकि इस पर जल्द उचित निर्णय लिया जा सके। मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 18000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास भोजन फ्री संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-891)

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड - 21, हाउसकीपिंग बाई - 21, हाउसकीपिंग जेंट्स - 15, एरिया मैनेजर गनमैन - 10 पद, वेतनमान 15000 से 25000, आधार कार्ड, 03 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर संपर्क करें - एच. आई. एस. सर्विसिस प्राइवेट लिमिटेड कृष्णा प्लाजा, अश्वनी नगर सुन्दर नगर रायपुर (छ ग.) 9171511755, 9039437556, 7713568537, कृपया आफिस आकर संपर्क करें (RO-802)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- बर्जर पेंट दुकान में कार्य हेतु लड़कों ( कम से कम बारहवीं) की,वेतन 11 से 13,000, अनुभवी एवं आसपास रहने वालों को प्राथमिकता । अमृत सेल्स , स्टेशन रोड ,रायपुर । मोबाइल 9827174205. (आरो-195)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु लड़के एंव लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन - 8000 से 10,000 तक संपर्क करें- सदगुरू आटो एसोसीरीज एम.जी.रोड गुजराती स्कूल सिंधी मार्केट शिवा हार्डवेयर के बाजू में मों.- 7773036060, 8889444544.(आरो-897)

असिस्टेंट/फील्ड वर्क

आवश्यकता है- ऑफिस असिस्टेंट के साथ फील्ड में भी कार्य कर सके (ऑलराउंडर) ऐसे व्यक्ति की जरूरत है कार चलाने वाले को प्राथमिकता। खबर वर्ल्ड मिडिया ग्रुप तेलीबांधा रायपुर मो 9329228972. (आरो-900)

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन –10 , टेलीकॉलर – 2, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव – 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइलः 9826652461. (आरो-893)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घरेलू महिला सहायक चाहिए, उम्र 18-40। (24 घंटे को प्राथमिकता,) अन्यथा 11–12 घंटे। कपड़े व घरेलू काम, कभी बच्चे की देखभाल; काम वाली न आए तो झाड़- पोछा- बर्तन। अनुभवी जरूरी। 24 घंटे हेतु रहना- खाना। 2 छुट्टी /माह। न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। 7039749769. (आरो-047)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रायपुर में शंकर नगर स्थित एक डेंटल क्लीनिक की मार्केटिंग करने के लिए एक ग्रेजुएट लड़के की आवश्यकता है। मोबाइल और बाइक आवश्यक। सम्पर्क करें- 9300416538. (आरो-41452)

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- कम्पनी का नाम. ऐशियन पूल्स पता- भाठागांव, रायपुर पद का नाम- टेक्नीशियन योग्यता- 5वीं से 12वीं समय- 10 घंटा वेतन - 12000/- से 15000/- मो. नं. - 9109260731, 9669082359. (आरो-895)

आवश्यकता

आवश्यकता है- नौकरी कर्मचारियों की आवश्यकता है :- मल्टी नेशनल कंपनी में कार्य हेतु बेहतरीन करियर अवसर, फ्रेशर और अनुभवी दोनों के लिये, आयु सीमा 22–50 वर्ष, फुल-टाइम या पार्ट-टाइम, मासिक आय 25,000–33,000 + इंसेंटिव + बोनस। महिलाओं को प्राथमिकता, कार्यस्थलः रायपुर, संपर्क करें 7987566591 / 9516911911 / 9755162144. (आरो-899)

असिस्टेंट

आवश्यकता है- अशोका रतन, शंकर नगर रायपुर में एक डेंटल क्लीनिक में काम करने हेतु एक असिस्टेंट लड़की जो 12वीं पास हो चाहिए। सैलरी 7000 से 7500 तक सम्पर्क करें- 8435533000, 9179908935. (आरो-41446)

हरिभूमि क्लासीफाईड

सेल्समैन/हेल्पर

आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व हेल्पर तथा कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। 10-15 लड़के चाहिए। मिलने का समयः दोपहर 3 से 6 बजे तक चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर डी 29- 30, प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, रायपुर, संपर्कः 9425506658, 9424200658, 9977252503.(RO-7271)

केयर टेकर

आवश्यकता है- रायपुर में पुरुष कोमा पेशेंट हेतु केयर टेकर चाहिए। आयु अधिकतम 35 वर्ष, न्यूनतम 12वीं उत्तीर्ण। मेडिकल ज्ञान आवश्यक नहीं। रहने की सुविधा उपलब्ध। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्कः राकेश अग्रवाल, ए-73, लविस्ता कॉलोनी, अमलीडीह, रायपुर। मो.: 9575042812। मिलने का समयः सुबह 9 से 11 बजे।(आरो-898)

ऑफिस कार्य

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क- 9630922589, 9893029618.(आरो-530)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

ऑफिस कार्य/गृह कार्य

आवश्यकता है- JOB JOB JOB Office कार्य हेतु लड़कियों एंव लड़को का आवश्यकता है एंव घर कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है वेतन 10,000 से 15, 000 - 7879020825. (आरो-801)

पैकिंग/ऑपरेटर कार्य

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग एवं कंप्यूटर अप्रेटर कार्य हेतु लड़को और लड़कियों की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375. (आरो-meet)

फील्ड कार्य

आवश्यकता है- एग्रीकल्चर फार्म में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी एवं फील्ड में काम करने के लड़के चाहिए पेमेंट 15000 -25000 और रहने की सुविधा दोपहिया वाहन दिया जाएगा , संपर्क रवि उभारानी-7389582131, 6264712566, राम कृषि फार्म तरकोरी राम कृषि फार्म सुरहोली मिलने का समय 12:00 बजे से 3:00 तक फोन करके ही इंटरव्यू देने आए (आरो न.-318)

ऑफिस बॉय/घरेलु कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस हेतु 10वीं पास ऑफिस बॉय एवं घर में घरेलु नौकर और बच्चे के लिए आया की आवश्यकता है संपर्क करें- बेलकेम 16/5 दिक्षित कॉलोनी कोसानगर भिलाई मो.-94062-41383, 73890-10383 (आरो न.-315)

ड्रायवर

आवश्यकता है- घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्कः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(आरो-554)

घरेलु कार्य/कुक

आवश्यकता है- रायपुर में एक फैमिली की आवश्यकता हैं - पत्नी जो घर मे रहकर घर के कार्य कर सके एवं पति जिसे ड्राइविंग आती हो जो बुलेरो पिकअप चला सके उसे प्राथमिकता। रहने/बिजली, पानी की सुविधा। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्कः- 9893413130, 9425509393. (आरो-942)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए महिला की आवश्यकता हैं । समयः 24 घंटे (रहकर कार्य करने हेतु) आयु : 35 से 60 वर्ष तक स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई वेतनः 12,000 प्रतिमाह, संपर्क करें: 9826708233.(आरो नं.-SPD/0064)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - विनायिका फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूहलोन, पर्सनल, लेबरकार्ड, डेयरीफार्म, होमलोन, आधारकार्ड पर 40000 से 50 लाख तक (2 प्रतिशत ब्याज), (30 प्रतिशत छूट). संपर्क करें- 7489545029.(आरो-4401)

हरिभूमि

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। संपर्कः- 7988465321, 7988465321. (आरो-048)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरो-4157)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

RAIPUR SMART BUSINESS
GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क : शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर- 1 आदर्श विद्यालय के पीछे, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## जैकेट के शेष

### हाईकोर्ट ने पूछा- गरीब बच्चे पढ़ाई ...

1174 बच्चों का चयन किया गया है। वहीं, शेष रिक्त सीटों को भरने के लिए विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार और अभिभावकों की सहायता करेगा। सरकार की ओर से कहा गया कि आरटीई के तहत अगस्त तक बच्चों के एडमिशन की प्रक्रिया चलेगी। इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि अप्रैल में सत्र शुरू हो गया है। ऐसे में यह गरीब बच्चे पढ़ाई कब शुरू करेंगे और इनका कोर्स कैसे पूरा होगा। क्या राज्य सरकार इनके लिए कोई अलग से व्यवस्था करने वाली है। हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से हलफनामा प्रस्तुत कर आरटीई सीटों की स्थिति, प्रतिपूर्ति और प्रवेश प्रक्रिया की ताजा जानकारी दी गई। हलफनामे में कहा गया कि विभाग न्यायालय के सभी आदेशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ने बताया कि 6 जुलाई 2026 को प्रदेश के सभी 33 जिलों में आरटीई के तहत बची हुई सीटों के लिए दूसरी लाटरी आयोजित की गई। लाटरी के लिए 9984 सीटें उपलब्ध थीं। इनके लिए 12,934 आवेदन प्राप्त हुए। लाटरी के बाद 1174 बच्चों का चयन किया गया। चयनित बच्चों का प्रवेश 8 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक कराया गया। सरकार ने यह भी कहा कि बची हुई सीटों को भरने के लिए अभिभावकों को हरसंभव सहायता दी जाएगी और प्रक्रिया अगस्त तक चलेगी।

**339.73 करोड़ रुपए की प्रतिपूर्ति राशि जारी** : राज्य सरकार ने हलफनामे में बताया कि निजी गैर-अनुदान प्राप्त स्कूलों को आरटीई के तहत प्रवेश देने के एवज में प्रतिपूर्ति के लिए 339 करोड़ 73 लाख 36 हजार रुपए की राशि स्वीकृत कर दी गई है। यह राशि वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए स्वीकृत की गई है और इसे लोक शिक्षण संचालनालय के खाते में स्थानांतरित भी कर दिया गया है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि निजी स्कूल संचालकों द्वारा प्रतिपूर्ति राशि बढ़ाने की मांग को 10 जून 2026 के आदेश से अस्वीकार कर दिया गया है। सरकार का कहना है कि वर्तमान प्रतिपूर्ति राशि पर्याप्त है और इसमें वृद्धि की आवश्यकता नहीं है।-

### पुलिस हेडक्वार्टर में मृत मिले त्रिपुरा ...

अधिकारियों के साथ पुलिस मुख्यालय पहुंचे। साहा ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, मैं त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक अनुराग धनखड़ के दुखद निधन से बेहद स्तब्ध और दुखी हूं। उनका शव आज आधिकारिक कक्ष के शौचालय में फंदे से लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी को तुरंत अगरतला स्थित जीबीपी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें 'अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत' घोषित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, इस अत्यंत दुख की घड़ी में मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। दिवंगत आत्मा को शांति मिले और ईश्वर परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति और साहस प्रदान करें।

**घटना की जांच की मांग** : इस बीच, त्रिपुरा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जितेंद्र चौधरी ने इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए त्रिपुरा उच्च न्यायालय की निगरानी में विशेष जांच दल गठित करने की मांग की। चौधरी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, डीजीपी कई कारणों से दबाव में थे। हम मांग करते हैं कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जांच के लिए त्रिपुरा उच्च न्यायालय की निगरानी में एसआईटी गठित की जाए और इसके लिए कैबिनेट की विशेष बैठक बुलाई जाए। धनखड़ (60) अपने पद से 11 महीने बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। धनखड़ को पिछले वर्ष मई में राज्य का पुलिस प्रमुख नियुक्त किया गया था।

## पेज एक के शेष

### बांधों ने बांधी आस, अभी से...

रफ्तार तेज होने के साथ ही राज्य के बड़े, मध्यम और लघु जलाशयों में जलभराव की स्थिति पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर दिखाई दे रही है। 20 जुलाई के दैनिक टैंक गेज रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश प्रमुख जलाशयों में पिछले वर्ष की इसी तारीख की तुलना में अधिक पानी संग्रहित है। हालांकि कुछ बड़े बांधों में जलस्तर अभी भी सामान्य क्षमता से काफी नीचे है, जिससे यह स्पष्ट है कि आगामी दिनों की वर्षा राज्य की सिंचाई और पेयजल व्यवस्था के लिए निर्णायक रहेगी।

**बड़े बांधों में सुधार, लेकिन तस्वीर पूरी तरह एक जैसी नहीं** : राज्य के सबसे बड़े जलाशय मिनीमाता बांगो में इस वर्ष 2,016.91 मिलियन घन मीटर (69.69 प्रतिशत) पानी संग्रहित है, जबकि पिछले वर्ष इसी तारीख को यह 1,560.08 मिलियन घन मीटर (53.91 प्रतिशत) था। यानी एक वर्ष में लगभग 438 मिलियन घन मीटर अधिक जल संग्रहित हुआ है। रविशंकर सागर (गंगरेल) में भी जलभराव बढ़कर 47.16 प्रतिशत पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष 53.46 प्रतिशत से थोड़ा कम है, लेकिन 2024 की तुलना में कहीं अधिक है। दूसरी ओर दूधावा जलाशय में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। यहां जलभराव 71.83 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी दिन यह केवल 21.87 प्रतिशत था।खारंग जलाशय पूरी क्षमता तक भर चुका है। इसमें 100 प्रतिशत जल संग्रहण दर्ज किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी दिन यह 87.25 प्रतिशत था। इसी प्रकार सिकासार में भी जलभराव लगभग पिछले वर्ष के बराबर, 64 प्रतिशत से अधिक बना हुआ है।

**मध्यम और छोटे जलाशयों में भी बढ़ा जलभराव** : रिपोर्ट बताती है कि राज्य के अनेक मध्यम और लघु जलाशयों में भी पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर स्थिति बनी है। उदाहरण के तौर पर—कर्रा नाला बैराज (कबीरधाम) में जलभराव 70.98 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष लगभग 70 प्रतिशत के बराबर था।बांकी जलाशय (सरगुजा) में जलभराव 69.36 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि पिछले वर्ष यह नगण्य स्तर पर था। केदार नाला (रायगढ़) में 52.40 प्रतिशत क्षमता तक पानी है, जो पिछले वर्ष के 34.23 प्रतिशत से काफी अधिक है। किंकरी नाला (रायगढ़) में भी जलभराव 34.36 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष के 18.45 प्रतिशत से लगभग दोगुना है। हालांकि कुछ छोटे जलाशयों में अभी भी जलभराव अपेक्षाकृत कम है और वे आगामी बारिश पर निर्भर हैं।**कृषि सीजन के लिए राहत के संकेत** : जलभराव में आई बढ़ोतरी खरीफ फसलों की सिंचाई, पेयजल उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन की दृष्टि से सकारात्मक संकेत मानी जा रही है। यदि जुलाई के शेष दिनों और अगस्त में सामान्य अथवा उससे अधिक वर्षा होती है तो अधिकांश बड़े और मध्यम जलाशयों के पर्याप्त स्तर तक भरने की संभावना है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बेहतर होगी और रबी सीजन की तैयारी भी मजबूत हो सकेगी।

### कस्तूरबा छात्रावास में 13 छात्राओं को...

फूड पॉइजनिंग का माना जा रहा है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। चिकित्सकों के अनुसार सभी छात्राओं की हालत फिलहाल सामान्य और नियंत्रण में है। अस्पताल में भर्ती छात्राओं की भी लगातार निगरानी की जा रही है।

**स्वास्थ्य अमला पहुंचा छात्रावास** : घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम छात्रावास पहुंची, छात्राओं की जांच की। विभाग द्वारा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि छात्राओं की तबीयत किस कारण बिगड़ी। इसके लिए छात्रावास में परोसे गए भोजन और पेयजल के नमूने जांच के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### आने वाला समय एआई...

हो चुकी है। उन्होंने विद्यालय में पहली बार प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के चयनित विद्यार्थियों को पुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया तथा कक्षा नवमी की पात्र छात्राओं को साइकिल प्रदान की। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मन लगाकर अध्ययन करें और अपने ज्ञान, प्रतिभा एवं संस्कारों से समाज और प्रदेश का नाम रोशन करें। विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य में 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं तथा 24 नालंदा परिसर विकसित किए जा चुके हैं। दिल्ली में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 200 सीट क्षमता वाले छात्रावास की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से पढ़ाई के साथ संस्कार, कौशल और रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, साजा विधायक ईश्वर साहू, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, दुर्ग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य, आयुक्त समग्र शिक्षा किरण कौशल, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता

**किशनॉउ (मोल्दोवा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को मोल्दोवा की ऐतिहासिक यात्रा पर यहां पहुंचीं, जो किसी भी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस यूरोपीय देश की पहली यात्रा है। यह यात्रा यूरोप के तीन देशों के उनके दौरे का हिस्सा है, जिसका मकसद व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ करना है। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'किशनॉउ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर, मोल्दोवा गणराज्य के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मिहाई पॉपसोई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।' अपनी यात्रा के पहले चरण में, राष्ट्रपति मुर्मू मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया संदू के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह मोल्दोवा गणराज्य की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसु से भी मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू मोल्दोवा-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ वार्ता करेंगी।

*हार्डलाइनर खलील अल-हय्या के हाथ में कमान*

## आतंकी संगठन हमास को मिला नया नेता

एजेंसी ▶▶| गाजापट्टी

हमास को नया नेता मिल गया है। आतंकी संगठन हमास ने घोषणा की है कि खलील अल-हय्या को हमास का प्रमुख चुना गया है। अल-हय्या पहले गाजा में हमास के पॉलिटिकल ब्यूरो का प्रमुख था। हमास के आंतरिक चुनावों में खलील अल-हय्या को नया प्रमुख चुना गया है। खलील अल-हय्या गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए संघर्ष-विराम और बंधकों की रिहाई पर हुई बातचीत के दौरान आतंकी संगठन का मुख्य वार्ताकार था। यह युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले और नरसंहार के बाद शुरू हुआ था। हमास नेता याह्या सिनवार और इस्माइल हानिया की हत्या के बाद पिछले दो सालों से इस संगठन की कमान पांच सदस्यों वाली एक लीडरशिप काउंसिल के हाथ में रही है, जिसमें अल-हय्या भी शामिल था।



### गाजापटटी में हुआ है जन्म

अल-हय्या का जन्म गाजा पट्टी में हुआ था और उसने अपनी ज़िंदगी का ज़्यादातर समय वहीं बिताया। 7 अक्टूबर के नरसंहार से कुछ समय पहले वो गाजा छोड़कर कतर चला गया था और तब से मुख्य रूप से वहीं रह रहा है। कतर में रहते हुए अल हय्या अरब के राजनीतिक नेतृत्व से संवाद कायम करता था। जुलाई 2024 में तेहरान की यात्रा के दौरान वह हनिया के साथ था। इसी दौरान हानिया की हत्या कर दी गई थी। खलील-अल-हय्या ने 7 अक्टूबर के हमले के बारे में कहा था कि इसका मकसद जेल में बंद फ़िलिस्तीनियों को छुड़ाने के लिए इजरायली सैनिकों को पकड़ना था। ताकि 'प्रिजनर स्वैप' किया जा सके।

*पटियाला में सनसनीखेज वारदात*

## स्कूल जा रही छात्रा को पीछे से सुआ घोंपा

एजेंसी ▶▶| पटियाला

पटियाला में दिनदहाड़े एक स्कूली छात्रा पर तेजधार सुए से हमला कर दिया गया। हमलावर पीछे से दबे पांव दौड़कर आया और गली में जा रही लड़की की टांगों के बीच सुआ मारकर तुरंत भाग गया। इसके बाद लड़की दर्द में कराहती हुई गली में ही बैठ गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें हमलावर युवक को साफ देखा जा सकता है। पुलिस का कहना है कि हमलावर को हिरासत में लिया गया है। उसके परिजन का कहना है कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। इधर, लड़की को घायल अवस्था में एक निजी अस्पताल ले जाया गया था। वहां डॉक्टर ने उसकी मरहम पट्टी कर उसे छुट्टी दे दी। लड़की के टांगों के बीच हल्की चोट आई थी।

### स्कूल जाते समय हुई वारदात

पुलिस के मुताबिक, यह घटना पटियाला के बिशन नगर इलाके की है। सामने आए सीसीटीवी के मुताबिक, यह वारदात 17 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे हुई। यहां रहने वाली एक लड़की बैग लटकाकर स्कूल जा रही थी। उसने स्कार्फ से अपना चेहरा ढंका हुआ था। जब वह बिशन नगर की गली नंबर-9 से गुजर रही थी, तभी पीछे से एक युवक दौड़ता हुआ और लड़की के पीछे टांगों के बीच सुआ मारकर भाग गया। चोट से घायल लड़की गली में ही चीखकर बैठ गई। इसके बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने वारदात की सूचना लड़की के परिजन को दी।

पुलिस के मुताबिक, लड़की ने पेंट पहना था, जिससे सुए से वार का बचाव हो गया।


## निर्वाचन (विशेष साधारण सम्मिलन) सूचना

महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित महासमुंद पंजीयन क्रमांक 16 के बोर्ड के निर्वाचन हेतु संस्था के रिटर्निंग अधिकारी श्री मनोज नायक के द्वारा बैंक के बोर्ड के 10 पदों का आरक्षण कर दिनांक 20/07/2026 को निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार बैंक में नामांकन पत्र दिनांक 28/07/2026 को समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत किया जावेगा। नामांकन की जांच 29/07/2026 को प्रातः 11.00 बजे से होगी। दिनांक 30/07/2026 को नामांकन की वापसी तथा चुनाव चिन्ह का आबंटन होगा। उक्त सभी कार्यवाही महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित महासमुंद में होगी। दिनांक 09/08/2026 को अमृत बाई हाई स्कूल, स्टेशन रोड महासमुंद में प्रातः 8.00 बजे से निर्वाचन की विशेष आमसभा एवं मतदान होगा। तत्पश्चात मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जावेगी। तदाशय की सूचना बैंक द्वारा समस्त सदस्यों को निर्वाचन कार्यक्रम की प्रति सहित जारी की जा चुकी है।

(मनोज नायक)
रिटर्निंग अधिकारी, महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित
महासमुंद (छ.ग.) पं.क्र. 16

## न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र. / 202607150400008 / अ-20(2) / 25-26

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय आवेदक कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर के द्वारा ग्राम बस्तर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा ग्राम बस्तर प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. बस्तर स्थित भूमि ख.नं. ग्राम बस्तर, नगर पंचायत बस्तर प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. बस्तर स्थित ख.नं. 537/2 कुल रकबा 1.1330 हे० मे से 0.07 हे. प्रस्तावित रकबा कुल 0.07 हे. शासकीय, आबादी मद भूमि को चिन्हांकित कर भूमि में व्यवस्थापन / आबंटन, को कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर द्वारा निकाय के स्वंय स्त्रोतो को वृद्धि करने हेतु कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर द्वारा ग्राम बस्तर नगर पंचायत वार्ड क्र. 3 में व्यवसायिक परिसर जिला निर्माण समिति के द्वारा हस्तांतरण दिनांक 16.05.2026 को दिया गया है जिसमें, 12 नग दुकान निर्मित है , छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत बनाये गये छ.ग. नगर पालिका, अंचल संपत्ति का अंतरण, नियम 1966 के अनुसार नीलामी की प्रक्रिया नही की जा सकती लेख करते हुए नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत दुकान निर्माण कार्य हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर 1.00 रूपये प्रति वर्गफूट की दर से भूमि बंटन करने का निवेदन किया है ।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 31/07/2026 तक आपत्ति पेश कर सकते है । म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।आज दिनांक 17.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

(मुहर) तहसीलदार
बस्तर

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कबीरधाम**
**जिला न्यायालय के पास कबीरधाम (छ.ग.)**

**सूचना**

प्रकरण क्रमांक. डी.सी./382/सी.सी/ 28/2025
पेशी दिनांक 23/07/2026

पक्षकार का नाम :- पंकज चन्द्रवंशी..... /परिवादी
**विरूद्ध**
गुरिन्दर मेहरा मार्ट छेहरता एवं अन्य....... विरूद्ध पक्ष

**विरूद्ध पक्षकार का नाम व पता :-** गुरिन्दर, विक्रेता, मेहरा मार्ट छेहरता चौक, एक्सिस बैंक ए.टी.एम. के पास, फाटक के पास, अमृतसर (पंजाब) पिन नं. 143105

परिवादी द्वारा आप विरूद्ध पक्ष के विरूद्ध ओ.एल.एक्स के माध्यम से अनुचित व्यापारिक व्यवहार कर मोबाईल विक्रय किये जाने के संबंध में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के तहत परिवाद प्रस्तुत की गई है। अतः आप विरोधी पक्ष क्रमांक (1) को इस आयोग में दिनांक 23/07/2026 को दिन में 11.00 बजे उक्त परिवाद के संबंध में उपस्थित होने के लिए आम सूचना प्रकाशन के द्वारा निर्देशित किया जाता है। आप उक्त तिथि को इस आयोग में स्वयं या किसी अधिवक्ता द्वारा जिन्हें अनुदेश दिये गये हो, और जो उक्त परिवाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, उपस्थित हो। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि 23/07/2026 में उक्त परिवाद के अंतिम निपटारें के लिए नियत तिथि है। आप विरूद्ध पक्ष क्रमांक (1) अपने पक्ष समर्थन हेतु यदि इस आयोग के समक्ष उक्तानुसार उपस्थित होने में चूक करेंगे, तो आपकी अनुपस्थिति में आपके प्रकरण की सुनवाई किया जाकर, उसका अंतिम निराकरण कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 16/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर और आयोग द्वारा जारी किया गया।

(मुहर) अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष
आयोग कबीरधाम (छ.ग.)

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

(छ.रा. विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग, छ.स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कं.लिमि. कांकेर

क्र. का.यं. / का./ सा./ प्रकाशन/1576 — कांकेर, दिनांक 20.07.2026

**-:: बिजली बंद होने की सूचना ::-**

सभी सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 21-07-2026 दिन मंगलवार को 132kv Main Bus For Replacement of Damaged Work (132 के.व्ही उपकेन्द्र कांकेर में अतिआवश्यक मरम्मत कार्य) करवाये जाने के कारण सुबह समय 11.00 बजे से दोपहर 02.00 तक विद्युत सप्लाई पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

| क्र. | दिनांक | कार्य स्थान | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 21.07.2026 मंगलवार प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक | 132/33 के.व्ही अति उच्च दाब उपकेन्द्र कांकेर | कॉकेर ठेलकाबोंड में स्थापित 132/33kv उपकेन्द्र Main Bus For Replacement of Damaged Work (132 के.व्ही उपकेन्द्र कॉकेर में अतिआवश्यक मरम्मत कार्य) के कारण से 132 के.व्ही उपकेन्द्र कॉकेर से संचालित समस्त 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र कॉकेर शहर, सिंगारभांट, पटौद, डुमाली, बागोडार, मरकाटोला, कुरिष्टीकुर, सरोना, जुनवानी, डुमरपानी, नरहरपुर, जाम गांव, मुसुरपुटटा, अमोडा व संचालित उपकेन्द्र से सम्बन्धित समस्त शहर व ग्राम एंव उपभोक्ताओं का सुबह समय 11.00 बजे से दोपहर 02.00 तक विद्युत सप्लाई पूर्व रूप से बंद रहेगी । |

नोट :- आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
असुविधा के लिए खेद है । कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.)
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि, कांकेर

## आम सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390007; कॉर्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई - 400051।

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित ऋणधारक (ओं) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से लिए गए सोने के आभूषणों के बदले ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। भुगतान में विफलता के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी 20 अगस्त, 2026 को आयोजित की जाएगी। यदि ऋणधारक की मृत्यु हो गई है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित वैध उत्तराधिकारी (ओं) पर लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ऋणधारक का नाम | नीलामी शाखा का पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम: अंबिकापुर - खरसिया रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बसंत मल्टीप्लेक्स, खरसिया रोड, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ - 497001 |
| 544957000020 | डबलू राम कुजूर | |
| शाखा का नाम: भिलाई | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 35,36,37 कॉमर्शियल सह आवासीय परिसर, नेहरू नगर पूर्व, भिलाई - 490020 |
| 018657000097 | स्वाति स्वर्णकार | |
| 018657000098 | स्वाति स्वर्णकार | |
| शाखा का नाम: कटघोरा | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रेमलता गर्ग कॉम्प्लेक्स, दुकान नंबर 223, वार्ड नंबर 3, मेन रोड, कटघोरा, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ - 495445 |
| 328857000099 | अमन राय | |
| शाखा का नाम: नारायणपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 405/3, मेन रोड, भकरुपारा, नारायणपुर - 494661, छत्तीसगढ़ |
| 783557000099 | वर्षा यादव | |
| शाखा का नाम: पाली, छत्तीसगढ़ | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वी वी प्लाजा, नगर पंचायत के सामने, एनएच-111 मेन रोड पाली - 495449 |
| 280457000055 | अनिता | |
| शाखा का नाम: रायपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 2/12, 14/21, 15/8, पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस के पास, यूनिसेफ कार्यालय के पास, सिविल लाइन, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़ |
| 016157000389 | प्रज्ञा पाठक | |
| 016157000521 | सुमन मिश्रा | |
| 016157000534 | सुमन मिश्रा | |

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी। समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक। कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।

दिनांक: 21.07.2026 — भवदीय, हस्ताक्षर/- अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
स्थान: रायपुर, दुर्ग, कोरबा, सूरजपुर, नारायणपुर, — कृते/-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## एनएमडीसी लिमिटेड

NMDC
बैलाडिला लौह अयस्क खान बचेली कॉम्प्लेक्स पोस्टः बचेली, जिलाः दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ. ग.)

**नर्सिंग कोर्स हेतु ऑनलाइन प्रवेश सूचना- 2026**
**(केवल अजजा छात्राओं हेतु**

एनएमडीसी के नैगमिक सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत बस्तर क्षेत्र के इच्छुक गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासी (अजजा) छात्राओं को एसआरएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग, चेन्नई, अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, चित्तूर, अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद, किम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद तथा यशोदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद में बीएससी (B.Sc) नर्सिंग (04 वर्षीय) एवं जीएनएम (GNM) ( 03 वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम 17 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष से कम उम्र की आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इन पाठ्यक्रमों में कुल 200 सीटें है, जिसमें **बीएससी (B.Sc)** नर्सिंग के लिए 110 व **जीएनएम (GNM )** के लिए 90 सीटें उपलब्ध हैं। चयनित छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी ।

**योग्यताः**

**बीएससी (नर्सिंग):**
1. 12वीं में विज्ञान विषयों में (भौतिक, रसायन एवं बायोलॉजी) कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा संपूर्ण विषयों में कुल योग 45 प्रतिशत होना अनिवार्य है ।
2. अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।
3. **बीएससी नर्सिंग में प्रवेश हेतु आवेदिकाओं का नीट (NEET) 2026 की शैक्षणिक वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।**

**जीएनएम :**
1. 12वीं में विज्ञान विषयों में (भौतिक, रसायन एवं बायोलॉजी) कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा संपूर्ण विषयों में कुल योग 45 प्रतिशत होना अनिवार्य है ।
2. अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

1. अभ्यर्थियों को बस्तर क्षेत्र के **दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा, कोंडागांव, बीजापुर एवं नारायणपुर** जिले का निवासी होना अनिवार्य है ।
2. परिवार की कुल वार्षिक आय रू. 72,000/- से अधिक न हो (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र 01 वर्ष (22.07.2025) से अधिक पुराना न हो) ।
3. यह योजना केवल (अजजा) छात्राओं के लिए मान्य है

**आवेदन प्रक्रियाः**
1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों को ऑनलाइन मोड में ही आवेदन करना होगा।
2. अभ्यर्थियों को एनएमडीसी की वेबसाइट https://www.nmdc.co.in/careers के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है (लिंक वेबसाइट के करियर पेज पर उपलब्ध है) । लिंक 22.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे से 05.08.2026 को रात्रि 11:59 बजे तक आवेदन कर सकेंगे।
3. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी आवश्यक विवरण भरने एवं उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों को अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन के दौरान निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन्ड प्रति अपलोड करना अनिवार्य है:**
1. 10वीं की अंक सूची
2. 12वीं की अंक सूची
3. नीट (NEET) 2026 स्कोर कार्ड (केवल बीएससी नर्सिंग हेतु)
4. जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जनजाति – ST, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी )
5. आय प्रमाण पत्र ( सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, 22.07.2025 से अधिक पुराना न हो)
6. निवास प्रमाण पत्र ( सक्षम अधिकारी द्वारा जारी )
7. आधार कार्ड या राशन कार्ड
8. पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो
9. हस्ताक्षर (Signature)

**चयन प्रक्रियाः**
- सभी अभ्यर्थी की लिखित परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी ।
- प्रश्नपत्र बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्नों (Objective Type Multiple Choice Question) पर आधारित होगा। प्रश्न अंग्रेजी भाषा में होंगे तथा उत्तरों को - OMR शीट पर भरना होगा (लिखित परीक्षा ऑफ-लाईन मोड में होगा ) ।
- परीक्षा विषयः
  a) भौतिकी (Physics) – 5 Marks
  b) रसायन शास्त्र (Chemistry ) – 5 Marks
  c) जीव विज्ञान (Biology) - 10 Marks
  d) अंग्रेजी (English) – 7 Marks
  e) सामान्य ज्ञान (General knowledge) 3 Marks
- एडमिट कार्ड एवं परीक्षा तिथि की सूचना एनएमडीसी के वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है ।
- लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षण के उपरांत किया जाएगा।

**संपर्क सहायताः ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबर / ईमेल पर संपर्क करेंः हेल्पलाइनः 7044599061 ईमेलः** nbsybacheli002@gmail.com

**महत्वपूर्ण टीपः –**
1. एनएमडीसी परियोजनाओं के आस-पास के क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी तथा योग्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।
2. चयनित अभ्यर्थियों को उल्लेखित नर्सिंग कॉलेजों का आंबटन प्रबंधन द्वारा किया जाएगा।

वास्ते
सीएसआर विभाग
एनएमडीसी, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6293



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 6292 का हल




## सूडोकु नवताल - 6303

सरल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 630 का हल



## खबर संक्षेप

### अल्ट्राटेक सीमेंट का पहली तिमाही लाभ 17 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** सीमेंट बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 17.23 प्रतिशत बढ़कर 2,603.72 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की इसी तिमाही में कंपनी ने 2,220.91 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के लाभ में वृद्धि

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 28 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से प्रीमियम संग्रह में वृद्धि के कारण लाभ बढ़ा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 23 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### आईओबी का लाभ 49 फीसदी बढ़कर 1659 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडिय ओवरसीज बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 49.3 प्रतिशत बढ़कर 1,659 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार से बैंक का लाभ बढ़ा है। पिछले साल 2025-26 की इसी तिमाही में बैंक को 1,111 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### इंडो एमआईएम का आईपीओ 23 जुलाई को खुलेगा



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी इंडो एमआईएम लिमिटेड ने अपने 3,812 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 461-485 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 24,000 करोड़ रुपये आंका गया है।

### श्याम मेटालिक्स के लाभ में 21 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 20.6 प्रतिशत बढ़कर 350.73 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 290.67 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### लोहिया कॉर्प का आईपीओ 23 जुलाई को खुलेगा



**नई दिल्ली।** औद्योगिक मशीनरी विनिर्माता लोहिया कॉर्प लिमिटेड ने अपने 1,102 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 404-425 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन लगभग 4,500 करोड़ रुपये आंका गया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसका 1,102 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 जुलाई को खुलेगा और 27 जुलाई को बंद होगा।

# निवेशकों को झटका, इक्विटी पर एलटीसीजी टैक्स खत्म नहीं करेगी सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछले कुछ दिनों से खबरें सामने आ रही थीं कि सरकार जल्दी ही शेयर बाजार में लिस्टेड इक्विटी पर लगने वाला एलटीसीजी टैक्स को हटाने जा रही है। लेकिन अब खुद सरकार की तरफ से ही इस खबर को पूरी तरह से गलत बता दिया गया है।

- पिछले कुछ दिनों से निवेशकों की एलटीसीजी टैक्स हटाने की मांग थी

हाल ही में केंद्र सरकार के एक मंत्री ने बताया है कि सरकार किसी भी टैक्स को हटाने की कोई प्लानिंग नहीं कर रही है। दरअसल सोमवार को लोकसभा में केंद्र सरकार के एक मंत्री ने साफ कर दिया कि लिस्टेड शेयरों पर लगने वाले लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स को हटाने की फिलहाल कोई प्लानिंग नहीं है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार के पास रिटेल और घरेलू निवेशकों के लिए इस टैक्स को खत्म करने का कोई प्रस्ताव ऐसा नहीं है जिस पर कोई सोच- विचार किया जा रहा हो।

## सरकार की किसी भी टैक्स को हटाने की कोई प्लानिंग नहीं है

### क्यों नहीं हटाया जा रहा टैक्स?

बता दें कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाने के पीछे सरकार की एक बड़ी वजह इस टैक्स से होने वाली बढ़ती आय है। संसद में शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक शेयरों पर एलटीसीजी टैक्स से सरकार की कमाई साल 2025-26 में करीब 78 प्रतिशत बढ़कर 1.29 लाख करोड़ रुपए हो गई, जबकि पिछले साल ये 72,249 करोड़ रुपए थी। इससे साफ है कि ये टैक्स सरकार के राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनता जा रहा है। ऐसे में सरकार इस टैक्स को हटाकर खुद का नुकसान तो बिलकुल भी नहीं करना चाहेगी।




### मई में एफएम ने दिया था जवाब

मई में, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार स्टॉक मार्केट निवेशकों की टैक्स सिस्टम से जुड़ी चिंताओं को सुनने के लिए तैयार है, जिसमें एलटीसीजी और शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) टैक्स से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। स्टॉक मार्केट में शामिल लोगों की ओर से एलटीसीजी और एसटीसीजी टैक्स की समीक्षा की मांग के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि इस खास मुद्दे पर, और किसी भी मुद्दे पर, हम हमेशा लोगों की बात सुनने के लिए तैयार रहते हैं। हम निश्चित रूप से उनके सुझावों पर विचार करेंगे।

### निवेशकों ने की थी टैक्स हटाने की मांग

पिछले कुछ दिनों में कई निवेशकों और मार्केट एक्सपर्ट्स ने एलटीसीजी टैक्स हटाने की मांग की थी। उनका कहना है कि ये टैक्स लंबी अवधि के निवेश को निराश करता है और निवेशकों का मुनाफा कम कर देता है। कुछ लोगों ने ये भी मांग की है कि घरेलू निवेशकों को भी वही टैक्स रिलीफ मिले, जो हाल ही में सरकारी बॉन्ड में निवेश करने वाले कुछ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई ) को दी गई है।

## पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा, संरचनात्मक सुधारों में तेजी लानी होगी

# भारत संरचनात्मक सुधारों से आठ से नौ प्रतिशत वृद्धि हासिल कर सकता है: सुब्रमण्यम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यम ने सोमवार को कहा कि भारत कारोबार करने और वित्तपोषण की लागत कम करने के लिए संरचनात्मक सुधारों में तेजी लाकर आठ से नौ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है। उन्होंने भूमि, श्रम और पूंजी जैसे कारक बाजारों में सुधारों के साथ-साथ न्यायिक और नौकरशाही सुधार लागू करने की वकालत की।*

सुब्रमण्यम ने कहा, ''वृहद आर्थिक स्थिरता ने भारत को सात प्रतिशत वृद्धि तक पहुंचाया। संस्थागत सुधार भारत को नौ प्रतिशत वृद्धि तक ले जा सकते हैं।

उन्होंने कहा, ''जब निजी निवेश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सा 30 प्रतिशत से अधिक था, तब भारत ने आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हासिल की थी। अभी यह लगभग 22-23 प्रतिशत है, यानी लक्ष्य से सात से आठ प्रतिशत कम।''


### एनपीए कई दशकों से निचले स्तर पर

सुब्रमण्यम ने कहा, ''तब हम सात प्रतिशत से नौ प्रतिशत वृद्धि की छलांग लगाएंगे।'' उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों के सार्वजनिक पूंजीगत व्यय ने वह बुनियादी ढांचा तैयार किया है, जिसके बाद निजी निवेश आता है। साथ ही, सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) कई दशक के निचले स्तर के करीब होने से बैंकिंग प्रणाली भी इसे समर्थन देने के लिए तैयार है।

**सुब्रमण्यम ने नौकरशाही सुधार लागू करने की वकालत की**

**आर्थिक स्थिरता ने भारत को सात प्रतिशत वृद्धि तक पहुंचाया**

**संस्थागत सुधार भारत को नौ प्रतिशत वृद्धि तक ले जा सकते हैं**



*एफडीआई में तेज गिरावट रही : एफडीआ और पोर्टफोलियो निवेश में तेज गिरावट पर सुब्रमण्यम ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आक्रामक मौद्रिक सख्ती से सभी उभरते बाजारों से पूंजी डॉलर परिसंपत्तियों की ओर चली गई।*

### भारत को चैटजीपीटी बनाने की जरूरत नहीं

सुब्रमण्यम ने कहा, ''भारत को अगला चैटजीपीटी बनाने की जरूरत नहीं है। भारत को स्वास्थ्य, शिक्षा, विनिर्माण, एमएसएमई और सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक प्रशासन एवं नियमन में एआई का दुनिया का सबसे प्रभावी उपयोगकर्ता बनना चाहिए। एआई का तेज और व्यापक इस्तेमाल ही उत्पादकता वृद्धि तय करेगा। भारत को यही दौड़ जीतनी है।''

### एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाया

इस महीने की शुरुआत में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका के चलते चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया था। कृत्रिम मेधा (एआई) के बारे में सुब्रमण्यम ने ओपन-सोर्स फ्रंटियर मॉडल को रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बदलाव बताया।

### सुब्रमण्यम भारत के 17वें आर्थिक सलाहकार रहे

2018 से 2021 तक भारत के 17वें मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे और बाद में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में कार्यकारी निदेशक रहे सुब्रमण्यम हाल में शिकागो विश्वविद्यालय के 85 वर्षीय इतिहास में 'एलुमनाई अवॉर्ड फॉर प्रोफेशनल अचीवमेंट' पाने वाले पहले भारतीय अर्थशास्त्री बने हैं। यह सम्मान पहले कम से कम 12 नोबेल पुरस्कार विजेताओं और अन्य प्रतिष्ठित वैश्विक हस्तियों को दिया जा चुका है।

### भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है

प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत की व्यापक आर्थिक बुनियाद मजबूत है और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से निकट अवधि में अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। उन्होंने कहा, ..हमें सात प्रतिशत से नौ प्रतिशत वृद्धि तक पहुंचाने वाली अगली लहर भूमि, श्रम और पूंजी जैसे कारक बाजारों के साथ न्यायिक और नौकरशाही सुधारों की होगी, जो कारोबार करने और वित्तपोषण की लागत कम करें।''

# कच्चा तेल 90 डॉलर पार करने के बाद फिसला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- ईरान के विदेश मंत्री के बयान से कच्चे तेल में आई गिरावट
- यूएस ने युद्ध रोकने ईरान को दिए कई प्रपोजल

कच्चे तेल की कीमतें आज 20 जुलाई की सुबह 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई थीं, लेकिन दोपहर करीब 1:40 बजे इनमें अचानक गिरावट देखने को मिली है। अब कच्चे तेल का भाव 88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर क्रूड ऑयल की कीमतें अचानक क्यों फिसल गईं।


असल में, ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्री का बयान आया है कि यूएस युद्ध रोकने के लिए कई प्रपोजल मिले हैं। ईरान ने ये भी कहा है कि एमयूओ तभी सार्थक होगा जब पक्ष प्रतिबद्ध होंगे। साथ ही, यूएस वॉर क्राइन रोकने की भी ईरान हर कोशिश करेगा। ईरान के इस बयान के बाद ही कच्चे तेल में गिरावट आई है। इसी बीच बाजार में भी रिकवरी का मूड नजर आया है। मिडकैप और स्मॉलकैप में भी अच्छा रिकवरी देखी जा रही है। बता दें कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से आज कच्चे तेल की कीमतों में 2 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिली थी। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया था। सोमवार सुबह अमेरिका ने लगातार नौवें दिन हमले किए, जबकि ईरान भी मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सहयोगी देशों से जुड़े ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई करते हुए नजर आया।

### ब्याज दरों पर असर

पिछले हफ्ते के आखिर में 4 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी के बाद सोमवार को भी ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी बेंचमार्क डब्ल्यूटीआई की कीमतों में बढ़त देखने को मिली। ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गया, जो 11 जून के बाद इसका सबसे हाई लेवल था। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से अब महंगाई बढ़ने की चिंता फिर से बढ़ गई है। इससे दुनियाभर के सेंट्रल बैंक के लिए ब्याज दरें घटाना मुश्किल हो सकता है।

# बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 443 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- एचडीएफसी और एक्सिस बैंक में भारी बिकवाली
- खाड़ी युद्ध में तनाव बढ़ने से भी बाजार प्रभावित

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। मार्जिन संबंधी दबाव को लेकर एचडीएफसी और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली के साथ अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से बीएसई सेंसेक्स 443 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 96 अंक के नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.93 अंक टूटकर 77,708.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 783.16 अंक टूटकर 77,368.29 अंक पर आ गया था। निफ्टी 95.80 अंक टूटकर 24,238.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में, एक्सिस बैंक सबसे अधिक नुकसान में रहा। बीते शनिवार को तिमाही नतीजों के बाद इसमें 5.48 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक में 5.12 प्रतिशत की गिरावट आई। एचडीएफसी बैंक ने खासकर शुद्ध ब्याज मार्जिन के मोर्चे पर निराश किया है।''

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

मारुति, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और भारती एयरटेल शामिल हैं।

### निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इसका कारण यह है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों की अगुवाई में बिकवाली के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

# सोना 1,400 रुपए चढ़ा, चांदी में 1,000 रुपए की गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- सोना बढ़कर 1.47 लाख रुपए प्रति दस ग्राम पहुंचा
- चांदी टूटकर 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई



मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,400 रुपये की तेजी आई और यह करीब 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,400 रुपये बढ़कर 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया जबकि शुक्रवार को यह 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। चांदी 1,000 रुपये टूटकर 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में 10 जुलाई के बाद से अब तक कुल 15,500 रुपये यानी करीब 6.5 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि पिछले सप्ताह की तेज गिरावट के बाद सोने में निचले स्तर पर खरीदारी देखने को मिली, जिससे इसकी कीमतों को सहारा मिला। वहीं, चांदी में बिकवाली का दबाव बना रहा, क्योंकि निवेशक भू-राजनीतिक जोखिमों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को ऊंचे स्तर पर बनाए रखने की संभावनाओं का आकलन कर रहे हैं।

*वैश्विक बाजार में सराफा रहा तेज*

*अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ करीब 4,020 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब दो प्रतिशत चढ़कर 57 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गई। कोटक सिक्योरिटीज की सहायक उपाध्यक्ष (जिंस अनुसंधान) कायनात चैनवाला ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव के बीच मध्यस्थता के प्रयास जारी रहने से बाजार पर असर पड़ा है।*

## बिजनेस साइट

### एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 7,114 करोड़ रुपए रहा

**रायपुर।** एक्सिस बैंक का वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही शुद्ध मुनाफा 7,114 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 23 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने मार्केट शेयर में मजबूत बढ़त हासिल की है। इसमें डिपॉजिट सालाना 18 प्रतिशत और एडवांसेज सालाना 19 प्रतिशत बढ़े हैं। यह बढ़त बेहतर ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस और स्थिर एसेट क्वालिटी की वजह से हुई है। नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई) 8 प्रतिशत बढ़कर 14,646 करोड़ रुपए हो गई, जबकि कोर ऑपरेटिंग प्रॉफिट 10 फीसदी (सालाना) और 5 प्रतिशत (तिमाही-दर-तिमाही) बढ़कर 11,122 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने डिपॉजिट और एडवांस दोनों में मार्केट शेयर बढ़ाया है। डिपॉजिट में 18 प्रतिशत और एडवांस में 19 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी हुई। इससे बैलेंस शीट 20 फीसदी बढ़कर 19,21,966 करोड़ रुपए हो गई।

# जून में नौ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर बढ़कर पांच प्रतिशत पर

- सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क उत्पादन में रही बढ़ोतरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश के नौ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि जून महीने में बढ़कर पांच महीने के उच्च स्तर पांच प्रतिशत पर पहुंच गई। यह तेजी मुख्य रूप से सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क के उत्पादन में बढ़ोतरी से आई। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

जून, 2025 में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 1.1 प्रतिशत थी, जबकि मई, 2026 में यह 3.2 प्रतिशत रही थी। सरकार ने इस बार नए आधार वर्ष 2022-23 के साथ आंकड़े जारी किए हैं, जो 2011-12 के पुराने आधार वर्ष की जगह लेता है। संशोधित श्रृंखला में लौह अयस्क को भी जोड़ा गया है, जिससे बुनियादी उद्योगों की संख्या आठ से बढ़कर नौ हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जून में कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई।

## एलएंडटी को धातु एवं खनन क्षेत्र में मिला बड़ा ठेका



**नई दिल्ली।** अवसंरचना क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों समेत देश की प्रमुख धातु एवं खनन कंपनियों से कई ठेके मिले हैं। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसकी धातु एवं खनिज (एमएंडएम) कारोबार इकाई को मिले इन बड़े ठेकों का मूल्य 10,000 करोड़ रुपये से 15,000 करोड़ रुपये के बीच है। बयान के अनुसार, कंपनी को पहला ठेका सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी से मिला है। यह लौह अयस्क उत्पादक कंपनी वर्ष 2030 तक अपनी लौह अयस्क उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 10 करोड़ टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) करने के लिए विस्तार कर रही है।

## न्यू जर्सी और टेक्सास में काम करने वाले कर्मचारियों को किया प्रभावित

# सैमसंग में बड़ी छंटनी की खबर! सैकड़ों कर्मचारियों की नौकरी गई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अमेरिका में अपने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस से जुड़े कई कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी ने मुख्य रूप से न्यू जर्सी और टेक्सास में काम करने वाले कर्मचारियों को प्रभावित किया है।

- न्यू जर्सी में करीब 739 पद प्रभावित हुए, टेक्सास में 100 पद गए

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब सैमसंग अपने अमेरिकी मुख्यालय को न्यू जर्सी से टेक्सास शिफ्ट कर रही है। इस बदलाव के तहत कई कर्मचारियों को नई जगह पर काम करने का विकल्प दिया गया है, जबकि जो कर्मचारी स्थानांतरण के लिए तैयार नहीं थे या जिनकी भूमिका अब जरूरी नहीं रही, उन्हें नौकरी छोड़नी पड़ी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग के न्यू जर्सी स्थित कार्यालय में करीब 739 पद प्रभावित हुए हैं।

### मुख्यालय को स्थानांतरित करने के उद्देश्य से छंटनी

*सैमसंग ने अपने बयान में कहा कि मुख्यालय को टेक्सास स्थानांतरित करने का उद्देश्य अलग-अलग टीमों को एक जगह लाकर बेहतर सहयोग बढ़ाना और तेजी से विकसित हो रहे एआई तथा टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम का लाभ उठाना है। कंपनी का कहना है कि फिलहाल उसके कंज्यूमर प्रोडक्ट बिजनेस में किसी तरह का वैश्विक स्तर का बड़े पैमाने पर पुनर्गठन नहीं किया जा रहा है।*




*मोबाइल कारोबार पहली बार घाटे में जा सकता है : दूसरी ओर मोबाइल फोन, टीवी और होम अप्लायंसेज जैसे कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस पर दबाव बढ़ गया है। एआई चिप्स की लागत बढ़ने से इन उत्पादों की लागत भी बढ़ी है, जबकि एप्पल, टीसीएल और हाइसेंस जैसी कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैमसंग का मोबाइल कारोबार पहली बार घाटे में जा सकता है।*

### मोबाइल डिविजन के कर्मचारी शामिल

कंपनी का कहना है कि इनमें से अधिकांश कर्मचारियों को टेक्सास में स्थानांतरित होने का प्रस्ताव दिया गया है। वहीं, टेक्सास के प्लानो कार्यालय में भी लगभग 100 कर्मचारियों, जिनमें मोबाइल डिवीजन के कर्मचारी भी शामिल हैं, को नौकरी से निकाल दिया गया है।

### चिप प्लांट से कमाया रिकॉर्ड मुनाफा

दरअसल, सैमसंग इस समय दो अलग-अलग परिस्थितियों का सामना कर रही है। एक ओर कंपनी का चिप बिजनेस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती मांग की वजह से रिकॉर्ड मुनाफा कमा रहा है। कंपनी ने हाल ही में नए चिप प्लांट लगाने के लिए अरबों डॉलर के निवेश की भी घोषणा की है।

### कई वैश्विक कंपनियां कर चुकी है छंटनी

टेक इंडस्ट्री में यह पहली बड़ी छंटनी नहीं है। पिछले कुछ महीनों में माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, मेटा, टेस्ला और ओराकेल जैसी कई वैश्विक कंपनियां भी कर्मचारियों की संख्या कम कर चुकी हैं। अधिकांश कंपनियां रेगुलर कारोबार से निवेश हटाकर एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और नई तकनीकों पर ज्यादा खर्च कर रही हैं। सैमसंग भी इसी रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है।

### इलेवन समूह 4,700 करोड़ रुपए का करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य, बिजली समेत विभिन्न कारोबार क्षेत्रों से जुड़े समूह 'इलेवन' ने सोमवार को कहा कि वह हरियाणा के गुरुग्राम और नूंह जिलों में नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित बिजली वितरण नेटवर्क बनाने के लिए 4,700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना बना रहा है। पहले चरण के लिए वित्त पोषण व्यवस्था की जा चुकी है। इसमें इक्विटी और कर्ज का मिश्रण होगा। 'इलेवन', गुरुग्राम में नया, नवीकरणीय ऊर्जा आधारित बिजली वितरण नेटवर्क बनाने के लिए 4,700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा।








# लगातार दूसरी बार एमबाप्पे के नाम गोल्डन बूट, रौड्री सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



## स्पेन के गोलकीपर युनाइ सिमोन ने जीता 'गोल्डन ग्लव' पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ ईस्ट रदरफोर्ड

फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे लगातार दो विश्व कप में 'गोल्डन बूट' जीतने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बन गए और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 'गोल्डन बॉल' पुरस्कार लियोनेल मेस्सी को नहीं बल्कि स्पेन के कप्तान रौड्री को मिला।

स्पेन ने अर्जेंटीना का लगातार दूसरा विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा और उसके कप्तान रौड्री ने मेस्सी को व्यक्तिगत पुरस्कार से भी वंचित कर दिया। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का 'गोल्डन ग्लव' पुरस्कार टूर्नामेंट में महज एक गोल गंवाने वाले स्पेन के युनाइ सिमोन ने जीता जबकि स्पेन के ही पाउ कुबारासी ने अपनी ही टीम के लामिन यमाल को पछाड़कर सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। फाइनल में अर्जेंटीना को स्पेन ने एक गोल से हरा दिया और लियोनेल मेस्सी एक भी गोल नहीं कर सके।


स्पेन कप्तान रौड्री

### स्पेन के कप्तान रौड्री ने जीता गोल्डन बॉल का खिताब

मेस्सी को रिकॉर्ड तीसरी बार 'गोल्डन बॉल' मिलने की उम्मीद थी, जो दो बार यह पुरस्कार जीत चुके हैं। 39 वर्ष की उम्र में लगातार दूसरी बार अर्जेंटीना को फाइनल तक ले जाने के कारण उनका दावा मजबूत भी था लेकिन स्पेन को 2010 के बाद दूसरा खिताब दिलाने वाले कप्तान रौड्री को चुना गया। मैनचेस्टर सिटी के मिडफील्डर रौड्री ने टूर्नामेंट में कोई गोल नहीं किया लेकिन मिडफील्ड में पासिंग और गेंद पर नियंत्रण के कारण स्पेन की जीत के सूत्रधार रहे। वह युएफा चैंपियंस लीग, बलोन डिओर और विश्व कप जीतने वाले 11वें पुरुष खिलाड़ी बने।

### वर्ल्ड कप के बेहतरीन रिकॉर्ड

- हैट्रिक मारने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी मेसी
- नॉकआउट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने एम्बाप्पे
- लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बनी स्पेन
- स्पेन, एक सीजन में सबसे कम गोल खाने वाली टीम
- एम्बाप्पे के वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत गोल
- 6 विश्व कप में गोल करने वाले इकलौते खिलाड़ी बने रोनाल्डो
- ग्रुप स्टेज में सबसे ज्यादा हुए 215 गोल
- स्पेन टीम के लुइस डे ला फुएंते सबसे उम्रदराज मैनेजर
- एक संस्करण में हुए सबसे ज्यादा 308 गोल
- एम्बाप्पे बने लगातार दो गोल्डन बूट जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी
- 78 वर्षीय कोच डिक ऐडवोकाट बने सबसे उम्रदराज कोच
- मेसी और रोनाल्डो बने सबसे ज्यादा विश्व कप खेलने वाले खिलाड़ी
- केप वर्डे बना विश्व कप खेलने वाला सबसे छोटा देश

## अर्जेंटीना के गोलकीपर मार्टिनेज ने बनाया रिकॉर्ड

अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने अपने साथियों की अधीरता के विपरीत बेहद धैर्य से काम लिया और यही वजह थी कि वह स्पेन के खिलाफ विश्व कप के फाइनल में 11 बचाव करने में सफल रहे, जो टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले का नया रिकॉर्ड है। लेकिन आखिर में एक मौके पर उनकी भी नहीं चल पाई और स्पेन ने इस मौके का फायदा उठाकर दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। लेकिन अगर 2022 विश्व कप विजेता गोलकीपर मार्टिनेज ने प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं किया होता तो हार का अंतर इससे ज्यादा होता। उन्होंने अपने लंबे कद का अच्छा इस्तेमाल करके रिकॉर्ड 11 बचाव किए। स्पेन लगातार हमला करता रहा, लगातार शॉट मारता रहा और आखिरकार एक गोल करके बढ़त बना ली, जिससे स्टेडियम में जोरदार जश्न का माहौल छा गया। स्पेन के प्रशंसक नाचने लगे, एक-दूसरे को गले लगाने लगे और ताजपोशी से पहले झंडा लहराने लगे।



## फीफा प्रमुख इन्फेंटिनो ने तय की 60 हजार मील की दूरी

**न्यूयॉर्क।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने समाप्त हुए विश्व कप के दौरान लगभग 60 हजार मील की दूरी तय की और इस दौरान लगभग 115 घंटे विमान में बिताए। इन्फेंटिनो ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेले गए विश्व कप के दौरान तीन देशों के 16 शहरों का दौरा किया। उनकी यह यात्रा आखिर में अर्जेंटीना और स्पेन के बीच न्यू जर्सी में खेले गए फाइनल मुकाबले के साथ समाप्त हुई। इन्फेंटिनो ने टूर्नामेंट के दौरान विश्व कप के 44 मैच देखे। उन्होंने विश्व कप के सभी 16 स्टेडियमों में कम से कम एक मैच जरूर देखा। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में उन्होंने सर्वाधिक पांच मैच देखे। फीफा प्रमुख ने 13 दिन दो-दो मैच देखे और वह भी ऐसे स्टेडियमों में, जो सैकड़ों मील दूर स्थित थे। इस बीच उनके विमान ने 21 हवाई अड्डों से उड़ान भरी या उनमें उतरा। सेमीफाइनल तक उनके विमान ने 23 बार अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार की। इन्फेंटिनो ने इस दौरान केवल मैच देखने के लिए एक शहर से दूसरे शहर जाने में 59,281 मील (95,403 किलोमीटर) की दूरी तय की। इनमें से 26 जून को 5,772 मील (9,289 किलोमीटर) तय की गई दूरी भी शामिल है। इसकी शुरुआत मियामी से डलास की सुबह की उड़ान से हुई। वहां से विमान सिएटल गया जहां इन्फेंटिनो ने मिस्र और ईरान का मैच देखा। उनका विमान उसी रात सिएटल से रवाना हुआ और अगली सुबह मियामी पहुंचा। इन्फेंटिनो ने वहां कोलंबिया और पुर्तगाल का मैच देखा।



### आखिरी मैच में बेनूर रहे मेस्सी

मेटलाइफ स्टेडियम में बैठे उनके समर्थकों के अलावा दुनिया के कोने-कोने में देर रात टीवी के आगे नजरें गड़ाए बैठे करोड़ों प्रशंसकों की जुबां पर एक ही नाम था ..लियोनेल मेस्सी लेकिन विश्व कप में सुनहरे सफर के आखिरी पड़ाव पर उनका चहेता यह सितारा बेनूर हो गया। खेल के 106वें मिनट में फेरान टोरेस के गोल के दम पर स्पेन ने अर्जेंटीना को हराकर खिताब जीता। दक्षिण अमेरिकी धुरंधर से छिनकर यूरोपीय दिग्गज ने विश्व फुटबॉल की बादशाहत पर कब्जा कर लिया। मेस्सी लगातार दूसरी बार चैंपियन नहीं बन सके। आखिरी सीटी बजने पर उनकी आंखों में नमी और चेहरे पर निराशा को सभी ने देखा।



# नाथन स्मिथ ने जीता प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

## शुभमन गिल और ऑलराउंडर मोसाद्देक को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶ दुबई

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुने गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी। कीवी खिलाड़ी ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल और बांग्लादेशी ऑलराउंडर मोसाद्देक हुसैन जैसे दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया है। 27 वर्षीय स्मिथ ने इंग्लैंड में खेली गई 3 मुकाबलों की टेस्ट सीरीज में 23 की औसत से सर्वाधिक 16 विकेट चटकाए थे।



### जीत में योगदान देना बहुत संतोषजनक रहा : स्मिथ

नाथन स्मिथ ने कहा, यह वाकई बहुत खास है। टीम के लिए इंग्लैंड का दौरा शानदार रहा और यह बहुत अच्छी बात है। मैं आमतौर पर व्यक्तिगत अवॉर्ड के लिए नहीं खेलता, लेकिन यह पहचान मिलना अच्छा लगता है और इससे भी जरूरी बात यह है कि मैंने सीरीज जीतने में योगदान दिया। व्यक्तिगत रूप से, जीत में योगदान देना बहुत संतोषजनक रहा।



### डैनी वायट-हॉज ने जीता विमेंस 'प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड

इंग्लैंड की ओपनर डैनी वायट-हॉज को जून के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड का विजेता चुना गया है, जिन्होंने 'आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप' में शानदार प्रदर्शन किया था। डैनी ने स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्राइस और भारत की लेफ्ट-आर्म स्पिनर श्रीचरणी को पछाड़कर यह अवॉर्ड अपने नाम किया है। इससे पहले नवंबर 2024 में भी डैनी इस खिताब को अपने नाम कर चुकी थीं।

# दलीप ट्रॉफी : गायकवाड़ संभालेंगे वेस्ट जोन की कमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ को आगामी दलीप ट्रॉफी के लिए वेस्ट जोन टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर शम्स मुलानी को उप-कप्तानी सौंपी गई है। यह टीम जोनल सिलेक्शन कमिटी की बैठक के बाद घोषित की गई। दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट 23 अगस्त से 10 सितंबर तक बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ग्राउंड्स पर खेला जाएगा। पिछले साल, भारत के सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने वेस्ट जोन की कमान संभाली थी। टीम सेमीफाइनल तक तो पहुंची, लेकिन इससे आगे नहीं बढ़ सकी, क्योंकि सेंट्रल जोन ने पहली पारी में बढ़त हासिल कर ली थी। अब, आगामी टूर्नामेंट के लिए कप्तानी की जिम्मा गायकवाड़ को सौंप दिया गया है।

**टूर्नामेंट 23 अगस्त से 10 सितंबर तक बेंगलुरु में खेला जाएगा**



### देसाई और पटेल स्पेशलिस्ट विकेटकीपर

वेस्ट जोन के खेमे में हार्विक देसाई और उर्विल पटेल के रूप में दो स्पेशलिस्ट विकेटकीपर को शामिल किया गया है। गायकवाड़ के अलावा, पृथ्वी शॉ और खान बंधु (सरफराज और मुशीर) भी टीम में हैं। स्पिन बॉलिंग की जिम्मेदारी उप-कप्तान मुलानी, ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर तनुष कोटियान और बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई को सौंपी गई है। तेज गेंदबाजी विभाग में ठाकुर के साथ-साथ तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी और ऑलराउंडर अतीत सेठ शामिल हैं।

### जापान के युशी तनाका से भिड़ेंगे लक्ष्य सेन

पुरुष एकल में भारत की चुनौती का जिम्मा लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और अनुभवी एचएस प्रणय संभालेंगे। लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में जापान के युशी तनाका से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी का सामना इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से होगा, प्रणय पहले दौर में मलेशिया के लिओंग जुन हाओ से खेलेंगे। मिश्रित युगल में भारत की उम्मीदें तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी पर टिकी होंगी, जिनका पहले दौर में चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी गुओ शिन वा और चेन फांग हुई से मुकाबला होगा।

# वनडे सीरीज : न्यूजीलैंड की वेस्टइंडीज पर रोमांचक जीत, श्रृंखला की अपने नाम

एजेंसी ▶▶ ब्रिजटाउन

मार्क चैपमैन ने 80 रन बनाए और मिचेल सैंटनर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ अच्छा तालमेल बिठाया, जिससे न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज पर 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैंड को जब तीन रन की जरूरत थी और एक विकेट हाथ में था, तभी सैंटनर को जीवनदान मिला। अंतिम बल्लेबाज जेडन लेनोक्स विकेटकीपर के हाथों कैच आउट और एलबीडब्ल्यू के लिए 'रिव्यू' से बचे। इसके बाद न्यूजीलैंड ने 35 गेंदें शेष रहते वेस्टइंडीज के 188 (सभी आउट) के स्कोर को 9 विकेट खोकर पार कर दिया। न्यूजीलैंड के कप्तान सैंटनर ने 45वें ओवर की पहली गेंद पर विजयी रन बनाया। वह 34 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे वेस्टइंडीज की सीरीज बराबर करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया।



FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.
**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.**
RC/389/2019 17.06.2026
PUNJAB NATIONAL BANK
Versus
ALL INDIA POWER SERVICE COMPANY
To,
(CD1) ALL INDIA POWER SERVICE COMPANY
A64 SURYA APARTMENT KATORA TALAB RAIPUR (C.G.)-492001
(CD2) VINOD KUMAR AGRAMODI
A 404 DAIMOND TOWER ASHOKA RATAN VIDHANSABHA ROAD RAIPUR, (C.G.)-492001
Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 15/05/2019 in OA/1067/2018 to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of Rs 1695354.00 (Rupees Sixteen Lakhs Ninety Five Thousands Three Hundred Fifty Four Only) along with pendentellite and future interest @ 12.00% Simple Interest Yearly w.e.f. 29/08/2018 till realization and costs of Rs 19000 (Rupees Nineteen Thousands Only), and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.
2. You are hereby informed that the 21/08/2026 at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.
**Specification of property**
Part of Khasra No.-197/4, area admeasuring 2083 sq.ft., PH No.-119/50, Diverted No.-803,Bhag-2, RNM Raipur situated at Village-Sezbahar, Tehsil & District-Raipur (C.G.); belonging to CD No.2, i.e Vinod Kumar Agramodi S/o Shri Bhagirath Prasad Agrawal.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 17/06/2026.
SEAL Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

## आज से चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सिंधू के कंधों पर भारतीय चुनौती, सात्विक-चिराग बाहर

एजेंसी ▶▶ चांग्झू

स्टार शटलर पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी लेकिन पुरुष युगल की शीर्ष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी कंधे की चोट से उबर रहे सात्विक के कारण इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगी। भारतीय टीम बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर पिछले सप्ताह के शानदार प्रदर्शन की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। सिंधू लगभग दो वर्ष बाद जापान ओपन का खिताब जीतकर बेहतरीन लय में चीन पहुंची हैं।



### सिंधू और उन्नति में होगा मुकाबला

सिंधू अपने अभियान की शुरुआत हमवतन उन्नति हुड्डा के खिलाफ करेंगी। दूसरे दौर में उनका सामना चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से हो सकता है। महिला एकल में भारत की अन्य खिलाड़ी देविका सिहाग अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे की जोड़ी का सामना पहले दौर में शीर्ष वरीय चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से होगा। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एम.आर. अर्जुन की जोड़ी अपने पहले मुकाबले में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से भिड़ेगी।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक** तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा
ब्लॉक बी-1, पुजारी चेंबर, पचपेड़ी नाका, रायपुर, फोन- 8889375554, 8458805424

**नियम 8(1) कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर उसमे उल्लिखेत राशी और उस पर लगने वाले ब्याज अदा करने जारी किया गया। उधारकर्ता द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा उधारकर्ता/जमानतदार को एवं जनसामान्य को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि और उस पर लगने वाले ब्याज एवं अन्य प्रभार के लिये भारतीय स्टेट बैंक की संबधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा (मांग नोटिस दिनांक के बाद जमा की गई राशि, यदि कोई हो, को समायोजित करके)। ***उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचन (redeem) कराने के संबंध में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।***

| क्र. | उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना / कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता- श्री सुखरंजन उसेंडी** पिता श्री महंगूराम उसेंडी एवं **मेसर्स गोंडवाना ग्रीन ग्लोबल प्लांटेशन एंड नर्सरी (प्रोप.- श्री सुखरंजन उसेंडी** पिता श्री महंगूराम उसेंडी) | 23.04.2025 / 18.07.2026 | रू. 46,75,674.00 दि. 22.04.25 को + ब्याज एवं अन्य शुल्क दि. 23.04.25 से प्रभावी | संपत्ति का स्वामित्व: श्री सुखरंजन उसेन्डी पिता श्री महंगूराम उसेन्डी। संपत्ति का समस्त भू-भाग परिवर्तित भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर 499/1 (म्यूटेशन के बाद खसरा नंबर 499/14), ग्राम - पखांजूर, प.ह नंबर 08, आरएनएम एवं तहसील - पखांजूर, ज़िला - उत्तर बस्तर, कांकेर (छ.ग), क्षेत्रफल - 0.032 हेक्टेयर सेल डीड दिनांक 29/08/2018, पुस्तक क्रमांक 1, ग्रंथ क्रमांक 618, संख्या क्रमांक ए1/147, पृष्ठ क्रमांक 1 से 18 तक। सीमाएँ (टाइटल डीड के अनुसार):- उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: गली रोड, पूर्व: रघुनाथ पिता रामू की कृषि भूमि, पश्चिम: अरुण पिता अनंत बघेल की भूमि। |

**यह सूचना अंग्रेजी भाषा में भी प्रकाशित की जा रही है। व्याख्या के किसी भी मामले में अंग्रेजी संस्करण अंतिम होगा।**

दिनांक: 18.07.2026, स्थान- पखांजूर
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, सार्ब, रायपुर




# दुनिया का इकलौता आइलैंड, जिसका हर छह महीने में बदल जाता है देश

मैड्रिड/पेरिस। दुनिया भर में दो देशों के बीच सीमाओं और जमीनी हिस्सों को लेकर जंग, तनाव और खून-खराबे की खबरें तो आम हैं। भारत-पाकिस्तान से लेकर दुनिया के कई देशों के बीच सीमा विवाद दशकों से चल रहे हैं। लेकिन, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि इस दुनिया में एक ऐसा भी आइलैंड है, जिसे लेकर दो शक्तिशाली देशों के बीच कोई विवाद नहीं है, बल्कि दोनों देश बेहद प्यार और मर्जी से हर छह महीने में इसे एक-दूसरे को सौंप देते हैं? सुनकर हैरानी होगी, लेकिन फीजंट आइलैंड को लेकर ऐसा ही होता आ रहा है। यह दुनिया का इकलौता ऐसा अनोखा टापू है, जो साल के छह महीने फ्रांस के हिस्से में रहता है और बाकी के छह महीने स्पेन का हिस्सा बन जाता है।



## क्या होता है कंडोमिनियम?

कंडोमिनियम एक ऐसा इलाका होता है जहां दो या दो से अधिक देश बिना अपनी राष्ट्रीय सीमाएं तय किए, बराबर का अधिकार और संप्रभुता रखते हैं, जैसे कि अंटार्कटिका। लेकिन, फीजंट आइलैंड की बात सबसे जुदा है, क्योंकि यहां दोनों देश एक साथ शासन नहीं करते, बल्कि बारी-बारी से शासन संभालते हैं। 1 फरवरी से 31 जुलाई तक यह टापू आधिकारिक तौर पर स्पेन के नियंत्रण में रहता है और फिर 1 अगस्त से 31 जनवरी तक इस पर फ्रांस का झंडा लहराता है। फिलहाल स्पेन के नियंत्रण वाला यह आइलैंड आने वाले 1 अगस्त को अपना देश बदलकर फ्रांस के पास चला जाएगा। हर छह महीने में दोनों देशों के बड़े अधिकारी इस टापू पर एक छोटी सी सीक्रेट मीटिंग और पारंपरिक समारोह करते हैं, जहां दस्तावेजों का आदान-प्रदान होता है और टापू की चाबी दूसरे देश को सौंप दी जाती है।

## बिदासोआ नदी के बीचों-बीच है स्थित

बता दें कि यह छोटा सा आइलैंड अटलांटिक महासागर में गिरने वाली बिदासोआ नदी के बीचों-बीच स्थित है, जो फ्रांस और स्पेन के बीच एक प्राकृतिक सीमा बनाती है। इतिहास के पन्नों को पलटें तो साल 1659 में इसी टापू पर फ्रांस और स्पेन के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की थी और ट्रीटी ऑफ द पाइरेनीज नाम की एक ऐतिहासिक संधि पर दस्तखत किए थे, जिसने दोनों देशों के बीच चले आ रहे तीस साल के लंबे युद्ध को हमेशा के लिए खत्म कर दिया था। इस संधि के तहत तय हुआ कि सीमा नदी के बिल्कुल बीच से गुजरेगी। नियम के मुताबिक तो इस 1.6 एकड़ के छोटे से टापू के दो टुकड़े होने चाहिए थे, जिसमें आधा फ्रांस का और आधा स्पेन का हक होता। लेकिन, दोनों देशों ने एक अनोखा और शांतिपूर्ण रास्ता चुना और इस आइलैंड को एक 'कंडोमिनियम' (सह-प्रभुत्व वाला क्षेत्र) घोषित कर दिया।



## वीरान टापू पर आम पर्यटकों और इंसानों के जाने पर पाबंदी

इस संधि से पहले भी यह टापू दोनों देशों के राजाओं के लिए एक बेहद सुरक्षित और तटस्थ जगह हुआ करता था, जहां कैदियों की अदला-बदली और शाही शादियों के लिए मुलाकातों का आयोजन होता था। इसी टापू पर फ्रांस के राजा लुई XIII ने अपनी स्पेनिश दुल्हन एना ऑफ ऑस्ट्रिया से मुलाकात की थी, जबकि इसी समय उनके भाई फिलिप IV ने अपनी फ्रांसीसी दुल्हन एलिजाबेथ से पहली बार आंखें चार की थीं। आज के समय में इस वीरान टापू पर आम पर्यटकों और इंसानों के जाने पर पूरी तरह से पाबंदी लगी हुई है। हालांकि, स्पेन के इरुन शहर से इसकी दूरी महज 100 फीट और फ्रांस के हेंडाये इलाके से केवल 150 फीट है, जिससे लोग नदी के किनारे खड़े होकर इस ऐतिहासिक और चमत्कारी 'पिंग-पॉन्ग' टापू का दीदार आसानी से कर सकते हैं।

भारत की जादुई ट्रेन

# 88 स्टॉपेज और 9 राज्यों का तय करती है सफर

**नई दिल्ली।** भारत में रोजाना चलने वाली सबसे लंबी रेल यात्राओं में से एक मानी जाने वाली अवध-असम एक्सप्रेस अपने अनोखे सफर के लिए जानी जाती है। ट्रेन नंबर 15909/15910 के साथ चलने वाली यह एक्सप्रेस असम के डिब्रगढ़ से निकलकर राजस्थान के लालगढ़ तक जाती है। इस दौरान यह करीब 3100 किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तय करती है और पूरे रास्ते में 88 स्टेशनों पर रुकती है, जो इसे बाकी ट्रेनों से अलग बनाता है। यह लंबा सफर इतना बड़ा है कि ट्रेन को अपने अंतिम स्टेशन तक पहुंचने में करीब चार दिन लग जाते हैं। इसी वजह से इसके संचालन के लिए कुल सात ट्रेन सेट लगाए जाते हैं। दोनों दिशाओं में तीन-तीन ट्रेनें लगातार चलती हैं, जबकि एक सेट अतिरिक्त रखा जाता है, ताकि सेवा बिना रुके जारी रह सके। इस ट्रेन की खासियत सिर्फ दूरी या समय नहीं, बल्कि इसका रूट भी है। अवध-असम एक्सप्रेस कुल 9 राज्यों से होकर गुजरती है। असम, नागालैंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान. इतने बड़े हिस्से को जोड़ने वाली यह ट्रेन देश के अलग-अलग संस्कृतियों और इलाकों को एक धागे में पिरोती है।

**इस सबसे लंबे रूट ने बनाया नया रिकॉर्ड!**



## अवध-असम एक्सप्रेस को कहा जाता है 'जादुई ट्रेन'

इसके 88 स्टॉपेज भी इसे खास बनाते हैं। हर स्टेशन पर ट्रेन आमतौर पर 2 से 5 मिनट तक रुकती है। अगर कुल समय जोड़ा जाए, तो सफर के दौरान लगभग साढ़े चार घंटे से ज्यादा समय सिर्फ स्टेशनों पर रुकने में ही निकल जाता है। यही वजह है कि अवध-असम एक्सप्रेस को अक्सर 'जादुई ट्रेन' कहा जाता है। क्योंकि, इसका सफर सिर्फ दूरी तय करना नहीं, बल्कि पूरे भारत को एक साथ जोड़ने का अनुभव देता है।

# गर्भ में हो जाती है गड़बड़ी, कान की जगह सिर में उग आते हैं पैर

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर समय-समय पर गायों की विचित्र तस्वीरें वायरल हो जाती हैं। इन तस्वीरों में गाय के सिर पर कान की जगह एक्स्ट्रा पैर या अंग उगा नजर आता है। लोग इन्हें दिव्य शक्ति या चमत्कार मानकर पूजा-अर्चना शुरू कर देते हैं। कुछ इन्हें मंदिर में स्थापित भी कर देते हैं। लेकिन, वैज्ञानिक और पशु चिकित्सकों के अनुसार यह कोई चमत्कार नहीं बल्कि सेफेलोमेट्री नाम की बेहद दुर्लभ जन्मजात विकृति है। सेफेलोमेट्री एक अत्यंत दुर्लभ आनुवंशिक कंडीशन है जिसमें पशु (खासकर गाय) के सिर पर अतिरिक्त अंग (ज्यादातर पैर) विकसित हो जाता है। यह गर्भावस्था के दौरान होता है जब जुड़वां भ्रूण पूरी तरह अलग नहीं हो पाते और एक आंशिक भ्रूण दूसरे में अवशोषित हो जाता है। परिणामस्वरूप एक्स्ट्रा अंग सिर या शरीर के किसी हिस्से पर उग आता है। यह कंडीशन लगभग दस लाख जन्मों में एक बार देखा जाता है। पशु चिकित्सा जगत में इसे जन्मजात विकृतियां माना जाता है। गर्भ में भ्रूण का विकास बहुत जटिल प्रक्रिया है। कभी-कभी कोशिकाओं का विभाजन ठीक से नहीं होता। जुड़वां गर्भ के दौरान अगर एक भ्रूण का विकास रुक जाए और वह दूसरे भ्रूण में मिल जाए तो उसके कुछ अंग बाकी भ्रूण पर विकसित हो सकते हैं।

**गायों के साथ होती है विचित्र घटना!**



## गाय पर क्या असर पड़ता है?

ज्यादातर मामलों में गाय सामान्य जीवन जी सकती है। अगर, एक्स्ट्रा पैर छोटा है और खाने-चरने में बाधा नहीं डालता तो कोई समस्या नहीं होती लेकिन अगर यह बड़ा हो या संक्रमण का खतरा हो तो पशु चिकित्सक सर्जरी का सुझाव देते हैं। कई मामलों में ऐसी गायों को पालना मुश्किल हो जाता है।

**अब टखने से पता चलेगा आपके ब्लड प्रेशर का हाल :** लंदन। एक्सेटर मेडिकल स्कूल विश्वविद्यालय के नए शोध ने 33,000 से ज्यादा लोगों के डेटा को एनालाइज किया, जिससे टखने की रीडिंग से हाथ के ब्लड प्रेशर को ज्यादा सटीक अनुमान लगाने के लिए मॉडल बनाया जा सके। शोधकर्ताओं की टीम ने हेल्थ प्रोफेशनल्स और मरीजों के लिए इन रीडिंग्स को प्रभावी ढंग से समझने के लिए एक ऑनलाइन कैलकुलेटर बनाया। हाई ब्लड प्रेशर ने दुनिया भर में 100 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रभावित कर रखा है।










ज्वालामुखी, बर्फ और रहस्य एक साथ आते हैं नजर

# प्रकृति का अद्भुत करिश्मा है यह हेवन लेक



**बीजिंग।** दुनिया में ऐसी कई जगहें हैं जो अपनी खूबसूरती के साथ-साथ रहस्यों के लिए भी मशहूर हैं। इन्हीं में से एक है हेवन लेक, जिसे चीन में तियांची कहा जाता है। यह झील चीन और उत्तर कोरिया की सीमा पर स्थित है और अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ वैज्ञानिकों और पर्यटकों, दोनों को अट्रैक्ट करती है। खास बात यह है कि यह कोई साधारण झील नहीं, बल्कि एक विशाल ज्वालामुखी के मुहाने पर बनी क्रेटर लेक है। हेवन लेक माउंट चांगबाईशान की चोटी पर करीब 7,200 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह ज्वालामुखी लाखों साल पहले हुए कई बड़े विस्फोटों के बाद बना था।

## प्राकृतिक बनावट सिर्फ नहीं है कारण

वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे भी पहले, करीब 70 हजार से 40 हजार साल पहले हुए एक प्राचीन विस्फोट के बाद इस पर्वत की चोटी पर पानी जमा होना शुरू हुआ था। धीरे-धीरे यहां एक विशाल झील का निर्माण हुआ। समय के साथ कई बार इसका जलस्तर घटा और बढ़ा। बारिश, बर्फ के पिघलने और अन्य प्राकृतिक प्रक्रियाओं ने इस झील को लगातार नया रूप दिया।

## सफेद चोटी वाला पहाड़

इस पर्वत का महत्व सिर्फ विज्ञान तक सीमित नहीं है। उत्तर कोरिया में इसे माउंट पेक्टू कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'सफेद चोटी वाला पहाड़'। वहीं, चीन में इसे चांगबाईशान कहा जाता है, जिसका मतलब है 'हमेशा सफेद रहने वाला पहाड़'। दोनों देशों की संस्कृति और इतिहास में इस पर्वत का खास स्थान है। यही वजह है कि अतीत में इस इलाके को लेकर चीन, उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच कई बार मतभेद भी सामने आए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com